वर्ष : 06 अंक : 295

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

बुधवार, 01 मई 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

# हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

**मजदूर दिवस की शुभकामनाएं**

'झारखंड दर्शन' प्रबंधन की ओर से श्रमिक समुदाय को बधाई। साथ ही मजदूरों की स्थिति बेहतर करने वालों के संघर्ष को नमन।

**अवकाश की सूचना**

मजदूर दिवस के अवसर पर एक मई को 'झारखंड दर्शन' का कार्यालय बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक तीन मई शुक्रवार को आपके हाथों में होगा। -संपादक

# छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में 3 महिला नक्सली सहित 10 मार गिराये

- सात नक्सलियों के शव व एके-47 व इंसास राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में मंगलवार सुबह हुई चार घंटे की मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर चलाए गए तलाशी अभियान में तीन महिला नक्सली समेत 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इसके साथ ही एके 47, इंसास राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद की बरामदगी हुई है। बस्तर आईजी सुददराज पी. ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के शव बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।

आज सुबह करीब छह बजे ग्राम टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में डीआरजी एवं एसटीएफ जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ जो लगभग चार घंटे चली। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर चलाए गए तलाशी अभियान में नक्सलियों के शव और हथियार मिले हैं।



इसस पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के ग्राम टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी है।

सूचना के आधार पर सोमवार देर रात डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम को सर्चिंग अभियान के लिए रवाना किया गया था। जवान मंगलवार की सुबह जब टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में पहुंचे तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्यवाही में तीन महिला नक्सली सहित कुल 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मारे गये 10 नक्सलियों के शव बरामद किये गये हैं, जिसकी शिनाख्त की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ : 16 इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण, कई पर था लाखों इनाम

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में व्यापक रूप से चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। मंगलवार को 16 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया जिनमें कई नक्सलियों पर लाखों का इनाम घोषित था।



जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 केरिपु 222वीं वाहिनी के संयुक्त प्रयासों तथा नक्सलियों के कोर इलाकों में कैप स्थापना के बाद मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने से नक्सल संगठनों में भगदड़ की स्थिति बन गई है। मंगलवार को बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222वीं बटालियन केरिपु विनोद मोहरिल, कमांडेंट कोबरा 202 अमित कुमार, कमांडेंट कोबरा 210 अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार के समक्ष 16 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत इन सभी को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी।

**एक नजर**

### दुमका में लू लगने से एक की मौत, दूसरा व्यक्ति इलाजरत

**दुमका।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में लू लगने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दूसरा मजदूर मूर्छित होकर सड़क पर गिरा पड़ा था। सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मृत मजदूर की शिनाख्त जरुवाडीह निवासी शिव कुमार मंडल के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार दोनों मजदूर जिला नियंत्रण कक्ष के निकट गिरे पड़े थे। स्थानीय लोगों की जब नजर दोनों पर पड़ी तो नगर थाना की पुलिस को सूचित किया। नगर थाना की गश्ती दल की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर पीजेएमसीएच में लेकर पहुंची लेकिन एक की मृत्यु हो चुकी थी।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 3 मई को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर आज सुनवाई अधूरी रही। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने 3 मई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उनके मामले को संजय सिंह के जैसा बताया। सिंघवी ने कहा कि दोनों में बिना बयान लिये गिरफ्तारी की गई। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा कि मामले में इतनी देर बाद केजरीवाल की गिरफ्तारी क्यों जरूरी लगी। कोर्ट ने ईडी से पूछा कि चुनाव से पहले गिरफ्तारी गलत बताने की दलील पर उसका क्या जवाब है। मनीष सिसोदिया मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष और विपक्ष में बातें दर्ज की थीं। उससे तुलना कर बताएं कि केजरीवाल का केस कहां ठहरता है।

## जैक ने इंटरमीडिए के तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम किए घोषित

# बेटियों ने फिर से लहराया परचम

- 40.78 प्रतिशत विद्यार्थी को मिला प्रथम और 55.71 प्रतिशत को द्वितीय स्थान
- कॉमर्स में 90.60, कला में 93.16 और साइंस में 72.72 प्रतिशत छात्र सफल

संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को इंटरमीडिए के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। कॉमर्स में 90.60 प्रतिशत, कला में 93.16 फीसदी, वोकेसनल में 83 और साइंस में 72.72 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। पहली बार है जब जैक ने तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम एक साथ जारी किए हैं।

शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता और जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने संयुक्त रूप इंटर बोर्ड का रिजल्ट जारी किए। शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने बताया कि परीक्षा पैटर्न में बदलाव होने की वजह से रिजल्ट में गिरावट आयी है। साथ ही बताया कि फिजिक्स और केमेस्ट्री में रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहा। इस साल 03 लाख 44 हजार परीक्षार्थी 12वीं बोर्ड की परीक्षा में बैठे थे। इनमें साइंस के 94,433, कॉमर्स के 25,907 और आर्ट्स के 2,24,502 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 72.70 फीसदी पास हुए हैं। छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट jacresults.com और jac.jharkhand.gov.in पर परिणाम देख सकते हैं।



**कॉमर्स में ये पांच जिले रहे टॉप पर**
लातेहार, कोडरमा, सिमडेगा, पाकुड़ और खूंटी

**साइंस में ये पांच जिले रहे टॉप पर**
कोडरमा, लातेहार, चतरा, जामताड़ा और हजारीबाग

**आर्ट्स में ये पांच जिले रहे टॉप पर**
सिमडेगा, खूंटी, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग

### जैक इंटर के टॉपर

**साइंस**
1. स्नेहा, उर्सलाइन, रांची
2. रीतिका कुमारी, हजारीबाग
3. पंकज कुमार साहू, सिसई

**आर्ट्स**
1. जीनत परवीन, रांची
2. बहमनी खान, खूंटी
3. दीपाली कुमारी, रांची

**कॉमर्स**
1. प्रतिभा साहा, उर्सलाइन इंटर, रांची
2. रिया कुमारी, उर्सलाइन इंटर कॉलेज, रांची
3. श्रृष्टि कुमारी, उर्सलाइन इंटर कॉलेज, रांची

### आर्ट्स में 93.7 फीसदी छात्र हुए उत्तीर्ण

आर्ट्स में 93.7 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें 83404 छात्र फर्स्ट डिवीजन हैं। आर्ट्स में कुल 02 लाख 24 हजार 502 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 02 लाख 06 हजार 685 छात्र ही परीक्षा में पास हुए। कॉमर्स में 90.06 प्रतिशत (23235) छात्र पास हुए हैं। 61 प्रतिशत परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। कॉमर्स में कुल 25907 स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 25644 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे।



### साइंस में 68,203 स्टूडेंट हुए उत्तीर्ण

साइंस में 94433 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 93,805 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 68,203 स्टूडेंट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिसमें 72.70 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से उतीर्ण हुए हैं। वोकेशनल में 508 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें केवल 493 छात्र ही परीक्षा में बैठे थे और 439 छात्र यानी 89.22 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं। साइंस में 72.2 फीसदी लड़के और 72.67 फीसदी लड़कियां उत्तीर्ण हैं। कॉमर्स में 93 प्रतिशत लड़कियां सफल हुई हैं। आर्ट्स में भी लड़कियां आगे रहीं।

## अमित शाह के वीडियो एडिटिंग करने के दो आरोपित गिरफ्तार

- पालनपुर-लीमखेड़ा की सभा की वीडियो वायरल करने का आरोप
- एक आरोपित कांग्रेस और दूसरा आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा का वीडियो एडिट कर वायरल करने के दो आरोपितों को साइबर क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपित कांग्रेस विधायक का पीए है, जबकि दूसरा आम आदमी पार्टी (आआपा) का कार्यकर्ता है। दोनों आरोपितों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार अमित शाह की पालनपुर और लीमखेड़ा में आयोजित जनसभा की वीडियो को गलत रूप से एडिट कर वायरल किया गया। इसमें आरक्षण के संबंध में गलत प्रचार किया गया। इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस ने सतीश वनसोला और आरबी बारिया नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित सतीश कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का पीए है, जबकि आरबी बारिया आआपा का कार्यकर्ता है।

साइबर क्राइम के डीसीबी लविना सिन्हा ने बताया कि अहमदाबाद सिटी पुलिस और साइबर क्राइम ब्रांच में एक सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल है। इसमें सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की जाती है।

गृह मंत्री की जो स्पीच थी, उसे गलत रूप से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। इसमें दो प्रोफाइल होल्डर सतीश वनसोला और राकेश बारिया ने अपने फेसबुक सोशल मीडिया हैंडल से इस एडिटेड वीडियो को वायरल किया। इसके तहत अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने 29 अप्रैल को एक प्राथमिकी धारा 153 ए, 171 जी, 469, 505 (2) के अनुसार दर्ज की थी। आरोपित सतीश मूल पालनपुर और दूसरा आरोपित राकेश दाहोद के लीमखेड़ा का निवासी बताया गया है। दोनों के फोन कब्जे में लेकर एफएसएल में भेजा जाएगा।

## नासिक में रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त

# छह की मौत, 17 घायल

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई-आगरा हाई-वे पर चांदवड़ के पास मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे रोडवेज बस का टायर फटने से हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 17 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को चांदवड़ के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी किरण भोसले के मुताबिक बस जलगांव से वसई के लिए निकली थी। इसी दौरान सुबह चांदवड़ में राहुट घाट के पास बस का टायर फट गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 17 लोग घायल हो गए। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ राहत एवं बचाव अभियान शुरू करते हुए सभी घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया।

## राष्ट्रपति रामलला का आज करेंगी दर्शन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन तथा पूजा अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रपति सबसे पहले श्री हनुमान गढी मंदिर में दर्शन करेंगी तथा आरती में शामिल होंगी। इसके बाद वह प्रभु श्री राम मंदिर और कुबेर टीला भी जायेंगी। राष्ट्रपति सरयू पूजन और आरती में भी हिस्सा लेंगी।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ प. बंगाल की जनता एकजुट : शाह

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में अपनी दूसरी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। शाह ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अयोध्या में राममंदिर उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं हुईं, क्योंकि उन्हें अपने घुसपैठिया वोटबैंक के नाराज होने का डर था। उन्हें खुश करने के लिए वह हिंदू आस्था का अपमान करती हैं।

अमित शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव यह तय करने वाला है कि लोग देश में परिवार राज चाहते हैं या रामराज्य। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और तृणमूल नेता राममंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए क्योंकि उन्हें डर था कि घुसपैठिए, जो उनकी पार्टी के वोटबैंक हैं, नाराज हो सकते हैं।



अमित शाह ने कहा, 'यह चुनाव यह तय करने के बारे में भी है कि क्या आप भतीजे (तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी) को बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में चाहते हैं या नरेन्द्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में चाहते हैं। ममता बनर्जी और उनका भतीजा भाजपा कार्यकर्ताओं पर जितना चाहें उतना अत्याचार कर सकते हैं, लेकिन तृणमूल की हार तय है। तृणमूल के तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के खिलाफ पश्चिम बंगाल की जनता एकजुट हो चुकी है। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल संदेशखाली के दोषियों को बचाना चाहती है, लेकिन भाजपा उन्हें दंडित करेगी।

**कार्यभार** | एडमिरल आर हरि कुमार सेवानिवृत्त, देश को मिला 26वां नौसेना प्रमुख

# वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने संभाला कार्यभार

- साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद निवर्तमान नौसेना प्रमुख से लिया चार्ज
- कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी से आशीर्वाद लिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मंगलवार को नई दिल्ली में देश के 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार से उन्होंने चार्ज लिया।

केंद्र सरकार ने 19 अप्रैल को वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगला अध्यक्ष नियुक्त किया था। वह वर्तमान में नौसेना में उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। देश के 25वें नौसेना प्रमुख के रूप में 30 नवंबर, 2021 को कार्यभार संभालने वाले एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल की दोपहर को सेवानिवृत्त हो गए। इसलिए वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने आज ही नए नेवी चीफ के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले उन्हें साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने परंपरा के अनुसार राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। नए भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी से आशीर्वाद लिया।



वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 01 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। नौसेना में अब तक उनकी लगभग 39 वर्षों की विशिष्ट सेवा रही है। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है। नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और नौसेना मेडल से नवाजा जा चुका है।

वाइस एडमिरल डीके त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है, जिनमें पश्चिमी बेड़े के संचालन अधिकारी, नौसेना संचालन निदेशक, नई दिल्ली में प्रधान निदेशक, नेटवर्क सेंट्रिक ऑपरेशंस और प्रधान निदेशक, नौसेना योजनाएं हैं। रियर एडमिरल के रूप में उन्होंने नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) और पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया है।

## भागलपुर में भीषण सड़क हादसा

# स्कॉर्पियो सवार छह बारातियों की मौत, तीन की हालत गंभीर

एजेंसी

**पटना।** बिहार में भागलपुर जिले के कहलगांव मुख्य मार्ग एनएच-80 पर सोमवार देररात घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर के पास सड़क दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार छह बारातियों की मौत हो गई। हादसे तीन लोग घायल हो गए। तीनों की हालत गंभीर है। घायलों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एनएच-80 का निर्माण कर रही एजेंसी की जेसीबी और अन्य संसाधनों से मलबा हटाकर लोगों को बाहर निकाला। इनमें छह की मौत हो चुकी थी। बाकी तीन लोग घायल मिले। घायलों ने स्थानीय लोगों को जो सूचना दी, उसके अनुसार बारात मुंगेर के हवेली खड़गपुर से पीरपैंती के खिदमतपुर जा रही थी।

पुलिस के मुताबिक तीन स्कॉर्पियो से बाराती भागलपुर से कहलगांव की ओर जा रहे थी। विपरीत दिशा से गिट्टी लदा हाईवा आ रहा था। इसी दौरान हाईवा अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पर पलट गया। बीच में चल रही स्कॉर्पियो पूरी तरह से हाईवा की जद में आ गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। घायल कैलाश ने बताया कि लगभग एक घंटे तक वो लोग मलबे में दबे रहे।

## एक नजर

### 4 मई को धर्मेन्द्र तिवारी करेंगे नामांकन

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रत्याशी धर्मेन्द्र तिवारी चार मई को नामांकन करेंगे। नामांकन के दौरान भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय सहित सैकड़ों की संख्या में भाजमो के कार्यकर्त्ता इसमें शामिल रहेगे।

### गुरुवार को सांसद संजय सेठ करेंगे नामांकन

**रांची।** रांची लेक सभा एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी सांसद संजय सेठ 2 मई गुरुवार को अपना नामांकन करेंगे इस नामांकन कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा के प्रदेश के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आजसु के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश महतो जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सभी सांसद ,विधायक, एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नामांकन के पूर्व सुबह एक जनसभा 10:30 बजे से आयोजित की गई है जिसमें 6 विधानसभा के लगभग 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभा के बाद मोराबादी मैदान से दिन 12:00 बजे गाजे-बाजे के साथ उपायुक्त कार्यालय में नामांकन के लिए प्रस्थान करेंगे। सांसद सेठ ने रांची के सभी लोगों से इस ऐतिहासिक नामांकन में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी संजय पोद्दार ने दी।

### अनिल पांडेय हुए सेवानिवृत, दी गई विदाई



**रांची।** स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग के कर्मचारी अनिल पांडेय की सेवानिवृत्ति पर सौप्रस्थानिक समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस मौके पर मानविकी संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो.अर्चना दुबे ने कहा कि अनिल पांडेय संस्कृत विभाग के अनमोल रत्न हैं, विभाग उनकी सेवाओं का सदा स्मरण करता रहेगा। डॉ.मधुलिका वर्मा ने कहा कि पांडेय की कर्मनिष्ठता और अनुशासन उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। विभागाध्यक्ष डॉ. उषा टोप्पो ने कहा कि पांडेय का व्यवहार व सेवा भाव अनुकरणीय है। विभाग में उनकी कमी का आभास हम लोगों को निरन्तर होता रहेगा। डॉ. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा इनका योगदान व विभागीय दायित्वों के निर्वहन में प्रतिबद्धता प्रमुख विशेषता है। डॉ.भारती द्विवेदी ने कहा कि पांडेय हम लोगों के बड़े भाई जैसे थे, उनकी बहुत सारी बातें अनुकरणीय हैं,हम सभी उनके उज्वल व सुखमय जीवन की कामना करते हैं। इस अवसर पर विभागीय प्राध्यापकों द्वारा अनिल पाण्डेय का सम्मान किया। मंच संचालन विभागीय शोधच्छात्र धर्मवीर आर्य एवं धन्यवाद ज्ञापन जगदम्बा प्रसाद सिंह ने किया।

### अशोक भगत झारखंड रत्न से नवाजे गए



**रांची।** रांची क्लब में आयोजित झारखंड रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालो को अभिनेत्री श्रीमती काव्या पंजाबी और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सौरभ तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें विकास भारती के अशोक भगत सहित कई अन्य लोगों को झारखंड रत्न देकर नवाजा गया।

### छह दिनों में 1142 का कटा चालान

**रांची।** राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले छह दिनों में कुल 1142 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 131, 133,150, 241,241 और 246 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने मंगलवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। नियम का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुये चालान काटा जा रहा है।

### पत्नी के हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने मंगलवार को प्रेम प्रसंग में रुकावट बन रही पत्नी की हत्या करने के दोषी पति ललित सिंह पूर्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में कोर्ट ने 26 अप्रैल को आरोपित को दोषी करार दिया था। हत्या की यह वारदात गोंदा थाना क्षेत्र में सात मार्च, 2019 को हुई थी। आरोपित पति का किसी महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। इसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। सात मार्च, 2019 को दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के सिर पर गैस सिलेंडर से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इसकी सूचना पर मृतक के बेटे ने गोंदा थाना में प्राथमिकी कराई थी। गिरफ्तारी के बाद से आरोपित जेल में बंद है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किए जबकि बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किए गए थे।

### दो आरोपितों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची।** विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को मनी लांड्रिंग के आरोपित महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है। इससे पहले सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 12 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। इन दोनों पर 4.33 करोड़ रुपए की मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। ईडी ने पहले ही कंपनियों की 4.10 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। दोनों पर लौह अयस्क की तस्करी के लिए फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कर अवैध कमाई कर मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है।

### उपायुक्त कोर्ट का सुनवाई का समय बदलेगा

**रांची।** रांची के उपायुक्त कोर्ट में होने वाली सुनवाई के समय में कुछ दिनों के लिए बदलाव किया गया है। आगामी तीन मई से 15 मई तक उपायुक्त कोर्ट में सुबह 10 बजे से ही सुनवाई होगी। लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर यह बदलाव किया गया है। कोर्ट के समय में बदलाव की जानकारी रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव को मंगलवार को पत्र लिखकर दी गई है । उल्लेखनीय है कि रांची उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा सुबह 11 बजे से लोकसभा चुनाव के कार्यों में व्यस्त हैं। इसकी वजह से उपायुक्त कोर्ट में सुनवाई का समय बदल दिया गया है।

# गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के दो बदमाशों को एटीएस ने दबोचा, हथियार बरामद

**इनके पास से आठ चक्र का एक रिवाल्वर, अलग-अलग तरह की 51 गोलियां बरामद**

संवाददाता



**रांची।** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें मनिन्दर कुमार उर्फ मिलावट और राजा अंसारी शामिल हैं। इनके पास से आठ चक्र का एक रिवाल्वर, अलग-अलग तरह की 51 गोलियां बरामद की गयी हैं।

एसपी ऋषव झा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के बदमाश राजा अंसारी एवं मनिन्दर कुमार उर्फ मिलावट रामगढ़ के पतरातू आया हुए हैं। इस सूचना पर एटीएस ने छापेमारी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया। मनिन्दर कुमार के पास से अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया गया।

एसपी ने बताया कि मनिन्दर कुमार से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आयी है कि वह गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के जरिये अपराध में प्रयुक्त होने वाले हथियार एवं कारतूसों को जमा करता था। जेल में बंद बदमाश चंदन साव और अमन साहू के निदेर्शानुसार वह चिह्नित अपराधियों को हथियार मुहैया कराता था। साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी इसे हथियार वापस कर देते थे। एसपी ने बताया कि राजा अंसारी अमन साहू गिरोह का कुख्यात अपराधी है, जो विगत दिनों में अमन साहू गिरोह के फायरिंग संबंधी कई घटनाओं में संलिप्त रहा है। ये पूर्व में भी कई आपराधिक घटनाओं में जेल जा चुका है। राजा अंसारी के खिलाफ पूर्व से आठ मामले दर्ज हैं।

**पुलिस मुख्यालय में जुटे राज्य के बड़े पुलिस अधिकारी**

## एनआईए के डीजीपी सदानन्द दाते मिले राज्य के पुलिस कप्तान से

**आतंकवाद व नक्सलवाद के खात्मे पर किया विचार विमर्श**

संवाददाता



**रांची।** एनआईए के डीजीपी सदानन्द दाते मंगलवार को पुलिस मुख्यालय पहुंच कर राज्य के पुलिस कप्तान अजय कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किये, मौके पर डीजीपी अजय कमार सिंह, व एडीजी अभियान संजय लाठकर व अन्य आलाधिकारियों ने एनआईए के डीजीपी सदानन्द दाते को बुके देकर उनका स्वागत किया। दोनों की मुलाकात के दौरान राज्य में आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से चलाये जा रहे अभियान के दौरान हाल के दिनों में मिली कामयाबी पर विस्तृत चर्चा की गयी।

मौके पर एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक, एडीजी अभियान संजय आनन्द राव लाठकर,एनआईए के आईजी आशिष बत्रा, आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक, आईजी मुख्यालय ज्योति प्रिया, एनआईए के एसपी प्रशांत आनन्द के अलावा पुलिस के कई आलाधिकारी मौजूद थे।

## खरकई डैम प्रोजेक्ट मामले में मुख्य सचिव से हाई कोर्ट ने मांगा जवाब



संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में छह हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से पूछा है कि 6100 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद खरकाई डैम प्रोजेक्ट क्यों पूरा नहीं किया जा रहा है?

कोर्ट ने कहा कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद क्या काम बंद रहेगा? यदि वहां ग्रामीण आंदोलनरत हैं तो उसके लिए क्या कर रहे हैं? खरकाई डैम प्रोजेक्ट को लेकर अंतिम रूप से सरकार ने क्या निर्णय लिया है? कोर्ट ने इन बिंदुओं पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले का अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है।

इस मामले में जल संसाधन विभाग ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया कि जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण खरकाई डैम प्रोजेक्ट रुका हुआ है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि 6100 करोड़ से अधिक रुपये इस प्रोजेक्ट पर खर्च हो चुका है। इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर करने से पहले राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट जरूर बनाई होगी। क्या प्रोजेक्ट रिपोर्ट में राज्य सरकार को जमीन अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों के आंदोलन को लेकर किसी प्रकार का विचार नहीं किया था। नाराज कोर्ट ने मौखिक कहा कि यदि यही स्थिति है तो मामले में सीबीआई को प्रतिवादी बनाकर जांच करवा देते हैं। फिर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को क्यों बंद कर दिया गया था?

दरअसल, वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था लेकिन वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण के बंद कर दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि सरकार ने इस डैम के प्रोजेक्ट पर छह हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर दी है।

### दोस्त की हत्या के दोषी नाबालिग को उम्रकैद की सजा

**रांची।** जुवेनाइल कोर्ट ने मंगलवार को नाबालिग दोस्त की हत्या करने के दोषी नाबालिग को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 10 गवाह जबकि बचाव पक्ष ने दो गवाह पेश किए थे। एक जनवरी, 2021 को नए साल का जश्न मनाने के लिए सोनू को उनके घर से आशीष टोप्पो और सुमेश लकड़ा लेकर निकले थे। बाद में सभी ने शराब पी और सोनू टोप्पो की हत्या पत्थर से कुचकर कर दी थी। दो जनवरी को सुबह में सोनू टोप्पो का शव करमटोली के सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल के पास मिला था। लालपुर थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मृतक सोनू टोप्पो को अंतिम बार आरोपितों के साथ देखा गया था। इसे देखते हुए लालपुर पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

## मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे सरकारी स्कूलों के बच्चे

संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सरकारी स्कूलों में भी मतदाता जागरुकता के लिए मतदान से संबंधित रोचक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्कूलों में आयोजित होने वाले चेतना सत्रों में भी बच्चों को भारत के विराट लोकतांत्रिक विरासत और इसकी गौरवगाथा के बारे में बताया जा रहा है।

### रोचक बाल संसद का गठन

विद्यालयों में बाल संसद का गठन किया गया है। इसके माध्यम से स्कूली बच्चे भविष्य में मतदान करने की प्रक्रियाओं को समझ रहे हैं। स्कूल में हाउस कप्तान, क्लास मॉनिटर का चयन किया जा रहा है। चुनाव को देखते हुए स्कूल में चुने हुए छात्र प्रतिनिधियों को 'प्रधानमंत्री, मंत्री व सांसद' जैसे पद दिए जा रहे हैं, जिससे बच्चे काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं।



### अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। इस बैठक में शामिल होने वाले अभिभावकों को शिक्षकों, प्राचार्य, एसएमसी सदस्यों द्वारा चुनाव में बढ़-चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया जा रहा है। विद्यालय द्वारा टोला टैगिंग कर अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है तथा बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने को कहा गया है। पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों को चुनावी तिथियों की जानकारी तो दी ही जा रही है। साथ ही उनकी वोटर पर्ची, मतदाता पहचान पत्र, बूथ संख्या आदि से जुड़ी शंकाओं को भी दूर किया जा रहा है।

### स्कूलों में बनाया गया डेमोक्रेसी रूम

राज्य के सरकारी स्कूलों में छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'लोकतंत्र कक्ष' बनाया गया है। इस रूम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े चित्रों, पेंटिंग्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, ईवीएम, वीवीपैट मशीन आदि की प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई गयी है। बच्चे इस कक्ष में अभिभावकों के साथ आकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकते हैं। बच्चे प्रतीकात्मक ईवीएम और वीवीपैट मशीन के माध्यम से अभिभावकों के मन में ईवीएम को लेकर उत्पन्न भ्रम को भी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। इस कक्ष में भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के बारे में भी बच्चे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाना सबकी नैतिक जिम्मेदारी: डॉ बिनोद

संवाददाता

**रांची।** रांची विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सघन मतदाता जागरूकता अभियान (फेज 2.0 ) का शुभारंभ मंगलवार को मतदाता जागरूकता शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान के साथ किया गया। जिसकी अध्यक्षता आर यू के विज्ञान संकाय के डीन डॉ अरुण कुमार ने किया। इस मौके पर आर यू के कुलसचिव डॉ बिनोद नारायण ने कहा कि देश में मतदान प्रतिशत बढ़ाना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सभी संस्थाएं मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर सभी को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है एवं मेरा एन एस एस के स्वयंसेवकों से अपील है कि वे इस अभियान को अपना बहुमूल्य योगदान दे कर अधिक से अधिक युवाओं को मतदान हेतु जागरूक करें। आर यू के पूर्व कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती हेतु मतदान प्रतिशत बढ़ाना अति आवश्यक है एवं भारतीय संविधान में वर्णित मतदाता के अधिकारों के प्रति जागरूक होकर निश्चित मतदान करना चाहिए। आर यू के कुलानुशासक डॉ मुकुन्द चंद्र मेहता ने कहा कि युवा मतदान करने हेतु आगे आए एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के मजबूती में अपना योगदान दें।

## हर्ष राज खलखो ने राज्य को दिलाया स्वर्ण पदक

संवाददाता



**रांची।** हर्ष राज खलखो ने रोलर स्केटिंग महासंघ की ओर से अमृतसर में आयोजित 5वीं रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप-2024 में राज्य को गोल्ड मेडल दिलाया है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों तथा केन्द्र-शासित प्रदेशों से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हर्ष राज खलखो झारखंड राज्य के उस स्कैटर में से हैं, जिन्होंने पांच से सात वर्ष के आयु समूह में बेहतर प्रदर्शन किया। पांच सौ मीटर में रजत पदक के अलावा अपने दूसरे इवेंट 200 मी. में स्वर्ण पदक जीत कर झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, सचिव सुमित शर्मा, संरक्षक अजित खेस और अभिषेक सिंह राठौर एवं रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हर्ष के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लोकसभा चुनाव में थर्ड फ्रंट उतारेगा उम्मीदवार

**थर्ड फ्रंट के घटक दलों के नेताओं ने की उम्मीदवारों के नामों की घोषणा**

संवाददात



**रांची।** राज्य में पहले और दूसरे चरण के चुनाव में थर्ड फ्रंट सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगा। इसके अलावा गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव में भी उम्मीदवार देगा। थर्ड फ्रंट के घटक दलों के नेताओं ने मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

फ्रंट के समन्वयक एवं झारखंड नवनिर्माण दल के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि लोहरदगा में निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा और कोडरमा में प्रो. जयप्रकाश वर्मा को थर्ड फ्रंट समर्थन देगा। गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव में मुख्तार अंसारी को समर्थन देने की घोषणा की। साथ ही पलामू लोकसभा सीट पर बहुजन मुक्ति पार्टी के रामबचन राम, खूंटी से झारखंड नवनिर्माण दल के संजय तिर्की, सिंहभूम में आशा कुमारी रुण्डा, चतरा में बहुजन मुक्ति पार्टी के महेश बाण्डो को थर्ड फ्रंट समर्थन देगा।

सिंह ने कहा कि भाजपा संविधान पर चोट कर रही है। संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने की उसकी मंशा है। इसलिए पहला काम भाजपा को सत्ता से दूर करना है। भाजपा महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही और 2047 का सपना बेच रही है जबकि नोटबंदी और जीएसटी से जनता त्रस्त हो चुकी है।

थर्ड फ्रंट के प्रमुख मीडिया प्रभारी पंकज मिश्रा ने एनडीए और आईएनडीआईए दोनों को एक नजर से देखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहले विधायक और सांसदों को खरीद कर भाजपा दूसरों की सरकार गिरा कर सरकार बनाती थी। अब नया खेल शुरू कर दिया है। जनता के वोट देने के अधिकार को छीन लिया गया है। वोटों को सीधा खरीद लिया जा रहा है।

पंकज ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सबसे पहले खेल शुरू हुआ। अभी सूरत और इंदौर में जनता को वोट देने से वंचित कर दिया गया। भ्रष्टाचार पर बड़ी बात करना भाजपा को शोभा नहीं देती। इलेक्टोरल बॉन्ड इतना ही पारदर्शी होता तो सुप्रीम कोर्ट को इसे असंवैधानिक नहीं कहना पड़ता। उन्होंने कहा कि थर्ड फ्रंट पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा और बाद के चरणों में भी प्रत्याशी उतारेगा।

संवाददाता सम्मेलन में बहुजन सदान मोर्चा के उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, बहुजन मुक्ति पार्टी के अध्यक्ष मुरलीधर राम, कुसुम देवी, ज्योति भेंगरा, डॉ. सतीश कुमार और किशोर कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### संदीप थापा सहित छह आरोपित बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को ठेकेदार शक्ति सिंह हत्या मामले में कुख्यात अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। 26 दिसंबर 2015 को शक्ति की हत्या गोली मारकर की गई थी। इस हत्याकांड को हरमू बिजली ऑफिस के पास अंजाम दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने संदीप थापा पर हत्या की साजिश होटवार जेल में रचने का आरोप लगाया था। शक्ति सिंह कुख्यात संदीप थापा के लिए काम करता था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से संदीप थापा पर लगे आरोप को साबित नहीं कर सकी।

## एक नजर

### इस्पातनगर रेलवे स्टेशन के सेवानिवृत्त रेलपथ कर्मचारी को दी विदाई



**बोकारो :** इस्पात नगर के अभियंत्रण रेल पथ कर्मचारी अब्राहम बेसरा मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। इस्पात नगर के रेल कर्मियों के द्वारा अंग वस्त्र और समान देकर उन्हें हार्दिक शुभेच्छाओं सहित विदाई दी गई। लगभग 30 वर्ष तक सेवा देने वाले राजेंद्र प्रसाद पीडब्ल्यूआई/बीकेएससी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, योगेंद्र कुमार, ध्रुव कुमार त्रिपाठी, नेवालाल मांझी, बिनोद बिहारी गोप, गोपाल प्रसाद नायक, बिनोद कुमार सिंह, राजू रंजन, प्रदीप कुमार, हेमंत कुमार महतो, दीपक कुमार, चंदन कुमार, राजेश, दिनेश, विवेक, राजकुमार, अजीत, अर्जुन, मनोज कुमार, दुर्गा, प्रत्योष, अजय, हरेंद्र सहित आदि मौजूद रहे।

### केबी कॉलेज की एनएसएस इकाई ने की प्याऊ की व्यवस्था



**बोकारो :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में एन एस एस यूनिट एक ने गर्मी में प्यासे लोगों को राहत दिलाने के लिए प्याऊ की व्यवस्था की। पांच मिट्टी के मटके रखवाए गए। यह प्याऊ पूरी गर्मी तक लगी रहेगी। साथ ही कालेज परिसर के पौधों मे पानी डालने का कार्य एन एस एस स्वयं सेवकों द्वारा किया गया। प्राचार्य ने कहा कि पानी को व्यर्थ न बहाएं। भीषण गर्मी मे यही लोगों और पौधों जीव जंतुओं की प्यास बुझाता है। कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने बताया जल ही जीवन है। पानी पिलाना पुण्य कार्य स्वरूप है चाहे इंसान हो या पौधे। हीट वेव से बचाव पानी ही उपलब्धता से ही संभव है। एनएसएस स्वयंसेवकों ने पौधों को पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पोस्टर के माध्यम से सुमित कुमार सिंह, दानिया फिरदौस, स्लोगन से दानिया फिरदौस, निबन्ध से तनीषा कुमारी तथा भाषण के माध्यम से मिलन कुमार गुप्ता ने जागरुकता का संदेश दिया। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा अलीशा वंदना लकड़ा, डा नीला पूणीर्मा तिर्की, प्रो संजय कुमार दास समेत पुरुष व महिला स्वयं सेवक आदि उपस्थित रहे।

### शार्ट सर्किट से केबल में आग लगी

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल कार्मेल स्कूल स्थित एसटीपी का निर्माण कार्य करनेवाली कंपनी भरतजी पटेल कार्यालय के समीप डीवीसी कॉलोनी सप्लाई वाले बिजली के केबुल में आग लग जाने से जल गयी। बताया जाता है कि उक्त केबुल से हरिजन बस्ती के लोग बिजली का कनेक्शन अवैध रूप से जैसे तैसे ले गये हैं। मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे शार्ट सर्किट से आग लग गयी, जिससे वहां से ले जाया गया सभी तार और केबुल जल गया। आग लगने की घटना से वहां का सभी घास फूस भी जल गया।

### इंटर में श्री महावीरजी उच्च विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

**बोकारो :** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित बारहवी की परीक्षा परिणाम में चास प्रखंड के बिजुलिया स्थित श्री महावीर जी उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कला संकाय में 351 में से 330 उत्तीर्ण हुए हैं अर्थात 95 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जिसमें 70 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। 255 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, वहीं पांच छात्र तृतीय श्रेणी में पास हुए। जबकि विज्ञान संकाय में 88 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें 17 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं और 13 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसी प्रकार, वाणिज्य संकाय में 92 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए हैं।छह विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और छह द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में संदीप कुमार हाजरा ने 406 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। विज्ञान संकाय में रोशन सिंह 410 अंक के साथ अव्वल रहे। वहीं, वाणिज्य संकाय में पायल कुमारी ने 392 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### दूसरे दिन तक 12 लोगों ने खरीदे नामांकन-प्रपत्र

**बोकारो :** 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन मंगलवार को नाम-निर्देशन के लिए कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। जबकि, एक ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। अब तक कुल 12 लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, बोकारो सह- निवार्ची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र, विजया जाधव ने कहा कि दूसरे दिन कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से खरीदे हैं। वहीं, एक निर्दलीय उम्मीदवार उषा देवी, ग्राम झ पो. फुसरो, पीएस. बेरमो, जिला बोकारो ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है। मंगलवार को नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में पप्पू कुमार निषाद (भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी), सुनीता टुडू (निर्दलीय) तथा कमल प्रसाद (बहुजन समाज पार्टी) शामिल हैं।

# इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार, कर्फ्यू सा माहौल

संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो में इस बार की गर्मी अपने-आप में काफी रौद्र मानी जा रही है। मंगलवार को इस सीजन का सबसे अधिक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 22 से 24 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से झुलसा देने वाली लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से जीना मुहाल कर दिया। स्थिति ऐसी है मानो धरती अंगार बन चुकी हो और आसमान से शोले बरस रहे हों।

इसके कारण आम जनजीवन ठप सा हो चुका है। लोगों का अपने घरों से निकला दूभर हो चुका है। बाजारों में ऐसी वीरानी देखी जा रही है मानो कर्फ्यू लगा हो। दोपहर 2 बजे तेज झोंके के साथ लू के थपेड़े ऐसे चल रहे थे जैसे चिमनी का धुआं। शहरवासियों में मुन्ना सिंह, सरोज झा सहित कई लोगों ने कहा कि बोकारो में आजतक उन्होंने अप्रैल महीने में ऐसी गर्मी नहीं देखी थी। अभी यह स्थिति है तो मई जून आते-आते क्या होगा, यह सोच-सोचकर लोग सहमे हुए हैं। सुबह के 7-8 बजे के बाद से ही लू के थपेड़े चलने लग रहे हैं और शाम पांच-साढ़े पांच तक गर्मी की तपिश बनी रह रही है। झुलसाती गर्मी की इस तपिश में सड़कों पर दोपहिया या पैदल चलना शोलों से गुजरकर चलने जैसा प्रतीत हो रहा है। लोग अभी से ही घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। वे दिन भर घर में दुबके रहने को विवश हैं। अनिवार्यतावश मजबूरी में जो लोग निकलते भी हैं तो पूरे एहतियात के साथ मुंह बांधे।

### आज भीषण उष्ण-लहर की चेतावनी, यलो अलर्ट जारी

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने जारी वेदर बुलेटिन में बताया कि बुधवार को बोकारो सहित कई जिलों में सीवियर हीट वेव चलेगी। इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। जिले में मंगलवार को पिछले 24 घंटे में सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को 45 डिग्री के बाद बुधवार को 44 डिग्री, गुरुवार को 43, शुक्रवार को 42 और शनिवार को 41 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहने की संभावना है। जबकि, बुधवार को राज्य में पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं भीषण उष्ण-लहर की स्थिति देखी जा सकती है। 2 मई तक राज्य में हीट वेव की स्थिति का अनुमान है। अभिषेक आनंद ने कहा कि राज्य में अगले दो-तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें गिरावट आने के आसार हैं।

### लू के कारण तुपकाडीह बाजार में सन्नाटा

तेज धूप गर्मी और लू के कारण मंगलवार को तुपकाडीह बाजार की दुकानें दिन के 11 बजते ही बंद हो गईं। मेन रोड में वाहनों के गमनागमन थम गये। दिनभर कर्फ्यू जैसा देखने को मिला। दिन में खुले रहने वाले होटल भी बंद करके दुकानदार अपने घर चले गये। शाम 5 बजे के बाद बाजार की चहल-पहल लौटी। अप्रैल माह के अंतिम दिन ने लोगों को आने वाले मई और जून माह में होने वाली गर्मी की चिंता बढ़ा दी है। दुकानदारों ने बताया कि इस तपती धूप में दूर दूर से आने वाले ग्राहक सुबह या शाम को बाजार आयें।

विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए ईएसएल ने कराई अंतर-केंद्र क्विज प्रतियोगिता

# सीखने की प्रवृत्ति और प्रतिभा के विकास में प्रतिस्पर्द्धा महत्वपूर्ण : आशीष रंजन



संवाददाता

**बोकारो :** वेदांता समूह की अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी कटिबद्धता की कड़ी में मंगलवार को अंतर केंद्र क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रोजेक्ट प्रेरणा केंद्रों (ट्यूटोरियल और ड्राइंग) एवं एक्सेल 30 क्लासेज जैसे शैक्षिक हस्तक्षेप कार्यक्रमों में नामांकित लोगों ने बतौर प्रतिभागी भाग लिया।

प्रतियोगिता का आयोजन कंपनी ने अपने कार्यान्वयन भागीदार सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ किया।

प्रतियोगिता में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित 100 से अधिक लोग शामिल हुए। मोइन अंसारी, प्रिंसिपल, एमजेएम स्कूल, बिजुलिया सहित गणमान्यजनों में मनोज तिवारी, पूर्व मुखिया, चंदाहा पंचायत और संटू रॉय, उपाध्यक्ष, किसान युवा मोर्चा ने आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर, ईआर और पीआर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा कि ईएसएल स्टील लिमिटेड हमेशा अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के समग्र विकास और खुशी पर ध्यान केंद्रित करता है। हम अपने छात्रों के बीच रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की पहल प्रतिभा को आगे बढ़ाती है, टीम निर्माण प्रयासों को प्रोत्साहित करती है और एक जीवंत सीखने के माहौल को बढ़ावा देती है जो शिक्षा से परे है। पूरी प्रतियोगिता सीएसआर के उपप्रमुख राकेश मिश्रा की देखरेख में हुई। मिश्रा ने कहा कि जो कठिन प्रश्नों या चुनौतीपूर्ण परिदृश्यों से प्रतियोगियों के आत्मविश्वास को सराहनीय बताया। कहा कि ऐसे और भी आयोजन करते रहेंगे, जिससे बच्चों के विकास में मदद मिलेगी। ग्रुप ए (प्रेरणा ट्यूटोरियल्स (5 टीमें)) में पहला स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स, मोदीडीह ने हासिल किया। दूसरा स्थान प्रेरणा ड्राइंग सेंटर, चंदाहा ने और तीसरा स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स, कुमाटांड़ ने पाया। ग्रुप बी में (प्रेरणा केंद्र (5 टीमें); प्रथम प्रेरणा केंद्र, चंदाहा; दूसरा स्थान प्रेरणा केंद्र, सियालजोरी, तीसरा स्थान प्रेरणा केंद्र, योगीडीह का रहा। जबकि ग्रुप सी में (वेदांता ईएसएल एक्सेल 30 सेंटर (5 टीमें) - टीम 1 जीती।

# बोकारो से सुलगी थी पिछले साल बर्ड फ्लू की चिंगारी, सामने आया था सबसे पहला मामला

इस बार रांची में मुर्गियों की मौत के बाद प्रशासन अलर्ट, टीमें गठित



डीके वत्स

**बोकारो :** मुर्गे से बनने वाले चिकन तंदूर, चिल्ली चिकन, लेग कबाब जैसे लजीज व्यंजनों के शौकीन लोगों को एक बार फिर अपने स्वाद और अपनी जीभ पर लगाम लगाने की जरूरत आन पड़ी है। वजह यह कि एक बार फिर झारखंड में बर्ड फ्लू का जिन्न जाग चुका है। झारखंड की राजधानी रांची में बर्ड फ्लू फैलने की पुष्टि हुई है। शहर के होटवार इलाके के रीजनल पोल्ट्री फार्म में खबर लिखे जाने तक लगभग दो हजार मुर्गियों के साथ 2200 से अधिक पक्षियों को मारा जा चुका है। इसके साथ ही बोकारो जिले में भी प्रशासन अलर्ट मोड में आ चुका है।

गौरतलब है कि विगत वर्ष बर्ड फ्लू का मामला फरवरी महीने के अंत में बोकारो से ही सामने आया था। सेक्टर-12 स्थित मुर्गी पालन केन्द्र में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद फार्म के एक किलोमीटर के दायरे में बर्ड फ्लू ग्रसित लगभग चार हजार मुर्गियों और बत्तखों को मारा गया था। इससे पहले 800 पक्षियों की मौत हो गई थी और 103 को तत्काल मारना पड़ा था। जांच में कड़कनाथ नामक मुर्गे में एवियन इंफ्लूएंजा वायरस के एक प्रकार एच5 एन1 की पुष्टि हुई थी। इसके पहले वर्ष 2019 में झारखंड के गोड्डा जिले में आखिरी बार बर्ड फ्लू का मामला सामने आया था। इधर, राज्य में एक बार फिर बर्ड फ्लू का केस सामने आने के बाद बोकारो का प्रशासनिक महकमा अलर्ट हो चुका है। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला पशुपालन विभाग की टीम हरकत में आ चुका है। हालांकि, जिले में खबर लिखे जाने तक तक बर्ड फ्लू को लेकर कोई मामला सामने नहीं आया है। डीसी के मुताबिक, विभाग इसकी कड़ी निगरानी रख रही है। विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारी कर ली है। पशु चिकित्सकों व कर्मचारियों की जिला व प्रखंड स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम, क्विक रिस्पांस टीम गठित की गई है। कुक्कुट की अचानक मौत होती होने पर अविलंब इसकी सूचना जिला व प्रखंड टीम को देने की अपील की गई है। हालांकि, विभाग के पास बर्ड फ्लू की जांच के लिए किट उपलब्ध नहीं हैं। इसके लिए जिला पशुपालन विभाग ने राज्य निदेशालय से किट की मांग की है। इसके बाद ही यहां के मुर्गियों का सैंपल लिया जाएगा। चिकन के ब्लड सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजा जाएगा। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने सेक्टर-12 स्थित कुक्कुट पालन केंद्र की सफाई करने का निर्देश दिया है।

### जिले में 89 निबंधित मुर्गी फार्म

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में सेक्टर-12 स्थित कुक्कुट पालन केंद्र में 500 मुर्गे हैं। इनमें 350 के करीब कड़कनाथ मुर्गे हैं। प्रत्येक दिन 150 से 200 अंडों का उत्पादन किया जाता है। बोकारो में 89 रजिस्टर्ड मुर्गी फार्म है। इसके अलावा 500 से 1000 मुर्गी पालक हैं।

**हेल्पलाइन जारी**

**9123494138 - डा. विनय कुमार सिन्हा, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी (तेनुघाट)**

**8102771809 - डा. पुष्पा कुमारी, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी**

**9973752779 - डा. अशोक कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी (चास)**

**9693440204- विनोद कुमार दास, पशुधन सहायक माडल अस्पताल चास**

### सीमावर्ती क्षेत्रों पर कड़ी नजर

पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार मणि के अनुसार, सभी मुर्गीपालकों को एहतियात बरतने को कहा गया है। इतना ही नहीं जिले के बॉर्डर पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बाहर से मुर्गियां नहीं आने दी जा रही हैं। खासकर बंगाल और रामगढ़ की सीमा पर नजर रखी जा रही है। चास प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि जब तक कोई रिपोर्ट नहीं आती है, तब तक किसी को डरने की जरूरत नहीं है।

# डीवीसी सिविल के अवकाश प्राप्तकर्मी को दी गई विदाई

संवाददाता



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल डीवीसी सिविल कार्यालय स्थित भू-संपदा विभाग के कर्मी कार्तिक घोष को कार्यालय स्थित परिसर में समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। अवकाश प्राप्त करनेवालें कर्मी को डीवीसी के डीजीएम सिविल विश्वमोहन गोस्वामी, प्रबंधक सिविल राहुल उरांव, प्रबंधक एचआर सुनील कुमार, भू-संपदाधिकारी अविनाश सिन्हा, पवन कुमार, कल्याणी कुमारी, ओएस एनुल हक अंसारी, बृज किशोर सिंह सहित सभी कर्मियों ने शॉल ओढ़ाकर,उपहार एवं स्मृति चिह्न देकर विदाई दी। मौके पर डीजीएम सिविल सहित उपरोक्त सभी अधिकारियों ने कार्तिक घोष के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं समाज में आगे के जीवन का योगदान को लेकर मंगलकामना की। मौके पर विभाग के रंजीत कुमार, आरपी केडिया, अरुण कुमार, विकास तिवारी, सुमन कुमार, रवि चक्रवर्ती, एस सिंह, कपिल, मो मनीरुद्दीन सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

# चुनाव को ले पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

संवाददाता



**बोकारो थर्मल :** बोकारो एसपी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के तहत बोकारो थर्मल थाना के पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को स्थानीय डीवीसी ऑफिसर्स क्लब एवं लाल चौक पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं डैशबोर्ड को खोलकर हथियार एवं रुपयों की जांच की। जांच के दौरान पुलिस को किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक सामान नहीं मिले। दोपहिया वाहन चालकों को पुलिस ने हिदायत दी कि वे हेलमेट लगाकर एवं वाहन के कागजात को साथ लेकर चलें। मौके पर थाना के अनि मनोज कुमार सिंह, भागीरथ महतो तथा हवलदार एवं जवान शामिल थे।

# बोकारो स्टील से सीजीएम सहित 61 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

### सुखमय अवकाश-प्राप्त जीवन की शुभकामना के साथ दी गई विदाई

संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम उपस्थित थे। समारोह के आरम्भ में सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी देते हुए प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) श्री निगम ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये। अप्रैल 2024 में बीएसएल से कुल 06 अधिशासी तथा 55 अनाधिशासी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी, सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) ने किया।

मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरीज) वेद प्रकाश उपाध्याय के लिए निदेशक प्रभारी के सम्मेलन कक्ष में अलग से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक प्रभारी सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक- प्रभारी श्री महापात्रा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये। सभी ने सेवानिवृत्त हो रहे श्री उपाध्याय को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# गजानंद की पूजा कर हिना शहाब ने भरा लोकसभा के लिए नामजदगी का पर्चा

### महागठबंधन की ओर से अवधबिहारी चौधरी ने पर्चा दाखिल की

संवाददाता



**सिवान :** सिवान के पूर्व दिवंगत सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने आज निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। सादे तरीके से सिवान समाहरणालय पहुंची हिना शाहिब नामांकन करने सिवान समाहरणालय पहुंची।

माना जाता है कि किसी भी शुभ काम करने से पहले भगवान गजानंद की पूजा की जाती है ठीक उसी प्रकार हेना शहाब भी अपने नामांकन के लिए घर से निकलने से पहले भगवान गजानंद की पूजा अर्चना की और उन्हें लड्डू केला खिलाया। वही सिवान में आज तेजस्वी यादव ने राजद महागठबंधन के प्रत्याशी अवध बिहारी चौधरी के नामांकन से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए अवधबिहारी चौधरी को विजयी बनाने की अपील की। निर्दलीय प्रत्याशी हिना साहब एवं महागठबंधन के प्रत्याशी और बिहारी चौधरी ने दो-दो सेटों में अपना नामांकन दाखिल किया।

## एक नजर

### बीडीए इंटर कॉलेज का रहा बेहतर प्रदर्शन

**बेरमो :** इंटर परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें बिंदेश्वरी दुबे आवासीय इंटर महाविद्यालय पिछरी के कला संकाय में 97.95 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में 95.29 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय में 79.27 प्रतिशत छात्रों ने उतीर्णता हासिल किया। महाविद्यालय से कला संकाय में 294 छात्र में 288 छात्र, वाणिज्य संकाय में 85 छात्रों में 81 छात्रों तथा विज्ञान संकाय में 111 छात्रों में 88 छात्रों ने सफलता हासिल की है। सभी छात्रों को महाविद्यालय के सचिव बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, प्राचार्य प्रो० सुनील सिंह, प्रो० अनूप कुमार चटर्जी, प्रो० शशि कुमार, प्रो० अख्तर अली, प्रो० बिनोद कुमार यादव, प्रो० मनोहर दास, प्रो० अभय कुमार रंजन, प्रो० वंदना कुमारी, प्रो० यशवंत सिंह, प्रो० कुमार पल्लव कृष्णा, प्रो० अर्जुन कुमार शर्मा, नरेश मांझी शिव कुमार महतो, आलोक कुमार सिंह, जयराम तुरी आदि ने छात्रों के उज्वल भविष्य की मंगल कामना की तथा बधाई दी। बता दें कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र कला संकाय के अनिल रजवार 388, शिवानी कुमारी 387, शिवराज कुमार 383, वाणिज्य संकाय के तनु कुमारी 414, स्नेहा कुमारी 410, प्रतीक्षा भारती 403 एवं विज्ञान संकाय विजय कुमार सोनी 409, सौरव प्रकाश साहू 384, कुंदन कुमार 368 अंक प्राप्त किये हैं।

### रिटायर्ड तीन कामगारों को सम्मान के साथ दी गई विदाई



**बेरमो :** सीसीएल ढोरी एरिया से रिटायर हुए तीन कामगारों को मंगलवार को ढोरी जीएम कार्यालय के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस मौके पर ढोरी एरिया के अब्दुल कुमार ने बताया कि रिटायर्ड हुए कामगारों को ग्रेच्युटी एवं अन्य राशि सेटलमेंट कर दी गई है। मैं उनके शेष जीवन के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। सेवानिवृत्ति ढोरी एरिया के जीएम यूनिट के कैटेगरी 4 कर्मी अर्जुन रविदास, एसडीओसीएम कल्याणी के ऑफिस सुपरीटेंडेंट कालीचरण बाउरी और एसडीओसीएम के कैटेगरी 1 मजदूर पैरू महतो ने कहा कि रिटायर होने पर मुझे खुशी है और खुशी इस बात की है कि हम लोग स्वस्थ रहकर रिटायर हो रहे हैं। शेष जीवन अपने परिवार के बीच हंसी-खुशी से बिताऊंगा। इस मौके पर यूनियन प्रतिनिधि बैजनाथ महतो, विकास सिंह, जयनाथ मेहता, राजू बुकिया, कुंज बिहारी प्रसाद के अलावा कार्मिक प्रबंधक आलम, अरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

### सुनैना किन्नर के नामांकन में 3 मई को शामिल होंगी कौशल्यानंद गिरी किन्नर

धनबाद : लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धनबाद संसदीय क्षेत्र से एकमात्र प्रत्याशी सुनैना किन्नर आगामी 3 मई को नामांकन करेगी। उन्होंने अपना नामांकन पत्र भी ले लिया है और आगामी 3 मई को वह नामांकन करेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कई प्रत्याशी आला कमान के द्वारा उनके नामांकन के दौरान बड़े नेताओं के साथ बुलाया जाता है। परंतु धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी सुनैना किन्नर जिसके नामांकन के दिन मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य वी किन्नर अखाड़ा सनातन महामंदेश्वर एवं प्रयागराज नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर कौशल्या नंद गिरी किन्नर भाग लेगी। उनकी तैयारी किन्नर समाज जोरों से कर रही है। यह धनबाद के लिए एक बहुत बड़ी बात है कि झारखंड में पहली बार और धनबाद लोकसभा से कोई किन्नर समाज चुनाव लड़ रही है और उनके नामांकन के दौरान बंगाल और उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों से किन्नर समाज के लोगों के अलावे कई सामाजिक संस्था के लोग भी शामिल होंगे।



# महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में रोष

**बेलवाना मुखिया प्रतिनिधि के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तिसरी पुलिस को ज्ञापन सौंपा, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग**

संवाददाता

**गिरिडीह :** तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना - कर्बला मोड़ के पास रहने वाली मकीना खातून नामक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद ससुराल पक्ष पर लगे दहेज हत्या आरोप के मामले में घटना के लगभग एक माह होने के बाद भी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में रोष है।

इसी को लेकर बेलवाना मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख के नेतृत्व में मृतका की माँ सैरुन खातून, पंसस प्रतिनिधि मो० नईम, फारुख, शाहिद आदि लोग अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर दर्जनों लोगों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन तैयार कर मंगलवार को तिसरी थाने पहुंचे। जहां थाना प्रभारी से मिलकर उन्होंने अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। साथ हीं आवेदन की प्रतिलिपि गिरिडीह पुलिस अधीक्षक, खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत सांसद, विधायक और पूर्व विधायक को भी देने की बात कही।



मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख ने कहा कि इस मामले में बीते एक माह बाद भी एक भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे जनता में आक्रोश है। लिहाजा गिरिडीह पुलिस से अपील की है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो। वहीं इस मामले में तिसरी के थाना प्रभारी संजय नायक ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है जल्द हीं गिरफ्तारी होगी। विदित हो कि बीते 31 मार्च को तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना - कर्बला मोड़ के समीप रहने वाली मकीना खातून का शव संदेहास्पद अवस्था में उसके कमरे में मिला था। जिसके बाद से ससुराल वाले फरार हैं। इस मामले में मृतका की माँ सैरुन खातून ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर पति निसार अंसारी, ससुर अलीम मियां, सास रेबुन खातून व अन्य के विरुद्ध थाने में कांड संख्या 19/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

## एसडीजेएम ने पैनल अधिवक्ता व पीएलवी के साथ बैठक की

संवाददाता

**तेनुघाट/ जारंगडीह :** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं बोकारो के प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर मगंलवार को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल की अगुवाई में पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी के साथ बैठक कर ट्रेनिंग प्रोग्राम में कई बातों की जानकारी दी गई।



श्रीमती अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि किस तरह राष्ट्रीय लोक अदालत, मासिक लोक अदालत के लिए लोगों को जागरुक कर मुकदमों को समाप्त करने के बारे में उचित सलाह दिया जाय। ताकि वह अपना मुकदमा समाप्त कर सके। सभी को यह जानकारी है कि प्रति महीना मासिक लोक अदालत एवं 3 महीना में एक बार राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाता है। जिसमें समझौता के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित पैनल अधिवक्ताओं और पीएलवी के सदस्यों ने अपने कार्य को सुचारू रूप से करने की बात कही। इसके साथ हीं पीएलवी के सदस्यों ने बताया कि वह अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को इसकी जानकारी देते रहते हैं, जिससे वह मामलों का निष्पादन करने के लिए न्यायालय में उपस्थित होते हैं। आगे एसडीजेएम श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि आने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी लोग पूरी तरह से प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। हमें उम्मीद है कि इस बार सभी के सहयोग से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक मामलों का निष्पादन होगा। बैठक में सुभाष कटरियार, इम्तियाज आलम, दीपक चंद्र गुप्ता, चंद्रदेव मांझी, विष्णु मिश्रा, सुनीता सिन्हा, कृष्णा रजक, मदन कुमार प्रजापति, काजल कुमार, संजय प्रजापति, लालदेव केवट, जीतेंद्र कुमार महतो, संतोष कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह ने कराया नामांकन

## नामांकन में जुटे सैकड़ों समर्थक

संवाददाता

**बेरमो :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से फुसरो के चर्चित चिकित्सक डॉ० उषा सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह बोकारो उपायुक्त विजया जाधव के समक्ष दाखिल किया। बता दें कि समाजसेवी डॉ० उषा सिंह भाजपा में थी। गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू पार्टी के खाते में चले जाने के बाद उन्होंने भाजपा छोड़ कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ० उषा सिंह ने कहा कि वह आज भी नरेंद्र मोदी की तारीफ करती हैं। नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन जिस प्रकार से गिरिडीह लोकसभा के सांसद ने गिरिडीह क्षेत्र की उपेक्षा की और विकास नहीं किया और न हीं बेरोजगारों को रोजगार दे सके। गिरिडीह लोस क्षेत्र की जनता यदि मुझे सांसद बनाती है तो यहां के बेरोजगारों के हर हाथ को जान देकर पलायन रोकने का काम करूंगी। चुकी गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र आर्थिक रूप से संपन्न है। कोयला, लोहा, मायजा, डीवीसी जैसा उद्योग है।



रोजगार क्यों नहीं मिलेगा ? जितने वाले में इच्छा शक्ति होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मैं पेसे से डॉक्टर हूं मुझे अपने लिए पैसे की कमी नहीं है। अपने लिए मैं जरूरत भर कमा लेती हूं। चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र का विकास और बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना हीं लक्ष्य होगा। इसलिए मैंने नामांकन दाखिल किया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गिरिडीह की समस्या अगर नरेंद्र मोदी भी जान जाएंगे तो उनका दिल छलनी हो जाएगा। डॉ० उषा सिंह ने कहा कि मुझे भरोसा है कि गिरिडीह क्षेत्र की जनता काफी ठगी जा चुकी है। इस बार जात पात, क्षेत्र वाद त्यागकर मुझे जीता कर सेवा करने का मौका देगी। नामांकन में भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता और समर्थक भी पहुंचे थे।

## राम बिलास प्लस टू बेरमो की छात्रा हुई विद्यालय टॉपर

संवाददाता

**बेरमो :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) इंटर की परीक्षा में रामबिलास प्लस 2 हाई स्कूल बेरमो का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। इस विद्यालय के साइंस की छात्र पार्वती कुमारी ने 451 अंकों व 90.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर के साथ बोकारो जिला में आठवां स्थान प्राप्त की। वहीं विद्यालय के साइंस की छात्रा नीलू ने 86 प्रतिशत व कंचन कुमारी ने 85.2 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त की। जबकि कॉमर्स में 75.8 प्रतिशत अंकों के साथ कोमल कुमारी विद्यालय टॉपर रही। 69.6 प्रतिशत के साथ रितिक कुमार, कोमल कुमारी व रानी कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त की. जबकि 68.6 प्रतिशत अंकों के साथ सुजल पंडित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य रमेश प्रसाद ने बताया कि इंटर की परीक्षा में विद्यालय के छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन रहा। साइंस की पार्वती कुमारी ने बोकारो जिला के टॉप आठ में स्थान लाकर कॉलेज का नाम पूरे झारखंड में रोशन किया है। बताया कि परीक्षा में इस वर्ष विद्यालय के साइंस में 93 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें 36 प्रथम स्थान, 13 द्वितीय स्थान से पास हुए। वहीं कॉमर्स विषय में कुल 62 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें 26 प्रथम स्थान, 29 द्वितीय स्थान व दो तृतीय स्थान से पास हुए। उन्होंने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## सेवानिवृत्त करगली फिल्टर प्लांट के कर्मियों को सम्मानित कर दी गयी विदाई

संवाददाता

**फुसरो :** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली फिल्टर प्लांट में मंगलवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर प्लांट में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गयी। संचालन विजय नायक ने किया। यहां मुख्य रूप से मौजूद मैनेजर अमरेश कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मी फिल्टर प्लांट ऑपरेटर पुनीत महतो, मैकेनिकल हेल्फर जॉन व ऑपरेटर जीतेंद्र नाथ गोस्वामी को बुके व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मैनेजर श्री कुमार ने कहा कि कोल इंडिया में जॉइनिंग के समय हीं विदाई के दिन तय हो जाते हैं। हर कर्मचारियों को एक दिन अपने सेवा से मुक्त होना पड़ता है।



कहा कि तीनों सेवानिवृत्त कर्मी की कृति हमेशा यहां के कामगार साथियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। सेवानिवृत्त फिल्टर प्लांट ऑपरेटर सह आरसीएमएस जीएम यूनिट के अध्यक्ष पुनित महतो, मेकिनिकल हेलफर जॉन एवं ऑपरेटर के पद में कार्यकर जीतेंद्र नाथ गोस्वामी ने कहा कि वे अपने जीवन को बेदाग रखकर सेवानिवृत्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कामगारों ने अपने जीवन के कीमती समय देकर सीसीएल के उत्पादन में अहम भूमिका निभायी। शेष जिंदगी हंसी खुशी के साथ अपने परिवार के बीच बितायेंगे। अपनी जिंदगी की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित रखेंगें। मौके पर मो० हसनेन अहमद, एस के सिन्हा, बिनोद कुमार, एसके चक्रवर्ती, सुनील सिंह, सेलवेन राज, राजेश प्रसाद नायक, मनोहर लाल, भूषण तिवारी, पितांबर, खीरू मंडल, लक्ष्मण महतो, खिरोधर हजाम, रामप्रसाद हजाम, कांडेय आदि मौजूद थे।

## झब्बू सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत

**बेरमो :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) इंटर की परीक्षा में झब्बू सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज फुसरो का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में कॉमर्स विषय की छात्रा फलक परवीन ने 418 अंकों के साथ कॉलेज टॉपर रही। वहीं गुरुचरण कौर 395 अंक, मुस्कान कुमारी 379 अंक, चांद कुमारी 377 अंक, खुशी कुमारी 359 अंकों के साथ क्रमसः दूसरे, तीसरे, चौथे व पांचवें स्थान पर रही। विज्ञान की छात्रा भूमि कुमारी 390 अंक लाकर कॉलेज टॉपर रही। जबकि काजल कुमारी 372 अंक, रानी कुमारी 365 अंक, प्रियंका कुमारी 351 अंक, सोनाली कुमारी 347 अंक लाकर क्रमसः दूसरे, तीसरे, चौथे व पांचवें स्थान पर रही। वहीं कला विषय मे जोया ताज ने 376 अंक लाकर कॉलेज टॉपर रही। जबकि सोनिया गुप्ता 366 अंक, सोनी कुमारी 359 अंक, यासमीन खातून 358 अंक, पायल कुमारी 353 अंक लाकर क्रमसः दूसरे, तीसरे, चौथे व पांचवें स्थान पर रही।

# श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल,बोकारो के निदेशक डॉ. एस एस महापात्रा की विदाई सामारोह आयोजित

संवाददाता

**बोकारो :** शिक्षा क्षेत्र में व्यक्तिगत और सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने वाले श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल,बोकारो के निदेशक डॉ एस एस महापात्रा की विदाई सामारोह का आयोजन किया गया। यह विदाई समारोह शिक्षकों के साथ हीं सभी कर्मचारियों के द्वारा अत्यंत भावनात्मक तरीके से मनाया गया। इस विदाई समारोह के दौरान डॉ० एस एस महापात्रा के विदाई भाषण ने सभी के दिलों को छू लिया। उन्होंने अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पितता और सेवा की भावना को व्यक्त किया। उनके अनुभवों और उनके उत्तम दृष्टिकोण के माध्यम से, वे छात्रों और शिक्षकों के जीवन में अद्वितीय प्रभाव डालने में सफल हुए।आज विदाई के दिन, सभी कर्मचारियों ने इनको याद किया और उनके साथ बिताए गए समय की महत्ता पर प्रकाश डाला। समारोह में, सबों ने अपने-अपने भावनाओं को व्यक्त किया और निदेशक महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पी शैलजा जयकुमार ने भी इस अवसर पर एक भावपूर्ण भाषण दिया और उन्होंने निदेशक महोदय के समर्पण और संघर्ष की महत्ता का वर्णन किया। उन्होंने भविष्य में शिक्षा क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए संकल्पित किए गए कार्यों के बारे में भी चर्चा की। इस समारोह के माध्यम से स्कूल ने उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। प्राचार्या श्रीमती पी शैलजा जय कुमार ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है। हम इनके अनुभवों से सीखते रहेंगे ,इनके योगदान और समर्पण को कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। उनके जीवन यात्रा के अगले चरण के लिए, हम सभी उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर सबों ने उन्हें अपने-अपने शब्द पुष्प चढ़ाए। निदेशक महोदय के स्वागत में पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया।



विद्यालय परिवार ने गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया।शिक्षकों ने गीत और गानों के माध्यम से भी अपनी भावनाओं को उजागर किया। निदेशक डॉ० एस एस महापात्रा ने कहा कि विद्यालय ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं पूरे विद्यालय परिवार का आभारी हूं। जिस तेजी से श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल नये मुकामों को हासिल कर रहा है,वह दिन दूर नहीं जब यह सर्वश्रेष्ठ स्कूल होगा। मेरा जीवन सदैव शिक्षा को समर्पित रहेगा। अपने कार्यों से मैं अच्छे इंसान तैयार सकूं, ईश्वर इसके लिए मुझे शक्ति प्रदान करें। यह स्कूल और फले-फूले यही मेरी मंगल कामना है।सबों से विदा लेते समय मैं भावुक अवश्य हूँ परंतु सदैव इस स्कूल के लिए कार्य करता रहूंगा।

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को विर्जयी बनाने को लेकर निकाली गई रैली



संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद संसदीय क्षेत्र से चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी के रूप में ढुल्लू महतो ने मंगलवार को अपना नामांकन किया। इस दौरान धनबाद लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा कार्यकर्ता रैली के साथ समाहरणालय भवन पहुंचे। मनईटांड़ गोल बिल्डिंग के समक्ष बैंक कॉलोनी से रवि सोनी के नेतृत्व में उनके समर्थक भी वहां पहुंचे तथा यह संकल्प लिया कि ढुल्लू महतो को जीत दिलाकर उन्हें दिल्ली भेजा जाएगा। इसके लिए वह प्रतिदिन सुबह कार्यकताओं के साथ लोगों के घर-घर जाकर ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। ढुल्लू महतो के प्रति वोट करने के लिए तैयार भी कर चुके हैं। इसमें मार्गदर्शन के तौर पर भुटका यादव का भरपूर

# लोस की लड़ाई भाजपा कांग्रेस की नहीं, आम जनता की लड़ाई है : सतपाल

संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लांच की गई घोषणा पत्र की पांच न्याय पच्चीस गारंटीयों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते चुनाव कांग्रेस कार्यालय में बताया कि कि पांच न्याय पच्चीस गारंटी से देश के हालात बदलेंगे इसे जन-जन तक पहुंचाएं। इस बार धनबाद लोकसभा की लड़ाई भाजपा कांग्रेस की नहीं है। यह आम जनता की लड़ाई है। अनुपमा सिंह युवा, अनुभवी व तेज तर्रार प्रतिभाशाली शिक्षित महिला हैं। जिसके पास धनबाद के विकास के प्रति एक विजन है। जिसके लिए वह लगातार इतनी कड़ी धूप में जनता के बीच पहुंचकर जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों की जन




समस्याओं से अवगत हो रही हैं और आश्वस्त भी कर रही है कि निश्चित रूप में धनबाद के ज्वलंत समस्याओं का निराकरण अपनी पूरी सेवा सच्चे मन समर्पित भावना के साथ जनता का उसने आशीर्वाद मिला तो करके दिखाऊंगी। भय मुक्त समाज की संरचना करूंगी। जो उनके सोच व कार्यशैली को दशार्ता है। धनबाद की जनता से हम अनुरोध करते हैं कि एक बार महिला उम्मीदवार को भारी मतों से विजई बनाने का संकल्प लें एवं नारी शक्ति को सम्मान दें।

पांच न्याय पच्चीस गारंटी से बदलेगा देश के हालात

**युवा न्याय :** पहले नौकरी पक्की हर शिक्षित युवा को एक लाख की अप्रेंटिसशिप का अधिकार।

**भरती भरोसा :** तीस लाख सरकारी नौकरियाँ सभी खाली पद कैलेंडर के अनुसार भरेंगे।

**पेपर लीक से मुक्ति :** पेपर लीक रोकने के लिए नए कानन और नीतियां

> **एक बार महिला उम्मीदवार को भारी मतों से विजई बनाने का संकल्प लें एवं नारी शक्ति को सम्मान दें**

**गिग :** वर्कर सुरक्षा गिग वर्कर यानि जोमैटो स्विग्गी। ऑनलाइन डिलीवरी बॉय के लिए बेहतर काम-काजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा।

**युवा रौशनी :** युवाओं के लिए पॉच करोड़ का नया स्टार्टअप फंड

नारी न्याय : महालक्ष्मी हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए यानी हर महीने आठ हजार तीन सौ रुपए लगभग।

**आधी आबादी पूरा हक :** केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50% महिला आरक्षण।

शक्ति का सम्मान : आशा मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी दुगने सरकारी योगदान से।

**अधिकार मैत्री :** महिलाओं को कानूनी हक और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार सहेली हर पंचायत में।

# विनोद सिंह लगातार गरीब लड़कियों की शादी में बढ़ चढ़कर मदद कर रहे हैं : शीतल दत्ता

संवाददाता

**बलियापुर ।** हर एक परिस्थिति में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए विनोद सिंह अपने क्षमता अनुसार लगातार कर रहे हैं। चाहे किसी गरीब लड़की की शादी हो, किसी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत हो या गरीब छोटे बच्चों को अस्पताल में मदद पहुंचाने का काम हो। इस तरह के सभी मानव धर्म कार्य में हरिओम सेवा संस्था तथा उनके सदस्यों के द्वारा लगातार काम करने का प्रयास जारी है। बता दें कि चांदमारी के मांझी बस्ती में एक अत्यंत गरीब लड़की की शादी में हरिओम सेवा संस्था के विनोद सिंह ने 5000 सहयोग राशि और कुछ सुखा राशन देकर मदद की और लड़की के सुखमय जीवन के



लिए आशीर्वाद दिए और अपना मानव धर्म निभाएं। इसके लिए संस्था के मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता ,संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल ,प्रभास पाल, सूर्य गोपाल भट्टाचार्य ,राणा प्रताप सिंह, सचिव हारु बावरी , राजा सिंह, बबलू बावरी,संजय रावत,अध्यक्ष डॉ० स्वरूप चौधरी ,सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान, अभय दीक्षित ,अमित सोंडा ,अमित बनर्जी ,मुकेश, दिनेश ,अनिल ,आमोद ,चंदन रंजीत महतो पिंटू ,रंजीत, विजय, अविनाश महतो, संचिता सहा आदि ने ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी।

## एक नजर

### चुनाव के लिए 2 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

धनबाद । लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद निर्दलीय उम्मीदवार प्रेम प्रकाश पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव के लिए 3 ने खरीदा नामांकन पत्र

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव के लिए आज 3 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए 3 व्यक्तियों ने 25 - 25 हजार का भुगतान करके नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो व नंदलाल चौहान मौजूद थे।

### तीनों संकाय में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का प्रतिशत 84 फीसद रहा







**सिन्दरी ।** झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा कक्षा द्वादश का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी इण्टर कॉलेज, सिंदरी के तीनों संकाय में कुल उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का प्रतिशत 84 फीसद रहा। वाणिज्य संकाय में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92 फीसद, कला संकाय में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 91 फीसद तथा विज्ञान संकाय में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 77 फीसद रहा। महाविद्यालय के कुल छात्र छात्राओं में विज्ञान संकाय की प्रिया कुमारी साव ने 89% अंक लाकर महाविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान एवं धनबाद जिले में 19 वां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। महाविद्यालय के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, सचिव प्रो० ओम प्रकाश एवं प्राचार्य डॉ० जितेन्द्र कुमार बनर्जी ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पुस्तक दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**सिन्दरी ।** क्यूएसी के तहत सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी के प्राचार्य डॉ० के.के.पाठक के निरिक्षण में पुस्तक दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रोफेसर इंचार्ज एवं राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ० सुनीता जायसवाल, बंगला विभागाध्यक्ष डॉ० शर्मिष्ठा आचार्या, वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो० सुमिरन कुमार रजक, भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो० अनिल आशुतोश एवं अर्थशास्त्र से डॉ० ममता कुमारी ने सिंदरी महाविद्यालय सिंदरी के पुस्तकालय को विषय से संबंधित पुस्तक दान किया।

# ढुल्लू महतो ने जिला समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल किया

संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद के बीजेपी उम्मीदवार चिताही धाम रामराज मंदिर में पूजा अर्चना कर लॉ लश्कर कार्यकताओं के साथ धनबाद डीसी कार्यालय पहुंचे। ढुल्लू महतो ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, निवर्तमान सांसद पी एन सिंह व विधायक राज सिंहा जिला कलेक्ट्रेट में उपस्थित रहे। इससे पहले बीजेपी प्रत्यासी ढुल्लू महतो प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को रिसीव करने धनबाद हवाई अड्डा पहुंचे। यहां आते हीं कुछ कार्यकर्ता ढुल्लू महतो जिंदाबाद करते हुए नारेबाजी करने लगे। जिससे ढुल्लू महतो नाराज हो गए और बिफरते हुए बीजेपी कार्यकताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया। ढुल्लू महतो की नाराजगी देख उत्साहित कार्यकर्ता हतोत्साहित



होते हुए एयरपोर्ट कैम्पस से बाहर निकल गए। जिसके बाद ढुल्लू महतो बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ नॉमिनेशन करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट चले गए।इधर बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी अपने पति के जीत के प्रति आश्वस्त दिखी। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद मिलेगा और राम के नाम पर उनके पति की जीत पक्की है। नामांकन दाखिल करने के बाद पैदल यात्रा करते हुए गोल्फ ग्राउंड में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित किया। इस दौरान सभी भगवा पकड़ी पहने नजर आए।

# भाजपा के लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन सांसद पशुपति नाथ ने फीता काट कर किया

संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद महानगर के जिला अध्यक्ष एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर की अध्यक्षता मे धैया के राहरगोडा में हवेली गार्डेन में भाजपा के धनबाद लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन धनबाद के सांसद पशुपति नाथ ने फीता काट कर किया। इस दौरान लोकसभा प्रत्यासी ढुल्लू महतो उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने अपने संबोधन मे कहा कि इस कार्यालय के उद्घाटन का मुख्य उद्देश्य यह है कि प्रत्याशी और कार्यकताओं को एक जगह जोड़ा जा सके। जीत के लिए सबसे अहम किरदार कार्यकताओं का हीं होता है। इनके बिना जीत सम्भव नही होता। इसलिए प्रत्याशी और कार्यकताओं का संपर्क होना बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस बार प्रधान मंत्री के चार सौ पार के आंकड़े को पार करने के लक्ष्य को पुरा करना है। इस



लिए सभी कार्यकताओं से निवदेन है कि जिस प्रकार आप लोगों का प्यार मुझे मिलता रहा है उसी तरह का प्यार ढुल्लू महतो को भी देकर भारी बहुमत से विजई बनाकर लोकसभा भेजने का काम करें। लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने अपने संबोधन मे कहा कि जिस प्रकार धनबाद की जनता का प्यार मुझे मिल रहा है उससे मेरे उत्साह में बढ़ोतरी हो रही है और धनबाद की जनता का सेवा करने का मौका मुझे जरूर प्राप्त होगा। मै धनबाद की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि मैं धनबाद की जनता का बेटा बन कर सेवा करुंगा। मैं धन्यवाद देना चाहूंगा माननीय सांसद का जिनका जिनका प्यार और आशिर्वाद मुझे सदैव प्राप्त होता आया है और मुझे विश्वास है आगे भी इसी प्रकार मिलता रहेगा। इस कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में रागिनी सिंह, सुरेश साहू, घनश्याम ग्रोवर, संजीव अग्रवाल, अमर झा, हरिप्रकाश लाटा, चंद्रशेखर सिंह, रुपेश सिन्हा, मानस रमा सिन्हा, प्रियंका रंजन, बिरेंदर हासदा, प्रितपाल सिंह, अमर चंद्रबंसी, राजकुमार मंडल, निर्मल प्रधान, आनन्द खंडेलवाल, विक्रान्त उपाध्याय, बृजनंदन शर्मा, जीत सोनी के साथ साथ अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# सोनारी एयरपोर्ट में झारखंड क्षत्रिय संघ ने गजेंद्र सिंह शेखावत का किया स्वागत



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** झारखंड क्षत्रिय संघ ने मंगलवार सोनारी एयरपोर्ट में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस दौरान झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह श महिला अध्यक्ष डॉ कविता परमार ने सयुक्त रूप से अंगवस्त्र तथा फूलों के गुलदस्ता भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर घाटशिला के जिला परिषद करण सिंह, क्षत्रिय संघ के संरक्षक नंदकुमार सिंह और उपाध्यक्ष राजीव सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सनातन धर्म को बचाने तथा राष्ट्र के विकास के लिए देश के हर व्यक्ति को अपनी अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी। उन्होंने जिप सदस्यों एवं भाजपा नेताओं से बातचीत कर सुझाव दिया कि किस प्रकार प्रत्याशी की जीत की रणनीति बनाई जाए। बहुत कम समय में ही उन्होंने अपनी बातों को सरल और मजबूती से उपस्थित लोगों के बीच में रखा। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में तथा सनातन धर्म के लिए क्षत्रियों की अहम भूमिका रही है। इसका इतिहास गवाह है।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय व क्षेत्रीय एवं शाखा पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

संवाददाता

**धनबाद ।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय व क्षेत्रीय एवं शाखा पदाधिकारियों की एक बैठक होटल ब्लैक रॉक के सभागार में मन्नान मल्लिक पूर्व मंत्री झारखंड सरकार सह कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को रामप्रीत यादव, मिथलेश प्रसाद सिंह, महेंद्र सिंह, लगन देव यादव, शशि भूषण तिवारी, संतोष महतो, वीरेंद्र अम्बष्ट, रामवृक्ष यादव, जे पी यादव, वैभव सिंह, अशोक लाल, कयूम खान, सुरेंद्र यादव, जितेंद्र शर्मा, महेश निषाद, सुनील राय, नवल पासवान, गुड्डू खान, अंजनी त्रिपाठी, सी पी संतन, अजय कुमार सिंह, वेद नारायण सिंह, मुन्ना, एस के शाही, पंकज मिश्रा, बमभोली सिंह, सीता पासवान, दुर्गा दास, रामचंद्र पासवान, दयाल महतो, वीरेंद्र बाउरी, सरजू सिंह, विमलेश चौबे, संजय निषाद,




कालीपद रवानी, अक्षयवर प्रसाद, विजय दुबे आदि ने संबोधित किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह, अध्यक्ष मन्नान मलिक और महामंत्री ए के झा ने कहा कि राजेंद्र बाबू ने अंतिम समय तक मजदूरों की सेवा की। धनबाद की धरती मजदूरों की धरती है, जो प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। वैभव की इस नगरी को पिछले 10 वर्ष में भाजपा सरकार ने पूरी तरह से बेबस कर दिया है। श्रम शक्तियां घटा दी गई है। लोकतांत्रिक अधिकार छीना जा रहा है। कई शिक्षण संस्थानों को बंद किया गया। बहाली के हर दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। उडश्क्क्र-19 में मृत लोग आज भी मुआवजे की राशि के लिए भटक रहे हैं। दूसरी ओर किसानों पर डंडे बसाया गए। बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को समाप्त करने की दिशा में हर गलत कार्य किया जा रहे हैं। पूंजीपतियों के ऋण माफ किया जा रहे हैं। सरकारी बैंकों की बुरी स्थिति की जा रही है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, जो धनबाद का लाइफ लाइन है, की नीति के तहत इसकी सारी संपत्ति माटी के भाव चंद पूंजीपतियों के हवाले की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने धनबाद लोकसभा से इस बार ऐसा प्रत्याशी दिया है, जो गरीब झारखंड वासियों की जमीन लूट रहा है, छोटे व्यापारियों को आतंकित कर रहा है, असंगठित ट्रांसपोर्टिंग मजदूर, आउटसोर्सिंग मजदूर, ठेका मजदूर को जबरन आर्थिक शोषण का शिकार बनाया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्ति के उम्मीदवार से मजदूर, किसान एवं व्यापारी आतंकित एवं परेशान हैं। इस आर्थिक अपराध के आतंक से निजात पाने के लिए हमें पंडित बिंदेश्वरी दुबे, बी पी सिन्हा, राजेंद्र बाबू के बताए रास्ते पर चलकर कांग्रेस पार्टी परिवार की मदद से महागठबंधन के सभी संगठनों के लोगों के सहयोग से, इस संसदीय चुनाव को जनता की ताकत पर, जनता के सहयोग पर, इस लड़ाई को जितना है।

# ढुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील

संवाददाता

**धनबाद।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 30 अप्रैल को धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने धनबाद में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद इस देश के भीतर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। 2014 से पहले देश की स्थिति सभी ने देखी होगी। भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार होते थे। भ्रष्टाचार भी ऐसे होते थे कि उसे गिना नहीं जा सकता था। 2014 से पहले देश के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में आतंकवादी बम फोड़ कर चले जाते थे। सरहद से सैनिकों का सिर काट कर ले जाते थे। वर्ष 2014 के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों का कोई बैंक खाता नहीं होता था। गरीब बैंक की चौखट पर भी पैर नहीं रख सकता था?। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका खाता बैंक में खुलवाकर



कट मनी पर अंकुश लगाया। झारखंड में कट मनी ज्यादा चलती थी। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि हम 1 भेजते हैं, गांव तक जाते-जाते 15 पैसे पहुंचता था। आज प्रधानमंत्री 100 डालते हैं, तो खाते में पूरे पूरे पैसे आते हैं। किसानों को किसान सम्मन निधि मिलती है। कहीं कोई कट मनी नहीं लगती है। यह 2014 के बाद का परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि पहले माता-बहनें परेशान रहती थी। शौच के लिए रात होने का इंतजार करती थी। भोर होने से पहले जाती थी। माता बहनों को शौचालय देकर सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। मां बहने खाना बनाने में परेशान रहती थी। बारिश में यह बढ़ जाती थी। आंख और फेफड़ों में धुआं जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला का कनेक्शन देकर मां-बहनों को सम्मान देने का काम किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद विकास की रफ्तार में तेजी आई। 6 लेन की सड़के बना रही है। रेलवे में भी ऐतिहासिक विकास हुआ है। हर क्षेत्र में विकास हुआ है। अस्पतालों की संख्या बढ़कर पांच गुनी हो गई है। दुनिया के भीतर भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले पिछड़ा, दिनहीन भारत का चेहरा विश्व में दिखते थे। आज सारी दुनिया भारत की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखती है। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच में फंसे भारत के नौजवानों को सुरक्षित निकालने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान में 25 में से 25 सीटें लोकसभा में आ रही है। इस बार झारखंड में भी 14 में से 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की होने वाली है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर चलती है।श्री शर्मा ने कहा कि विपक्ष कहता था कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 नहीं हटेगी। खून की नदियां बह जाएगी। जो लोग ऐसा कहते थे, उनको जवाब मिल गया। धारा 370 हटाने के बाद वहां एक कंकड़ भी नहीं फेंका गया। जब हम कहते थे कि रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। विपक्ष वाले कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। अब भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। विपक्ष ने भगवान राम को काल्पनिक बताने का काम किया। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी स्वीकार नहीं किया। जो भगवान राम के नहीं है, तो राम उनके कहां से रहेंगे। झारखंड में आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा की सरकार बनेगी।

**राज्य में भाजपा सरकार बनने पर धनबाद से गुंडागर्दी खत्म होगी : बाबूलाल मरांडी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछली बार की तुलना में अधिक वोट से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है। इस गर्मी और विपक्ष के चुनौती को भी स्वीकार करना है।

# व्यय प्रेक्षक ने जिला कंट्रोल रूम एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** लोकसभा निर्वाचन के सुचारू संपादन के निमित्त गठित जिला कंट्रोल रूम एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम तथा एमसीएमसी कोषांग का निरीक्षण व्यय प्रेक्षक एसपीजी मुदलियर एवं ईश गुप्ता द्वारा किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल, डीडीसी मनीष कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए सह वरीय पदाधिकारी व्यय कोषांग दीपांकर चौधरी मौजूद रहे। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने साकची स्थित जिला कंट्रोल रूम एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त कर्मियों से कार्यप्रणाली की जानकारी भी ली। साथ ही चौबिसों एक्टिव रहते हुए आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित भी किया। चेकनाका पर एसएसटी द्वारा वाहनों की सघन जांच, वेब-कास्टिंग से मॉनिटरिंग




पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार से अवैध शराब, ड्रग्स, नगदी, उपहार की वस्तु का अवैध परिवहन न हो तथा असामाजिक तत्व जिला में प्रवेश न कर पाएं, इसे भी सुनिश्चित करें। निगरानी के क्रम में जप्त सामग्रियों का एप के माध्यम से इंट्री कर सभी संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करायें। मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग के निरीक्षण में राजनीतिक विज्ञापनों का प्री-सर्टिफिकेशन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया पर की जा रही निगरानी की जानकारी भी ली। राजनीतिक विज्ञापन, प्रचार-प्रसार संबधी सामग्रियों के व्यय का आकलन के लिए निर्वाचन व्यय कोषांग को प्रतिवेदित करने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर सह वरीय प्रभारी एमसीएमसी कोषांग अनंत कुमार और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी पंचानन उरांव भी मौजूद थे।

## सुभाषितम्

**बड़ा सोचे, जल्दी सोचे, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है। - धीरूभाई अंबानी**

## ममता दीदी के नीचे गिरने की हद

इसे आप पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की निकृष्टता की हद मान सकते हैं कि वह केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा छोड़िए, उन पर पश्चिम बंगाल में आकर हथियार रखने तक के आरोप लगा रही हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि वे कह रहीं हैं, "जब्त की गई चीजें संभवतः उनके (सीबीआई) द्वारा एक कार में लाई गई होंगी"।
अभी तक यह क्या कम था कि संदेशखाली के आरोपितों को ममता सरकार बचाती रही और हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी वह कई दिनों तक गिरफ्तार नहीं हो सके थे। वस्तुतः वामपंथियों की क्रूरता से मुक्त होने की छटपटाहट और उसके लिए तमाम जतन करने वाली बंगाल की जनता ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जो उन्हें सुरक्षा और विकास का भरोसा दिला रही हैं, वह ममता दीदी भी भविष्य में सत्ता प्राप्त होते ही उन्हें प्रताड़ित करेंगी और समूचे बंगाल में एक ऐसा सिस्टम खड़ा करने में कामयाब हो जाएंगी जिसमें अपराधियों का ही बोल वाला सर्वत्र होगा। वहीं जो उनके विरोध में आवाज उठाएगा उसकी हमेशा के लिए साम, दाम, दंड,व भेद अपनाकर आवाज बंद कर दी जाएगी। पश्चिम बंगाल सरकार शुरू से ही संदेशखाली के डॉन शाहजहां शेख पर मेहरबान दिखी है। पहले उसके गुनाह को नहीं माना, एफआईआर तक दर्ज करने से मना किया, जब एफआईआर दर्ज हुई तो गिरफ्तारी से बचाती रही। गिरफ्तारी हुई तो सीबीआई को सौंपने से मना कर रही थी।
फिर जब न्यायालय की फटकार लगी तब कहीं जाकर संदेशखाली के मुख्य गुनहगार और उसके साथियों को ममता की पुलिस ने पकड़ा। संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख पर केवल ईडी अधिकारियों की पिटाई करवाने का ही आरोप नहीं है बल्कि संदेशखाली में जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के भी भयंकर आरोप लगे है। वाबजूद इसके आप ममता सरकार में शाहजहां का प्रभाव देखिए कि ज्यादातर मामलों में या तो केस की चार्जशीट उपलब्ध नहीं है या फिर शाहजहां के खिलाफ जांच लंबित है। वास्तव में यह तथ्य सामने आने के बाद विश्वास ही नहीं होता कि कैसे कई मामले दर्ज होने के बावजूद प्रशासन ने अब तक शाहजहां के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। शाहजहां पर तीन भाजपा समर्थकों की हत्या और बिजली कर्मचारियों की मारपीट समेत अन्य 43 मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद शेख के प्रति ममता की हमदर्दी शुरू से ही यहां देखने लायक है। अभी जो हुआ और जिस तरह के हथियार, बम इत्यादि आग्नेयास्त्र संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां के सहयोगी रिश्तेदार अबू तालेब मोल्ला के यहां मिले उससे तो लगता है कि पूरा बंगाल ही संकट के साए में है। उसके घर के फर्श के नीचे बड़ी संख्या में फायर आर्म्स छिपाए गए थे। रोबॉट-स्निफर डॉग्स और मेटल डिटेक्टर की मदद से सीबीआई और एनएसजी के कमांडो ने संदेशखाली से सात हथियार बरामद किए, जिनमें से चार विदेशी आग्नेयास्त्र हैं।
शेष देशी पिस्तौल हैं। 228 राउंड कारतूस मिले, बरामद सभी बम स्वदेशी हैं। यह तो एक तृणमूल कांग्रेस नेता के करीबी के यहां मिला है, यदि सभी के यहां ठीक से जांच हो जाए तो पता नहीं बारूद का कितना बड़ा जखीरा और आग्नेयास्त्र संपूर्ण पश्चिम बंगाल से बरामद होंगे । जिसे देखते हुए आज यहां हर व्यक्ति पर जीवन का संकट मंडरा रहा है। पता नहीं कब कौन, कहां शिकार हो जाए और कब बम की चपेट में आ जाए? ऐसे में कहना होगा कि लोकतंत्र की हत्या वास्तव में कहीं होते देखना है तो आप वर्तमान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में हिंसा ग्रस्त बंगाल को देख सकते हैं। क्या यह पहली बार है जो बंगाल में हथियार बरामद हो रहे हैं? क्या पहले भी सीबीआई या अन्य किसी केंद्रीय जांच एजेंसी ने यहां आकर हथियार रख दिए थे? जो ममता दीदी खुलेआम मंच से कह रही हैं कि तृणमूल व राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए बरामद वस्तुएं (हथियार) केंद्रीय एजेंसी सीबीआई के अधिकारियों द्वारा लाई हो सकती हैं।

## चिंतन-मनन

### विनम्रता का पाठ

**पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो? दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।**

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।
**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। प्रेमभाव बढ़ेगा।
**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।
**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।
**सिंहः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।
**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।
**तुलाः** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।
**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।
**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।
**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।
**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।
**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग



प्रहलाद सबनानी

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है।
उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है।
भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं।
भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।
नीलसन द्वारा किए गए एक सर्वे के यह बताया गया है कि जनवरी एवं फरवरी 2024 माह में भारत में विभिन्न उत्पादों की शहरी क्षेत्रों में मांग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। विशेष रूप से फरवरी 2024 के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में वृद्धि लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। रबी की फसल के भी अच्छे रहने की सम्भावना बलवती हुई है जिसके कारण किसानों की मनोदशा भी सकारात्मक बन रही है और यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर को बलवती करने के मुख्य भूमिका निभाने जा रही है। आज देश की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है यदि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों की मनोवृत्ति सकारात्मक हो रही है तो निश्चित ही वित्तीय वर्ष 2024-25, आर्थिक विकास की दृष्टि से अतुलनीय परिणाम देने वाला वर्ष साबित होने जा रहा है।

# मजदूरों के अस्तित्व और अधिकार खतरे में



डॉ. सहदेव राम

आज अंतराष्ट्रीय मई दिवस है जिसे पुरी दुनिया में आज इस दिवस को मजदूर लोग अपनी कुबार्नी की याद में दिवस को मनाते हैं। मजदूर का महत्व दुनिया के सभी देशों में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। बिना मजदूर के देश की सम्पूर्ण बनावट अधुरा माना जायेगा। इसकी कहानी की शुरूआत संयुक्त राज्य अमेरिका के मजदूरों से हुई थी जब उन्हें जबरन 16 से 20 घंटे काम कराया जाता था। जिसके बाद 1986 में संयुक्त राज्य अमेरिका में नेशनल लेबर युनियन की स्थापना हुई और तब यूनियन ने मजदूरों की आवाज को वहां के सरकार के पास मजदूरों की मांगों को रखा, किन्तु उनकी मांगों पर स्थापित कांग्रेस ने कोई भी सुनवाई नहीं की, लेकिन यूनियन का आंदोलन मांगों को लेकर दिनों दिनों तेज होता गया, किन्तु साम्राज्यवाद के कारण इस यूनियन के समर्थन में कोई मजदूर सामने नहीं आये। 01 मई 1867 को स्थापित इंगलिस असमेबली ने एक कानून पास किया कि काम करने की अवधि एक मजदूर को आठ घंटे होनी चाहिए। किन्तु इस कानुन को वहां के मालिकों ने मानने से जब इंकार कर दिया तो आक्रोशित लगभग तीन लाख मजदूर अपनी मांगों के समर्थन में पूरे शिकागो शहर में प्रदर्शन किया और वो तारिख था 01 मई। उस दिन मजदूरों ने एक नारा दिया 'दुनिया के मजदूर एक हो'। 19 मई 1869 को जब राष्ट्रपति उल्लेई एसएस ने काम के घंटे और दैनिक मजदूरी की स्वीकृति दी तो वहाँ के सरकारी कर्मचारियों में भी उत्साह आया और मजदूरों के समर्थन में साथ हो गये। हलांकि 1870 से लेकर 1880 तक आंदोलन शिथिल रहा, क्योंकि इस बीच नेशनल लेबर यूनियन भंग हो चुका था। उसके बाद राईटस ऑफ लेबर और दूसरे श्रम संगठनों ने मिलकर आंदोलन को फिर से शुरूआत किया और प्रत्येक वर्ष 01 मई को प्रदर्शन का माहौल खड़ा कर मजदूरों में जागरूकता ला दिया। 01 मई 1886 को आक्रोषित मजदूरों ने शिकागो शहर में जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें सैकड़ों की संख्या में मजदूर गोली का शिकार हुये जिसे दुनिया ''HAY MARKET AFFAIR'' के नाम से जानती है। तथा मजदूरों के खुन से रंगा कपड़ों को झंडा में तब्दील किया गया, तबसे मजदूरों का संगठन लाल झंडे का इस्तेमाल करने लगा। 03 सितम्बर 1916 को संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक कानुन पास किया जो 'एड्रान्सन एक्ट' बनाकर काम के आठ घंटे को निश्चित किया फिर वहां के सर्वोच्च न्यायालय ने 1917 में एक कानून बना दिया तथा कानून पारित किये जाने के बाद 25 सितम्बर 1926 में वहां पर स्थापित फोर्ड कंपनी ने इस कानून को अपने कर्मचारियों में लागु किया, जिससे मजदूरों को सप्ताह में पाँच दिन या सप्ताह में 40 घंटे के काम को निश्चित किया गया। अगर भारत की बात करें तो 1923 में मई दिवस की शुरूआत नेशनल किसान पार्टी ने मद्रास में आरंभ किया तथा लाल झंडे को अपना निशान बनाया जिसे पूरी दुनिया का समर्थन मिला और 1948 में इसे कानूनी दर्जा दिया गया। भारत में डॉ0 बीआर अम्बेडकर जिसे आधुनिक भारत का पिता भी कहा जाता है, ने राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के सांतवे बैठक में 27 नवंबर 1942 को प्रस्ताव पारित कर आठ घंटे काम को निश्चित करने का समर्थन दिया तथा 26 नवंबर 1949 को जब देश में संविधान का प्रस्ताव पारित हुआ तो श्रम कानून को दशार्या गया। मजदूरों के हित में मानव अधिकार आयोग ने भी तीन तरह के अधिकार दिये जिसमें श्रम कानुन जानने का अधिकार, कानून में शामिल होने का अधिकार एवं असुरक्षित जगह पर काम नहीं करने का अधिकार।
जो देश में 28 सितम्बर 2013 को लागु हुआ था, वहीं 20 जुन 2016 को भारत के श्रमिकों के लिए मोदी सरकार ने कानुन बनाये जिसके तहत मजदूरी कानून, न्यूनतम मजदूरी, श्रमिकों के लिए भविष्यनिधि, स्वास्थ्य सुविधा आदि शामिल थे, किन्तु उपरोक्त नियम उन्हीं मजदूरों के लिए है जो स्थापित संस्थानों में काम करते हैं, हलांकि सरकार ने निजि क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों पर भी उपरोक्त कानुन लागु करवाई तथा राज्यों में श्रम कानुन के तहत चार कोड स्थापित किये गये जिसकी स्वीकृति 28 नवम्बर 2019 को हुआ है। देश में श्रम न्यायालय का स्थापना किया गया 30 मार्च 2020 को पुनः मोदी सरकार ने श्रम कानुन को सख्त करते हुए प्ब्स्ळ रोजगार और श्रम कानून विनियम, भारत रोजगार और श्रम कानूनों विनियमों में आम मुद्दों को शामिल करना है, जिसमें रोजगार के नियम और शर्तें कर्मचारी प्रतिनिधित्व और औद्योगिक संबंध, भेद भाव, मातृत्व और परिवार के अधिकार और व्यवसायिक बिक्री को 51 क्षेत्रों में लागू किया गया। भारत सरकार के पहल पर 'श्रममेव जयते' नामक योजना आरंभ की गई, इसमें श्रमिकों हेतु एकीकृत खाता संख्या प्रारंभ किया गया ताकि नौकरी बदलने पर भी भविष्य निधि खाता संख्या सामान रहे साथ ही श्रमिक पहचान संख्या का प्रावधान भी किया गया। निरिक्षण की प्रणाली को पारदर्शी एवं कम्पूटर आधारित बनाया गया। अब निरिक्षण रेडम संख्या के आधार पर होगा साथ ही 72 घंटे के अंदर निरिक्षण रिपोर्ट को कम्पूटर में डालना होगा। यह प्रावधान उद्योगों को शोसन से मुक्ति प्रदान करा रहा है। वहीं मोदी सरकार ने इंसपेक्टर राज का खातमा किया। भारत में कुल आबादी का 52 प्रतिशत से अधिक मजदूर हैं, जिनमें 30 लाख से अधिक पलायन मजदूर है। जिनकी न्यूनतम मजदूरी 176 रुपए से बढ़ाकर 295 से 300 डॉलर तक है। अगर भारत में कुल रोजगार की बात करें जो स्थापित क्षेत्रों में है लगभग 13 करोड़ है, जिसमें 51 प्रतिशत से अधिक सिर्फ कृषि क्षेत्र में है, जबकि सरकारी संस्थानों में मजदूरों की संख्या लगभग 2.15 करोड़ है। जिसमें प्रतिरक्षा मंत्रालय को छोड़कर है जो 1.32 करोड़ है। कपड़ा उद्योग में मजदूरों की संख्या लगभग 55 लाख है, 20 करोड़ मजदूर जो विभिन्न राज्यों से दूसरे बड़े राज्यों के शहरों में मजदूरी करते हैं, इनमें अधिकांश मजदूर दिहारी मजदूर हैं, जिनको काम मिला तो पेट भरा अन्यथा बिना खाये दूसरे दिन काम का इंतजार करते हैं। वहीं देश में निबंधित लगभग पाँच लाख रेस्टोरेन्ट है, जहां पर 02 करोड़ मजदूर काम करते हैं, जिसमें 01 करोड़ 20 लाख लोग ग्रामीण क्षेत्रों से है, जबकि डायरी उत्पादन से जुड़े तथा शाकाहारी और मंशाहारी में लगे कर्मचारियों की संख्या लगभग 80 लाख के करीब है। आंकड़ो के अनुसार पुरी दुनिया में भारतीय विभिन्न देशों में 02 करोड़ 88 लाख 91 हजार 355 विभिन्न श्रेणी में कार्यरत है, जिसमें सिर्फ खाड़ी देशों में 90 लाख भारतीय काम करते हैं, जिसमें 90 प्रतिशत मजदूर वर्ग है। जबकि भारत में पहले से ही लगभग 24 करोड़ लोग बेरोजगार हैं तथा आज 45 वर्षो में सबसे अधिक बेरोजगारी है।

# मुस्लिम बेटियां और 'शरीयत' की बेड़ियां



डॉ. निवेदिता शर्मा

देश में एक बार फिर शरीयत एक्ट पर बहस शुरू हो गई है। ये चर्चा इन दिनों इसलिए सामने आई, क्योंकि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने केरल निवासी महिला ने अर्जी दाखिल की है। याचिकाकर्ता ने न्यायालय को बताया, वह एक अलग तरह की स्थिति में अपने को पाती है। क्योंकि भाई को डाउन सिंड्रोम बीमारी होने से वे असहाय हैं, किंतु उनकी देखभाल मेरे द्वारा ही हो रही है। अन्य सामाजिक दायित्व भी मैं बखूबी निभा ही रही हूं, किंतु शरीयत कानून मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937 में पुत्री को बेटे से आधी संपत्ति मिलती है। इस स्थिति में पिता बेटी को एक तिहाई संपत्ति दे सकते हैं, शेष दो तिहाई उन्हें बेटे को देनी होगी। अब यदि भविष्य में भाई के साथ कोई परेशानी होती है, तो फिर भाई के हिस्से वाली संपत्ति पर पिता के भाइयों के परिवार का भी दावा बन जाएगा। उक्त महिला यहां अपने लिए न्याय चाहती है और हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की तरह ही भाई के नहीं होने की स्थिति में या होते हुए भी बराबर से अपने लिए पैतृक संपत्ति में से हक चाहती है। यहां कानून की दिक्कत यह है कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा-58 के तहत संपत्ति के बारे में घोषणा की जा सकती है, लेकिन मुस्लिम पर लागू नहीं है। पर्सनल लॉ कहता है कि मुस्लिम शख्स एक तिहाई से ज्यादा संपत्ति वसीयत के जरिये नहीं दे सकता है। इसके साथ ही वर्ममान में यह एक बड़ा प्रश्न भी सामने आ खड़ा हुआ है कि मुस्लिम परिवार में पैदा होने के पश्चात भी यदि कोई इस्लाम को नहीं मानते तो क्या उन पर भी ये शरीयत एक्ट लागू होगा? निश्चित तौर पर इस प्रश्न का उत्तर देश के एक बहुत बड़े वर्ग को चाहिए जो पैदा तो इस्लाम में हुआ है, किंतु उसकी आस्था कहीं भी इस मजहब के प्रति नहीं है। इसके साथ ही यहां हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के साथ तुलना करने पर एक बात ओर समझ आती है कि पुत्री को समानता का अधिकार देने का नियम भले ही इसके माध्यम से भारत में जन्में सभी मत, पंथ, विचारधाराओं को एक साथ मिल गया था, किंतु फिर भी पुरुष सत्तात्मक समाज व्यवस्था में कुछ रास्ते सहूलियतों के ऐसे अवश्य थे, जहां एक बहन की तुलना में भाई अधिक लाभ की स्थिति में देखा जा रहा था। किंतु इसमें भी समय के साथ सुधार हुआ । 2005 में महिला हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम आया। पहले के कानून में बेटी को पैतृक आवास में रहने का अधिकार था। परंतु अब जन्म से ही बेटी को एक समान उत्तराधिकारी बना दिया गया। जैसे बेटे का हक वैसे ही अब बेटी का भी हक तय कर दिया गया।
सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट तौर पर यह निर्देश दिए हैं कि बिना वसीयत के उत्तराधिकार की स्थिति में भी हिंदू महिला बराबर की हकदार है। लेकिन रास्ता फिर भी आसान नहीं था। वर्ष 2011 में गंडूरी कोटेश्वरम्मा पिता चक्री वेंकटस्वामी का मामला प्रकाश में आया, जिसकी तत्कालीन समय में बहुत चर्चा रही। इस केस को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था यह कहकर कि बेटी और बेटों को बराबर का अधिकार है। फिर उपरोक्त फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में गंडूरी कोटेश्वरम्मा की तरफ से याचिका दायर की गई। इस याचिका पर अक्टूबर 2011 में न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा और जगदीश सिंह खेहर का निर्णय आया, जिसमें कहा गया, हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2005 के तहत बेटियां अन्य पुरुष सहोदरों के बराबर का अधिकार रखती हैं। 2005 के अधिनियम की नई धारा 6 में बेटी और बेटों को बराबर का अधिकार है। सिर्फ अधिकार ही नहीं, बराबरी का उत्तरदायित्व भी निभाना पड़ेगा। साथ ही इस निर्णय में यह भी कहा गया कि यदि बेटियों को बेटों के बराबर उत्तराधिकार का अधिकार नहीं दिया जाता है तो यह संविधान के द्वारा दिए गए समानता के मौलिक अधिकारों का भी हनन होगा। बेटियों को पिता की संपत्ति में हक नहीं देना एक ओर समानता के मौलिक अधिकार का हनन है तो दूसरी ओर यह सामाजिक न्याय की भावना के भी विरुद्ध है। निष्कर्ष यह है कि जो हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 में लागू हुआ, उसमें भी कुछ खामियां चिह्नित की गईं और उन्हें समय के साथ 2005 में दूर किया गया। फिर भी जो थोड़े बहुत भ्रम थे, उन्हें अक्टूबर 2011 में न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा और जगदीश सिंह खेहर के महिलाओं के हक में आए निर्णय ने दूर कर दिया था। लेकिन यह समानता का अधिकार मुस्लिम बेटी या महिला होने पर उसे आज तक नहीं मिल सका है। जिसे वास्तविक रूप से पाना उसका संवैधानिक अधिकार है; जैसा कि इस गंडूरी कोटेश्वरम्मा केस में न्यायालय के 2011 के निर्णय में प्रत्येक महिला को पुरुष के बराबर संपत्ति में से अधिकार देना अनिवार्य करार दिया है। यहां केरल निवासी महिला का मामला भी कुछ इसी प्रकार का है, जिसे अपने लिए मुस्लिम होने पर संविधानिक के स्तर पर न्याय चाहिए।

## दैनिक पंचांग

**01 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.16 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मिथुन | 08.14 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.27 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.44 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 14.56 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.06 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.21 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.37 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.42 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.29 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मीन | 03.01 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.32 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 122 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 05.47 बजे तदनन्तर अष्टमी 04.02 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 03.11 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुभ 20.01 बजे को समाप्त। **करण** बव 05.47 बजे, बालव 16.57 बजे तदनन्तर कौलव 04.02 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 10' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871966 **जूलियन दिन** 2460431.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 21 **विशेष** कालाष्टमी, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस, महाराष्ट्र, गुजरात स्थापना दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 | से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 | से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 | से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 | से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 | से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 | से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 | से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 | से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 | से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 | से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 | से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 | से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 | से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# गांव वाले ने बराती के साथ किया घिनौना हरकत



> असमाजिक तत्वों ने लड़की को शादी में देने के लिए लाए बक्शा सहित सभी समान को बर्बाद कर दिया

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बरडंडा पंचायत के नवकाटोला गांव के हंसराज रजवार के बेटी की सोमवार को शादी होनी थी। बारात के पहुंचनेपर लड़की पक्ष के परिजन बरातियों के स्वागत में लगे थे। इसी बीच बगल गांव पांती के कुछ असमाजिक तत्व शराब के नशे में धुत होकर बराती के साथ मारपीट करने लगे। जहां उपस्थित सभी बाराती रात में ही अपना जान बचाकर भाग गए। असमाजिक तत्वों ने लड़की को शादी में देने के लिए लाए बक्शा सहित सभी समान को बर्बाद कर दिया। बरात हैदरनगर थाना क्षेत्र के निमियां गांव से गई थी। बराती पक्ष केबटेश्वर रजवार व लड़का के बहनोई विकास रजवार को जम कर लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में किया गया। इस संबंध में लड़की के पिता हंसराज रजवार द्वारा मोहम्मद गंज थाना को सुचना दी गई। हंसराज रजवार ने बताया कि बरात आने की खुशी में पुरे रजवार परिवार के लोग लगे हुए थे। इसी बिच पांती गांव के कुछ युवक शराब के नशे आकर बराती के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के भय के कारण सभी बाराती भाग गए।

उन्होंने कहा कि कोई भी बराती ना नाश्ता किया ना ही खाना खाया। हंसराज रजवार ने कहा कि अब मेरी बेटी की शादी कैसे होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी लड़की के शादी को सफल बनाने में गांव सहित आसपास के लोग खड़े होकर शादी को संपन्न कराते हैं। किंतु हमारे यहां लोग ऐसे घिनौने हरकत कर क्षेत्र व पंचायत को बदनाम कर दिया।

उन्होंने स्थानीय प्रशासन से हल्दी लगी अपनी बेटी की शादी कराने व जिन लोगों द्वारा इस तरह के घिनौने हरकत करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी लिया है, आवेदन प्राप्त होते ही आरोपियों के विरुद्ध कारवाई की जाएगी।

# पुलिस ने 46 बच्छड़ों को किया बरामद

● पशु व्यापारी ने पुलिस पर बछड़ा छीनने का लगाया आरोप, न्याय की लगाई गुहार



संवाददाता

**हरिहरगंज।** पिपरा पुलिस ने रविवार की रात भीतिहा मोड़ के समीप से तस्करी कर ले जा रहे 46 बछड़ों को बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि पशु तस्करों द्वारा बछड़ा को ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर एसआई नकुल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए भीतिहा मोड़ से बछड़ों को बरामद किया। हालांकि तस्कर पुलिस को देख भाग गए। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गयी है। वही जप्त बछड़ों को मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों को जिम्मेनामा पर दे दिया गया है।

उधर धुसरुआ गांव निवासी गुड्डू कुमार यादव ने पुलिस पर जबरन पशु छीन कर ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ नंदकेसर यादव, भीखन उरांव तथा राजेश्वर यादव एक साथ मिलकर पशु का व्यापार करते हैं। ये सारे पशु बिहार के कैमूर जिला के चैनपुर थाना अंतर्गत सिरसी पशु मेला से बछड़ा को खरीद कर लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के सलनी बाजार बेचने ले जा रहे थे। तभी पुलिस ने बछड़ों की खरीदी कागजात को मारपीट कर छीन लिया तथा बछड़ा को जबरन थाना ले गयी। उक्त व्यापारियों ने न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में थाना प्रभारी से पूछे जाने पर कहा कि लगाए गए सारे आरोप गलत हैं।

## एक नजर

### मां अष्टभुजी मन्दिर में प्रतिष्ठित मां की दिव्य प्रतिमा भक्तों को कर रही है मंत्र मुग्ध



**मेदिनीनगर।** मां अष्टभुजी मंदिर.जी एल.ए. कालेज गेट माँ भगवती की अनुपम छटा विखेरता माँ का यह मंदिर और इस मंदिर में प्रतिष्ठित माँ की दिव्य प्रतिमा भक्तो को मन मुग्ध हो जाता है। बताते चले कि इस मंदिर की स्थापना स्थानीय निवासी लोग नवयुक संघ के द्वारा हुई थी। मन्दिर के पुजारी प.घनश्याम तिवारी शांडिल्य जी ने बताया कि चैत्र का मुख्य रंग पीला है। इसलिए मां को पीले वस्त्र के साथ, अन्य आभूषणों से चैत्र नवरात्र में श्रृंगार किया गया है। इस अवसर पर पीले रंग से विभूषित किया गया है। इसका वर्णन काव्य गन्थों,शास्त्रों तथा पुराणों में सुंदर सजीव वर्णन के रूप में मिलता है। पिला रंग समृद्धि और प्रेम का प्रतीक माना गया है। मां के इस दिव्य अनुपम दरबार में नित्य भक्तो के जीवन मे चमत्कार होते रहते है। इस दरबार मे जो भी भक्तजन आते है। उनकी मनःकामना माता अवश्य पूरी करतीं है। यही कारण है कि मां के दरबार मे नित्य भक्तो का सैलाब उमड़ता है।

### परिवारिक विवाद में 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी रफीक अंसारी की पुत्री रानी खातून उम्र 18 वर्ष सोमवार की शाम परिवारिक विवाद में घर में फांसी लगा ली। जिसमे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में देर रात उसकी मौत हो गई। वही इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम रानी खातून को अपने घर में किसी बात को लेकर परिजनों से झगड़ा हो गया। इस बीच गुस्से में आकर वह एक कमरे में बंद होकर फांसी लगा ली सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### सब्जी दुकान में लगी आग

**मेदिनीनगर।** शहर के बाजार क्षेत्र में लादीगढ़ कांप्लेक्स के सामने नसीम अहमद के सब्जी दुकान में सोमवार की रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई।आग लगने के बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। इसके बाद दुकानदारों के द्वारा आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर लगी आग को बुझाया। वही घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान हवलदार विनोद यादव,इसरार खान घटनास्थल पर पहुंचकर आग लगने की घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए थे। इस संबंध में भुक्तभोगी नसीम अहमद ने बताया कि सोमवार की रात करीब 9:00 बजे वह अपना दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। तभी बाजार के दुकानदारो द्वारा सूचना दिया गया कि उनके दुकान में आग लग गई है। मुक्त भोगी ने बताया कि आग लगने की वजह से दुकान में रखे लाखों का सामान सहित एक मोटरसाइकिल जल कर खाक हो गया है। जिसमें उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

### अनियंत्रित होकर कार पलटी

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-नबीनगर नहर सड़क पर एकौनी गांव के समीप अनियंत्रित होकर कार नहर में चली गयी, बताया जा रहा है कि जपला की ओर से नबीनगर की तरफ जा रही कार की रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर नहर में जाकर पलट गई, हालांकि प्राप्त जानकारी के अनुसार कोई हताहत होने की सूचना नही है, हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का मामला है।

### हुसैनाबाद पूर्व अध्यक्ष के प्रयास से ट्रांसफार्मर फिर से किया गया चालू



**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के भट्ठी मुहल्ला स्थित बिजली के ट्रांसफॉर्मर में बीती रात्रि आग लग गयी। आग लगने की घटना की जानकारी स्थानीय लोगो सुबह करीब तीन बजे हुसैनाबाद के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार को दिया। नपं अध्यक्ष स्थल पर पहुच कर बिजली विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों को ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की सूचना दिया, जिसके बाद बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बंद कर दिया और मौके पर पहुच कर ट्रांसफॉर्मर में लगे आग को भुझा कर ट्रांसफॉर्मर को ठीक करने में अहम भूमिका निभाई।

# गोलीकांड के खिलाफ छतरपुर रहा बंद



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सोमवार की रात छतरपुर में दो घटनायें हुईं। पहली घटना में छतरपुर के ही संजय डोम नामक युवक का शव छतरपुर एनएच 98 के बाइपास के पास मिला। उसके गले में गोली लगने जैसा घाव था। अस्पताल लाने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद परिजन संजय का शव जबरदस्ती ले भागे।बाद में छतरपुर थाना प्रभारी ने किसी तरह शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा। पुलिस का कहना था कि संजय की मौत दुर्घटना से हुई है। हांलाकि उसके बदन पर दुर्घटना के निशान नहीं थे।

संजय का पोस्टमार्टम रिपोर्ट जब आएगा तब मामला साफ होगा। संजय ओझा गुणी का भी काम करते थे। उनके परिजनों का कहना है कि उनकी हत्या करके उसे दुर्घटना का रूप दे दिया गया है। सोमवार को ही, दूसरी घटना करीब नौ बजे रात में घटी नगर पंचायत क्षेत्र के खाटिन के संतोष साव छतरपुर में खैनी बेचते हैं। हर दिन की तरह दुकान बंद करके करीब नौ बजे रात में वे घर लौट रहे थे। खाटिन रोड में दो बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोककर दो गोली मारी और भाग गये। संतोष साव को छतरपुर से मेदिनीनगर और फिर रांची रेफर कर दिया गया है। उनका इलाज मेडिका में चल रहा है। इस मामले में पुलिस एक महिला से पूछताछ कर रही है। संतोष साव के बेटे ने जिस युवती से अंतरजातीय विवाह किया है, उस महिला का कहना है कि उसके श्वसुर को उसके भाई ने गोली मारी है। छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन सहित दर्जनों व्यवसायियों ने पुलिस से अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है । कहा है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो अनिश्चित कालीन आंदोलन होगा । उन्होंने कहा कि हत्या और लूट की कई घटनाएं घटने के बाद भी पुलिस इन घटनाओं के उद्भेदन में और संबद्ध अपराधियों को गिरफ्तार करने में पूरी तरह विफल रही है इसीलिए अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। इस दौरान कुछ देर तक सड़क जाम भी रहा। छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम को व्यवसायियों ने 12 घंटे का अल्टीमेटम दिया है ।

**'सुरक्षा नहीं तो वोट नहीं'**

मंगलवार को छतरपुर बाजार की सभी दुकानें बंद रहीं । व्यवसायियों ने पैदल मार्च निकाला । वे हाथों में तख्तियां लिये हुए थे जिनपर लिखा था कि सुरक्षा नहीं तो वोट नहीं। व्यवसायियों का गुस्सा पुलिस के साथ साथ जनप्रतिनिधियों पर भी था । उनका कहना था कि चाहे अपराध हों या आम लोगों की अन्य समस्याएं, उन्हें दूर करने की कोशिश करना तो दूर की बात रही, जनप्रतिनिधि इस बावत बयान तक देने से कतराते हैं।

**पूरे शहरी क्षेत्र में नहीं है सीसीटीवी कैमरा**

छतरपुर शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा नहीं है। पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर द्वारा लगवाया गया सीसीटीवी कैमरा पुलिस ने ही खुलवाकर रखवा दिया था। घायल संतोष साव को देखने जब निवर्तमान सांसद बीडी राम, पूर्व सांसद मनोज कुमार आदि पहुंचे तो यह मुद्दा उठाया और पुलिस को नाकाम बताया।

**बीते वर्ष और इस वर्ष भी छतरपुर इलाके में हुई हैं कई आपराधिक घटनायें**

18 जनवरी को करीब 3:45 बजे छतरपुर थाना से महज सौ मीटर की दूरी पर बाइक सवार अपराधियों ने हरिहरगंज के किराना व्यवसायी शुभम कुमार गुप्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी । इसके पूर्व मदनपुर के नरेश ठाकुर 25 दिसंबर 2023 को उंटवा ढोढ़ा के पास घायल अवस्था में बेहोश मिले थे । उनके सिर पर गंभीर जख्म थे । उनकी मौत इलाज के दौरान रांची में हुई थी । इस मामले में परिजनों ने कुछ को नामजद भी किया था । इसके बाद धीरज नामक युवक का शव लोहराही गांव के एक क्यों से मिला था।उसकी हत्या कर शव को कुयें में डाल दिया गया था। उक्त सभी घटनाओं के उद्भेदन में छतरपुर पुलिस अब तक विफल रही है।

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मेदिनीनगर के दौरे को लेकर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी। इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास,वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व पुलिस पास को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन को दो हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट युक्त एंबुलेंस भी रखने पर बल दिया गया। इसी तरह उन्होंने फूड सेफ्टी ऑफिसर,फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये। वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट पर रहने को लेकर निर्देशित किया गया।मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के आरोपी पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति तसलीम अंसारी को 10 बर्ष की सश्रम कारावास की सजा सजा सुनाई है। सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतिका के पति, ससुर, सास, गोतनी व भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में कांड संख्या 49/2021 दिनांक17/6/2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी/34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाई थी कि मैं अपनी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच बर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी के एक बर्ष बाद से ही मेरी लड़की के साथ दहेज हेतु प्रताड़ित किया जाता था। वह बीच बीच मे बराबर अपनी बेटी दामाद को पैसा देते रहती थी। दिनाक 16 जून 2021 को सुचिका अपने पुत्र मो अहजद से 50 हजार रुपया भेजी थी। 17 जून 2021 को नाजिया खातून को जान मार दिए तथा उसे लटकाकर फांसी का स्वरूप दे दिए।

जहा फांसी लगाकर मरने की बात बताई गई थी। वहां बास से चारपाई के बीच की उच्चाई चार फीट था जबकि मृतिका नाजिया खातून की लंबाई छह फीट था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नाजिया खातून की मृत्यु दम घुटने से हुई थी।अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति को 10 बर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं। साथ ही मृतिका नाजिया खातून के नाबालिग पुत्र को पुनर्वास की व्यवस्था करने व मृतिका की मां शहीदा बीबी को भी मुआवजा देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू को दिया है। इस केस के एक मुदालय ससुर वली मोहम्मद मिया को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। विदित हो कि पुलिस के द्वारा मृतिका के सास पारो बीबी, गोतनी असमीना बीबी व भसुर कासिम मिया को अनुसंधान में नाम हटा दिया गया था।

# इंटर आर्टस की परीक्षा में हरिहरगंज की निशा शर्मा ने लहराया परचम



संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** झारखंड अधिविद परिषद द्वारा जारी इंटर आर्टस परीक्षाफल में आर के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा निशा शर्मा ने जिले के टॉप टेन में पांचवां स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त की है। उसने 407 अंक प्राप्त कर हरिहरगंज प्रखंड का नाम रौशन किया है। वह शहरी क्षेत्र के नदी रोड निवासी विश्वनाथ विश्वकर्मा तथा सरिता शर्मा की पुत्री है । पिता स्वरोजगार करते हैं जबकि माता गृहिणी है । अपने तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी निशा ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व विद्यालय के गुरू जनों को दी है। उसने बताया कि नियमित रूप से विद्यालय में पढ़ाई तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन में सेल्फ स्टडी के बदौलत उसने यह सफलता अर्जित की है। पढ़ाई के साथ बैडमिंटन खेलना उसे पसंद है। आगे की पढ़ाई पूरी कर प्रशासनिक सेवा में जाना उसका लक्ष्य है। वहीं उसकी सफलता पर सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षकों ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सांइस में अमित कुमार मेहता, कॉमर्स में सौरव कुमार जबकि आर्ट्स में खुशी कुमारी पलामू जिला टॉपर बने



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 (12वीं) का मंगलवार को जारी परीक्षा परिणाम में पलामू जिले से साइंस में 80.80%, कॉमर्स में 90.27% और कला संकाय में 81.94% छात्र-छात्राओं ने सफलता पाई है। हालांकि पिछले साल की तुलना में साइंस में 10.3 फीसदी और कला संकाय में 10.25 प्रतिशत कम रिजल्ट हुआ है। दूसरी तरफ कॉमर्स में पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 1.35 प्रतिशत अधिक छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। सांइस में अमित कुमार मेहता, कॉमर्स में सौरव कुमार जबकि आर्ट्स में खुशी कुमारी पलामू जिला टॉपर बने हैं। साइंस में जिला टॉप-10 में जिला मुख्यालय के एक भी विद्यार्थी नहीं साइंस में इस वर्ष पलामू जिला राज्य में छठे स्थान पर रहा जबकि पिछले साल-2023 में 91.10 प्रतिशत विद्यार्थी सफलता अर्जित कर राज्य में साइंस संकाय में पलामू का स्थान चौथा था। कॉमर्स संकाय में पिछले साल की तुलना में इस वर्ष का परिणाम कुछ सुधरा है, परंतु राज्य में पलामू का स्थान 14वां स्थान रहा। साइंस में शहरी क्षेत्र के एक भी स्कूल जिला टॉप टेन में कोई स्थान नहीं बना सका है। कला में मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के दो और कॉमर्स में जेसए कॉलेज के चार छात्र-छात्राओं ने जिला टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है। साइंस में पाटन और हुसैनाबाद क्षेत्र का जिला टॉप टेन में अधिक दबदबा रहा। पिछले साल 88.92 फीसदी छात्र कॉमर्स संकाय में सफल हुए और राज्य में पलामू का स्थान 12वां था। कला संकाय में इस वर्ष राज्य में पलामू का स्थान निचले पायदान पर है। राज्य में पलामू का कला संकाय में 24 वां स्थान मिला है। पिछले साल कला संकाय में 92.2 फीसदी छात्र सफल हुए थे और राज्य में पलामू का स्थान 21 वां था। इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने तीनों संकायों में बेहतर प्रदर्शन किया है।

## एक नजर

### विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी थाने की पुलिस ने सोमवार देर रात जलपाईमोड़ से एक टोटो से लाखों रुपये की विदेशी शराब जब्त की है। वहीं, इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम राजेश कुमार (33) और एमडी इमरान (23) है। इनमें राजेश बिहार का और इमरान सिलीगुड़ी के विश्वास कॉलोनी का निवासी है। सूत्रों के अनुसार, सिलीगुड़ी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जलपाईमोड़ में अभियान चलाकर एक टोटो को जब्त किया। जब टोटो की तलाशी लेने पर लाखों रुपया का विदेशी शराब बरामद हुआ। जिसे अवैध शराब बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस ने टोटो चालक सहित दो को गिरफ्तार कर लिया। सिलीगुड़ी थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### लूट की दो बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की सिमराहा ओपी थाना पुलिस ने हाइवे से हथियार का भय दिखाकर कर लूटी गई दो बाइक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।एसपी अमित रंजन के निर्देश पर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और सिमराहा ओपी थानाध्यक्ष रूबी कुमारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की।गिरफ्तार आरोपितों में सिमराहा ओपी तहां क्षेत्र के औराही पूरब के रहने वाले अमित कुमार यादव पिता -सुशील यादव और निशांत कुमार राज पिता -अशोक यादव है।पुलिस ने इनके पास से लूटी हुई अपाची बाइक को बरामद किया है।इसकी पुष्टि सिमराहा ओपी थानाध्यक्ष रूबी कुमारी ने भी की। दरअसल 15 अप्रैल को सिमराहा थाना के अंतर्गत एनएच 57 पोठिया पुल के समीप हथियार का भय दिखाकर बदमाशों ने अपाची मोटरसाइकिल लूटकांड को अंजाम दिया गया था।

### सागरदिघी में 322 किलोग्राम गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद।** जिले के सागरदिघी थाने की पुलिस ने मंगलवार सुबह गांजा की तस्करी करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से करीब 322 किलो गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान राजीव आलम (27) और हलदर मिया (31) के रूप में हुई है। ये दोनों कूचबिहार के निवासी हैं। मंगलवार सुबह सागरदिघी थाने की पुलिस को सूचना मिली कि कूचबिहार जिले के तूफानगंज से कुछ युवक एक कार में भारी मात्रा में गांजा भरकर नदिया जिले के चाकदह ले जाने की फिराक में हैं। मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 पर धूमरपहाड़ इलाके में एक मालवाहक वाहन की तलाशी लेने पर 322 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बरामद गांजे की कीमत करोड़ों में है।

### आग्नेयास्त्र के साथ एक गिरफ्तार

**अलीपुरद्वार।** बीरपाड़ा थाने की पुलिस ने आग्नेयास्त्र के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम सरफराज आलम है। वह रामझोड़ा इलाके का निवासी है। सूत्रों के अनुसार, बीरपाड़ा थाने की पुलिस को सोमवार देर रात गुप्त सूचना मिली कि पावरग्रिड इलाके में एक शख्स बंदूक दिखाकर लोगों को डरा रहा है। सूचना पाकर बीरपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त शख्स को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से पुलिस ने एक आग्नेयास्त्र और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। बीरपाड़ा थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### तृणमूल के लिए काम कर रहे हैं बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी : भाजपा

**कोलकाता ।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख सुकांत मजूमदार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी पर सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक पत्र केंद्रीय चुनाव आयुक्त को लिखा है। इसमें उन्होंने इस बात का जिक्र किया है कि पश्चिम बंगाल के अधिकतर विज्ञापन साइट्स पर केवल तृणमूल कांग्रेस के बैनर पोस्टर लगाए गए हैं जबकि विपक्षी दलों को कोई भी जगह अलॉट नहीं की जा रही है। उन्होंने अपने पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि इस बारे में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के पास शिकायत किए हुए एक महीने से अधिक का वक्त हो गया लेकिन इस पर संज्ञान तक नहीं लिया गया है। मंगलवार को लिखे अपने पत्र में सुकांत मजूमदार ने कहा है, ₹केवल पश्चिम बंगाल में ही विपक्षी दलों को विज्ञापन के लिए जगह नहीं दी जा रही है, जबकि अधिकांश होर्डिंग्स और विज्ञापन साइटों पर सत्तारूढ़ तृणमूल का कब्जा है। इस बात को बताए हुए एक महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल के सीईओ ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल में की जनसभा

# बंगाल को हिंदू विहीन करने की साजिश कर रहें तृणमूल व कांग्रेस : योगी

**कांग्रेस पूरे देश में आपके अधिकारों को छीन कर घुसपैठियों को देने में लगी हुई है**



एजेंसी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक के तौर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में जनसभा की। बहरमपुर की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पश्चिम बंगाल को हिंदू विहीन करने की साजिश तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस मिलकर रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल की डेमोग्राफी को बिगाड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस ने घुसपैठियों को बंगाल में संरक्षण देना शुरू किया है और कांग्रेस पूरे देश में आपके अधिकारों को छीन कर घुसपैठियों को देने में लगी हुई है। इन दोनों ने मिलकर गठबंधन बनाया है। उन्होंने कहा कि जिस बंगाल से स्वामी विवेकानंद ने विश्व मंच पर चढ़कर कहा था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। जहां से राष्ट्र गीत और राष्ट्रगान पूरे देश को मिले। आज वहां दुर्दशा हो गई है। हर त्योहार पर दंगा होता है। हिंदुओं को मारा-पीटा जाता है और सरकार दंगाइयों को बचाती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से सात साल पहले यह स्थिति उत्तर प्रदेश की भी थी और भाजपा की सरकार जब से बनी उसके बाद से आज तक एक भी दंगा नहीं हुआ। आज बहन-बेटियां सुरक्षित हैं, व्यापारियों का व्यापार बेरोकटोक चल रहा है और अपराधी भाग रहे हैं। बंगाल में भी ऐसा ही करना होगा। भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां अपराधी भागते नजर आएंगे और घुसपैठिए खदेड़े जाएंगे। उन्होंने लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में कम से कम 35 सीटें जीतने का दावा किया और कहा कि केंद्र में एक बार फिर मोदी की सरकार बनाने के लिए जरूरी है कि अबकी बार 400 पार सीटें जीती जाए। उन्होंने कहा कि बंगाल में भी ममता बनर्जी के शासन को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने संदेशखाली का जिक्र करते हुए कहा कि यहां घुसपैठिए अपराधियों को ममता वोटबैंक के लिए बचाती हैं और बंगाल की बहन-बेटियों पर अत्याचार करवाती हैं। भाजपा की सरकार आएगी तभी इन सब चीजों से आजादी मिलेगी।

### तिलोत्तमा में 43 डिग्री पहुंचा पारा

**कोलकाता।** कोलकाता में अब तक की रिकॉर्ड गर्मी। मंगलवार दोपहर शहर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। घर से बाहर कदम रखने पर सूरज की गर्मी से शरीर, हाथ और पैर व्यावहारिक रूप से झुलस जाते हैं। बह रहा है पसीना। घर में शांति नहीं है। यह घर में गर्म हवा के प्रति भी प्रतिरोधी है। पूरे अप्रैल महीने बंगाल में आग जारी है। सोमवार दोपहर शहर का तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस था। महज 24 घंटे में ही तापमान 2 डिग्री बढ़ गया। पिछले सात दशकों का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम का इतिहास कहता है कि 19वीं सदी की शुरूआत में भी बंगाल में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ती थी। 2 अप्रैल, 1902 को कोलकाता में पारा 43.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसके बाद अप्रैल 1954 में कोलकाता भी ऐसे ही आगजनी हमले का शिकार हुआ था।

## रेखा पात्रा समेत 6 बीजेपी उम्मीदवारों को चुनाव से पहले केंद्रीय सुरक्षा मिल रही है



संवाददाता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के बीच राज्य में 6 बीजेपी उम्मीदवारों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब उन्हें केंद्रीय सुरक्षा मिल रही है। बशीरहाट से उम्मीदवार रेखा पात्रा सहित कुल 6 लोगों को मतदान खत्म होने तक केंद्रीय बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, रेखा पात्रा के अलावा रायगंज के कार्तिक पाल, बहरामपुर के निर्मल साहा, झाड़ग्राम के प्रणथ टुडू, मथुरापुर के अशोक पुरकैत और जयनगर के अशोक कंडारी को केंद्रीय सुरक्षा मिल रही है। चुनाव के दौरान विभिन्न संवेदनशील केंद्रों पर पार्टी उम्मीदवारों की सुरक्षा बढ़ाने का विचार बीजेपी का था। ऐसा आवेदन गृह मंत्रालय को किया गया था। अंततः दो दफा वोटों के बाद मंत्रालय ने इसे मंजूरी दे दी। सूत्रों के मुताबिक, बशीरहाट से बीजेपी उम्मीदवार और संदेशखाली की विरोध चेहरा रेखा पात्रा को एक्स ( ) श्रेणी की सुरक्षा दी जा रही है। उनकी सुरक्षा में अब से सीआईएसएफ के जवान तैनात रहेंगे। रेखा पात्रा की सुरक्षा को लेकर बीजेपी के लिए अतिरिक्त सिरदर्द था।

रेखा पात्रा ने संदेशखाली में महिलाओं से दुष्कर्म और उत्पीड़न के आरोप में गवाह के तौर पर मजिस्ट्रेट के सामने गुप्त बयान दिया था। लोकसभा चुनाव 2024 में बशीरहाट सीट से चुनाव लड़ने के बाद वह खुद सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। इस बार उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा दी गई है। रेखा की सुरक्षा केंद्रीय सेना द्वारा की जाएगी। बीजेपी सूत्रों से खबर, तमलुक के अभिजीत गांगुली को पहले से ही वाई ( ) श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। इसे हाई प्रोफाइल उम्मीदवारों के लिए मतदान के दौरान भी रखा जाता है। बहरामपुर के निर्मल साहा, झाड़ग्राम के प्रणथ टुडू, मथुरापुर के अशोक पुरकैत और जयनगर के अशोक कंडारी के भी गृह मंत्रालय ने इन सभी की सुरक्षा बढ़ा दी है। इसके अलावा केंद्रीय सेना के जवान बंगाल बीजेपी नेता अभिजीत बर्मन और तापस दास को भी सुरक्षा देंगे।

## आप नौकरी खा रहे हैं', प्राथमिक टेट मामले की सुनवाई में विकास रंजन के आसपास भारी विरोध प्रदर्शन



संवाददाता

**कोलकाता।** कई लोग सीपीएम नेता और वकील विकास रंजन भट्टाचार्य को इस समय राज्य के सबसे ज्वलंत मुद्दों में से एक, भ्रष्टाचार के कारण शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नौकरियों को रद्द करने जैसे मुद्दों के पीछे का नायक मानते हैं। सत्ताधारी पार्टी तृणमूल के नेता विभिन्न सार्वजनिक सभाओं में उनका नाम लेकर उन पर हमला कर रहे हैं। भर्ती भ्रष्टाचार के आरोपों को सबसे पहले कानूनी दायरे में लाने वाले विकास रंजन भट्टाचार्य को नौकरी चाहने वालों के विरोध का सामना करना पड़ा। प्राथमिक टेट नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों ने कोलकाता उच्च न्यायालय परिसर में उनके आसपास विरोध प्रदर्शन किया। कई लोग दावा करते हैं कि प्रदर्शनकारी वास्तव में विवादास्पद आढ़तियों का हिस्सा हैं। हालाँकि, वकील विकास रंजन भट्टाचार्य उनके विरोध को महत्व देने से हिचक रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर आप नाराज हैं तो कहीं और चले जाइए। प्राइमरी टेट नियुक्ति में भ्रष्टाचार के मामले की सुनवाई मंगलवार को कोलकाता हाई कोर्ट के जस्टिस राजशेखर मंथा की बेंच में हुई। उस केस के वकील विकास रंजन भट्टाचार्य हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रारंभिक भर्ती परीक्षा की ओएमआर शीट से कैसे छेड़छाड़ की गई। सुनवाई के बाद, बिकास जैसे ही अदालत कक्ष से बाहर निकले, प्राथमिक विद्यालय के विवादास्पद शिक्षकों के एक समूह ने उन्हें घेर लिया। शिकायत की कि विकास रंजन भट्टाचार्य की कारण नौकरी जा रही है। ₹नौकरी खा रहे हैं₹ - अनुभवी वकील को यह भी सुनना पड़ता है। हालाँकि, वह बिना कोई प्रतिक्रिया दिए अदालत परिसर से चले गए। विकास रंजन भट्टाचार्य ने गण माध्यम को प्रतिक्रिया देते हुए विरोध को महत्व नहीं दिया। उनके शब्दों में, "उस घटना को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। वे सब छोटे बच्चे हैं। मैं केस लड़ रहा हूं, सवालों का जवाब दे रहा हूं। वे कह रहे थे, हम लोगों की नौकरी क्यों गयी? हमने भ्रष्टाचार नहीं किया। मैंने कहा, किसने किया, किसने नहीं किया, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भ्रष्टाचार हुआ है इस लिए नौकरी गयी। और क्या किया जा सकता है? यदि आप क्रोधित हैं तो कहीं और चले जाएँ। मेरे आसपास उपद्रव करने का कोई मतलब नहीं है। लोगों का कहा है लेकिन जितना वह विरोध को कमतर आंकते हैं।

## मैट्रिक -इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्चा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



एजेंसी

**अररिया।** मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुर्णिया में विद्या विहार ग्रुप द्वारा आयोजित कैरियर काउंसलिंग व सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।जिसमे बड़ी संख्या में फारबिसगंज के विजडम और एसजी टीचिंग सेंटर के मेधावी बच्चे व शिक्षक सम्मानित हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रांची के कैरियर काउंसलर विकास कुमार ने छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग के सभी बिंदुओं नीट, आईआईटी आदि की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बच्चों के सवालों का बिंदुवार उत्तर दिया। कार्यक्रम के सन्दर्भ में निदेशक राशिद जुनैद ने बताया कि विजडम के छात्र इंटरमीडिएट साइंस में फारबिसगंज के टॉपर रहे विकास गुप्ता, आर्टस संकाय की इन्स्टीट्यूट टॉपर नीलोफर प्रवीण व अजीत कुमार व एसजी के मेधावी छात्रों में कोमल कुमारी, शाहाना प्रवीण, आफरीन प्रवीण, सानिया प्रवीण, अंकित कुमार, दिलखुश कुमार, मंटू कुमार, मनीर अंसारी, मो रेहान, मो शादाब, मो सोहेल, मो शाद, नीतीश कुमार, शिवम कुमार, शुभम कुमार, को कैरियर काउन्सलर विकास कुमार के हाथों ट्रॉफी और स्कॉलरशिप सर्टिफिकेट देकर उत्साहवर्धन किया गया। वही बेहतर शिक्षण कार्य हेतु निदेशक राशिद जुनैद व शिक्षिका आयशा अख्तर को मेमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में ऑल इंडिया प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन के सदस्य संस्थानों में न्यू लक्ष्य पॉइंट फारबिसगंज, वंदना कोचिंग सेंटर नरपतगंज, सक्सेस कोचिंग सेंटर फारबिसगंज, लक्ष्य कोचिंग सेंटर रानीगंज के शिक्षक पिंटू झा, अजय आनन्द, मो गुलफाम, सुमित कुमार व बच्चों में जोया प्रवीण, सना प्रवीण, शगुफ्ता प्रवीण, श्रावणी कुमारी, तन्नू प्रिया, नीतीश कुमार गुप्ता, नेहा कुमारी, गौरी कुमारी, सृष्टि कुमारी, मो राजा आदि भी सम्मनित हुए।

### मछली व्यवसायी से 19.50 लाख रुपये की लूट

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने एक मछली व्यवसायी से 19.50 लाख रुपए लूट लिए। यह घटना लहेरी थाना क्षेत्र के नाला रोड स्थित मछली मंडी के समीप घटी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि औरंगाबाद निवासी सुधीर कुमार मछली का कारोबार करते हैं। मंगलवार को खुदरा मछली व्यवसाईयों से पैसे का कलेक्शन करने आए थे। जहां पैसे का कलेक्शन करके वह वापस पैदल बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। इसी बीच बाइक सवार तीन अपराधियों ने बैग से भरे रुपयों को छीन बाइक के साथ फरार हो गए। घटना की जानकारी के बाद लहेरी थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। सदर एसडीपीओ नुरुल हक ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि अपराधियों की पहचान एवं उनकी गिरफ्तारी को लेकर लहेरी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है।

## लोक शिकायत निवारण में डीएम ने 13 मामलों का किया निस्तारण



एजेंसी

**बिहारशरीफ।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने 13 मामलों की सुनवाई की । इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण के लिए संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये।

सिलाव अंचल के परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत की सुनवाई के क्रम में जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने से सम्बन्धित मामला निष्पादित किया ।हिलसा अंचल के परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत की सुनवाई के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित समस्या के निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी हिलसा को नियमानुसार हटाने का निर्देश दिया गया है। नगरनौसा प्रखण्ड के परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत पईन भरकर हयूम पाईप लगाकर निजी जमीन में पानी गिराए जाने से संबंधित मामले को जिलाधिकारी द्वारा समस्या निष्पादन के लिए अंचलाधिकारी नगरनौसा को सूचित किया गया। उक्त मामलों के अलावा जिलाधिकारी ने कई मामलों का निस्तारण किया।

**द सेक्रेड नॉट का भव्य पुस्तक विमोचन समारोह बिस्वा बंग्ला कॉम्प्लेक्स में आयोजित**

## आध्यात्मिक साधक और आईआईटी के संन्यासी की तीसरी पुस्तक का विमोचन

संवाददाता

**कोलकाता।** श्री निताई दास, एक टॉपर और प्रसिद्ध लाइफस्टाइल इंजीनियर, की नवीनतम पुस्तक द सेक्रेड नॉट का भव्य पुस्तक विमोचन समारोह 28 अप्रैल 2024 को बिस्वा बंग्ला कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। सौहार्दपूर्ण ढंग से एक साथ रहने के लिए पांच आवश्यक सिद्धांतों पर आधारित यह पुस्तक परम पवित्र बंधन से जुड़ी असंख्य पेचीदगियों के माध्यम से विस्तारित रूप में विवाह पर एक नया दृष्टिकोण प्रदान करती है।

**● पुस्तक अत्यंत संवेदनशील और समसामयिक विषय को सरलता से संबोधित करने में सफल हुई है**




पुस्तक अत्यंत संवेदनशील और समसामयिक विषय को सरलता से संबोधित करने में सफल हुई है, और विशेषकर आज के समय में, जो तीव्र प्रतिस्पर्धा, विशाल अहंकार और गलत समझी गई स्वतंत्रता का समय है । परिवार से प्राप्त होने वाली सुरक्षा की महत्ता स्थापित करके इस पुस्तक की यात्रा प्रारंभ होती है, जो आगे जाकर स्त्री एवं पुरुष द्वारा विवाह के माध्यम से एक दूसरे को प्रदान की जाने वाली अंतर्निहित सुरक्षा के बारे में चर्चा करती है। अंत में यह पुस्तक, जीवन में तृप्ति की भावना विकसित करने एवं जीवन के वास्तविक उद्देश्य को स्थापित करने में अध्यात्म की भूमिका पर प्रकाश डालती है।

पुस्तक का प्रारंभिक वाक्य ङ्गविवाह को प्रायः दो हृदयों की गाँठ के रूप में कहा जाता है; ऐसी गाँठ जो प्रशंसा एवं स्वीकृति के धागों से बनी हैङ्ख पुस्तक के स्वर को सुंदरता के साथ स्थापित करता है। यह पुस्तक मानव अस्तित्व की तीन मूलभूत आवश्यकताओं एवं कैसे प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अद्वितीय एवं भिन्न आवश्यकताएँ होती हैं, जैसे विषयों पर चर्चा करती है। इन विषयों पर चर्चा के मध्य में, पुस्तक के महत्वपूर्ण पड़ावों पर अनेक उपयुक्त प्रश्न मिलते हैं जैसे ङ्क्या कम्पेटिबल लोग कभी झगड़ा नहीं करते? विवाह के कुछ वर्षों में प्रेम क्यों धुंधला होता चला जाता है? आदि आदि। लेखक ने यह स्थापित किया है कि विवाह में किए जाने वाले बलिदान एवं सामंजस्य को बोझ बनने से रोकने के लिए अध्यात्म ही परम मंत्र है। सरल शब्दों में कहा जाये तो, बच्चों की पवित्र पालन पोषण के माध्यम से सेवा करके, समाज की सामाजिक सक्रियता के माध्यम से सेवा करके और भगवान की उनके प्रतिनिधि बनकर सही उदाहरण प्रस्तुत कर सेवा करके, इसे प्राप्त किया जा सकता है।

## पुलिस ने 322 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया, दो गिरफ्तार



संवाददाता

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद के सागरदिघी थाना की पुलिस ने मंगलवार सुबह उत्तर बंगाल से दक्षिण बंगाल में गांजा की तस्करी करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से करीब 322 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बरामद गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब कई करोड़ रुपये है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के दिन की घोषणा के बाद भारत में कहीं भी इतनी मात्रा में गांजा बरामद नहीं हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गांजा तस्करी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दो युवक की पहचान राजीव आलम (27) और हलदर मिया (31) के रूप में हुई है। ये दोनों कूचबिहार में रहते हैं। मंगलवार की सुबह सागरदिघी थाने की पुलिस को गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली कि कूचबिहार जिले के तूफानगंज से कुछ युवक एक गाड़ी में भारी मात्रा में गांजा भरकर नदिया जिले के चकदा ले जाने की फिराक में हैं। मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने धूमरपहाड़ इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 पर एक मालवाहक वाहन को रोका गया । गाड़ी की तलाशी में बोरियों में गांजा निकला। जंगीपुर पुलिस जिले के अधीक्षक आनंद रॉय ने कहा, ₹हम जांच कर रहे हैं कि बंदियों को इतनी बड़ी मात्रा में गांजा कहां से मिला और वे इसे कहां ले जा रहे थे। 26 अप्रैल को गुजरात तट के पास प्रतिबंधित दवा के साथ भारतीय सुरक्षा गार्डों ने 86 किलोग्राम के साथ 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया था।₹ सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के दिन की घोषणा के बाद से यह अब तक की सबसे बड़ी ड्रग बरामदगी है। लेकिन सागरदिघी में ड्रग बरामदगी की घटना ने सब पर ग्रहण लगा दिया।

## एक नजर

### सीढ़ियां भी कर रहीं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक



**कोडरमा।** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा द्वारा अपने तरीके से कई अभिनव व अनूठे प्रयोग कर रहे हैं। स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लगातार मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सीढ़ियों के हर पायदान पर लिखे मतदान जागरूकता के संदेश लोगों का ध्यान खीचने के साथ ही मतदान के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ा रही है। सीढ़ियों के हर पायदान पर.. चलो चलें बूथ....20 मई 2024 दिन सोमवार, वोट करेगा कोडरमा 20 मई 2024 दिन सोमवार, हमर बूथ हमर भागीदारी 20 मई 2024 को निभाएंगे अपनी जिम्मेदारी, चलो चलें करें मतदान 20 मई 2024, लोकतंत्र में हिस्सेदारी हम सब की है भागीदारी, हम सब ने ये ठाना है, वोट करके अपना फर्ज निभाना है लिखे स्टीकर मतदाताओं को अपना बहुमूल्य वोट देने का संदेश दें रहा है।

### बीएलओ ने घर- घर जाकर लोगों को मतदान केंद्र के बारे में बताया

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई 2024 को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महा पर्व में सहभागी बनाने की अपील किया गया। जिले में बनाये गये नये मतदान केंद्रों के बारे में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर स्टीकर लगाया जा रहा है और मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प, सी-विजिल एप्प, मतदान की प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी दिया जा रहा है एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।

### जेसीआई का लाइफस्टाइल पहचान मेला 2 से 4 मई तक

**जमशेदपुर ।** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बिस्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिवसीय लाइफस्टाइल पहचान मेला का आयोजन 2 से 4 मई तक किया जा रहा हैं। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेला तीनों दिन सुबह 10 से रात्रि 8.30 बजे तक चलेगा। जिसमें कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार, पेंटिंग आदि के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। जिसमें सही दाम पर एक ही छत के नीचे सभी समान लोगों को मिलेगा। मेला में जमशेदपुर, रांची, कोलकाता, मुंबई आदि शहरों से महिलाएं स्टॉल लगाने के लिए आ रही हैं। इसे सफल बनाने में संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत, अध्यक्ष बीना देबुका, सचिव मोनिका बाकरेवाल, कोषाध्यक्ष पूजा मोदी, किरण अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, सुजीता अग्रवाल, संगीता गुप्ता, नीमा मोदी के अलावा संस्था की अन्य महिलाएं भी लगी हुई हैं।

### पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में नकली शराब जब्त



**जमशेदपुर ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा नशीले पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कमलपुर थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब जब्त की है। साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर किया गया है। जिसमें उलीडीह संकोसाईं निवासी बिट्टू कुमार महतो, सिदगोड़ा न्यू बारीडीह निवासी अमित कुमार और भालूबासा का रहने वाला सचिन प्रसाद शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने 400 बोतल नकली विदेशी शराब भी बरामद की है। मामले का खुलासा मंगलवार पुलिस ऑफिस में एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेसवार्ता कर की। मौके पर एसपी ग्रामीण ऋषभ गर्ग भी उपस्थित रहे। वार्ता के दौरान एसएसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि पिछले कुछ दिनों से कमलपुर थाना क्षेत्र में नकली शराब की तस्करी की जा रही है।

उपायुक्त की अगुवाई में पदाधिकारी और कर्मचारियों ने गुब्बारे उड़ाकर अधिक मतदान के लिए संदेश दिया

# मतदाता अपना बहुमूल्य वोट दें : उपायुक्त

### लोकतंत्र को मजबूत बनाकर देश के उत्थान में सभी भागीदार बनें

संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित स्वीप कोषांग के माध्यम मतदाता जागरुकता के लिए विविध गतिविधि आयोजित की जा रही हैं। इसी के क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी और कर्मचारियों ने समाहरणालय सभागार पर एकत्रित होकर गुब्बारे उड़ाकर अधिक-अधिक मतदान के लिए संदेश दिया। आकर्षण का केन्द्र रहे गुब्बारों का झुंड.जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज की अगुवाई में पदाधिकारी और कर्मचारियों सहित युवा मतदाताओं ने गुब्बारे आकाश में उड़ाए। गुब्बारे का झुंड आकार्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान सभी ने नैतिक और विश्वास के साथ मतदान में भागीदार बनने का दृढं संकल्प लिया।

**अपना मतदान अवश्य करें :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर वोट बहुमूल्य है, कोई मत बेकार न जाए। लोकतंत्र को मजबूत बनाकर देश के उत्थान में सभी भागीदार बनें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का जिलावासियों से अपील किया कि आने वाले 20 मई 2024 दिन सोमवार को अपने-अपने मतदान केन्द्र पर जाये और अपना बहुमूल्य वोट दें। चुनाव का पर्व देश का गर्व में अधिक से अधिक संख्या में अपने घर से निकले और अपना मतदान अवश्य करें।

**नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को नैतिक मतदान का दिया संदेश**

युवा मतदाताओं के द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक किया गया और जिले के सभी मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करने की अपील किया गया।

**नैतिक मतदान की शपथ दिलाया गया** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।" की शपथ दिलाया गया।

**उपस्थितिः** इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अविनाश पुरेंदु, जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद समेत पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## भारत की तरफ आंख उठाकर देखने का साहस किसी के पास नहीं : गजेंद्र सिंह शेखावत

संवाददाता



**जमशेदपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय आदिवासी कल्याण सह केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा जमशेदपुर में एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के नामांकन में शामिल हुए। इस अवसर पर साकची में आयोजित विशाल जनसभा को उन्होंने संबोधित किया।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पिछले 10 साल से नरेंद्र मोदी की सरकार काम कर रही है। इससे पहले यूपीए की सरकार मनमोहन सिंह के नेतृत्व में काम कर रही थी। यूपीए की सरकार के समय दो ही समाचार अखबार और टेलीविजन में आया करते थे। एक घोटाले का और दूसरा बम धमाके का। घोटाले ल्के चलते देश के बैंकों की हालत खराब थी। कच्चा तेल खरीदने का पैसा नहीं था। हमारे मंदिरों पर धमाके होते थे। एक दिन जम्मू के भगवान रघुनाथ के मंदिर पर धमाका होता था, तो दूसरे दिन तमिलनाडु में देवी मंदिर पर धमाका होता था? कभी गुजरात के अक्षर मंदिर में आतंकवादी हमला होता था, तो जयपुर में हनुमान मंदिर पर हमला होता था। इसके अलावा देश की आर्थिक गतिविधि के जितने केंद्र थे, वहां धमाके होते थे। हालात इतने बिगड़े हुए थे कि घर से जो व्यक्ति बाहर निकलता था, उसकी मां या पत्नी भगवान से प्रार्थना करती थी कि वह शाम को सही सलामत लौट आए। देश की सीमाएं असुरक्षित थी। देश के जवानों की गर्दन काट कर पाकिस्तान ले जाते थे। देश में इतनी कमजोर सरकार थी कि प्रतिकार नहीं कर पाती थी। बाहर निकलकर सिर्फ संवेदना के दो शब्द बोलती थी। चीन लगातार हमारे सीमा पर अतिक्रमण कर रहा था, लेकिन भारत की सेना के हाथ बंधे हुए थे। उन्हें छूट नहीं थी। देश हर मोर्चे पर विफल हो रहा था। बाहर भारत के कमजोर देशों की पहचान बन गई थी।

उन्होंने कहा कि जनता ने 2014 में प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद दिया। नरेंद्र मोदी ने गरीब, महिला, किसान सबके लिए काम करने का संकल्प लिया। इसके जीवन को ऊपर उठाने का संकल्प लिया। भारत को शक्तिशाली देश बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। पिछले 10 साल में देश में करोड़ों गरीबों को घर मिला। गरीबों के घर तक गैस का चूल्हा पहुंचा। करोड़ घरों तक बिजली पहुंची। करोड़ों घर में शौचालय बनाए गए। 40 करोड लोगों के घर तक बैंक का खाता पहुंचा। 25 करोड़ लोग गरीब रेखा से बाहर आ गए।

## श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में हेल्पिंग हैंड्स ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया सामान वितरण

संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में हेल्पिंग हैंड्स के द्वारा आज लगभग 1100 जरूरतमंद लोगों के बीच 5000 से अधिक दैनिक जीवन में काम आने वाले सामान मात्र 10 में दिया गया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी, नीलम सेठी, आशा गंगवाल , निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने संयुक्त रूप से किया। हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने सभी का तिलक लगाकर दुपट्टा पहना कर स्वागत किया । आए हुए सभी महिला पुरुष युवा युवतियां बच्चे ने क्रम से आकर अपने पसंद का सामान लिया। सेवा के इस अनूठे सेल कार्यक्रम में नए एवं पुराने उपयोगी सामान रखे गए थे । अटैची, बैग, साइकिल , महिलाओं के लिए साड़ी, लेडीज कुर्ती, सूट , स्वेटर, फैशन के समान, चूड़ी बिंदी आदि बच्चों के लिए खिलौना , जींस ,बाबा सूट, टी-शर्ट, कपड़ा , जूता चप्पल , स्कूल बैग, पुरुष युवाओं के लिए जैकेट , जींस शर्ट कुर्ता, पजामा, कोट पेंट, बंडी नाइट सूट आदि घर के दैनिक जीवन में काम आने वाले समान लोगों ने अपनी पसंद से लिए जैन समाज के मंत्री नरेंद्र झाझंरी एवं पार्षद पिंकी जैन ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि हेल्पिंग हैंडस ग्रुप मे शामिल समाज के सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं। जरूरतमंदों की सेवा मे युवा पीढ़ी के आगे बढ़ने से समाज और राष्ट्र मजबूत होता है । यह मनुष्य जीवन अनमोल है, जैन धर्म में परिग्रह का त्याग एवं जियो और जीने दो की महता है । जरूरतमंदों के प्रति सहयोग की भावना एवं संवेदना ही जीवंत कार्य है । इस नेक कार्य के लिए समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा , कोषाध्यक्ष सुरेंद्र काला, ललित सेठी , कमल जैन सेठी , सुशील छाबड़ा , सुरेश झाझंरी ,सरोज जैन, सुशील जैन छाबड़ा लाला सोगानी ने हेल्पिंग हैंड्स कार्यक्रम के परियोजना निदेशक प्रियंका जैन छाबड़ा, अभिषेक जैन गंगवाल , अमित जैन सेठी, इसान जैन कासलीवाल , शिखा जैन गंगवाल ,खुशबू जैन सेठी और उनकी पूरी टीम के अच्छे कार्य के लिए आभार जताया और शाबाशी दी जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन एवं राजकुमार अजमेरा ने बताया कि आगे भी हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों के द्वारा जरूरतमंदों की सेवा के लिए कार्य किए जाएंगे अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रशासन के सहयोग के लिए उनको धन्यवाद दिया।

## लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने नामांकन किया दाखिल

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, गजेंद्र सिंह शेखावत और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस रहे मौजूद

संवाददाता



**जमशेदपुर ।** लोकसभा भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने मंगलवार उपायुक्त कार्यालय सभागार में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, गजेंद्र सिंह शेखावत और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। वहीं नामांकन से पूर्व विद्युत वरण महतो ने गरम नाला स्थित बोधी मंदिर मैदान में एक जनसभा को संबोधित भी किया। जिसके बाद उन्होंने पदयात्रा कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं विद्युत वरण महतो के नामांकन के बाद बाहर आए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जिस तरह से नरेंद्र मोदी की लहर पूरे देश में है। उससे यह साफ हो गया है कि विद्युत वरण महतो की जीत तय है। उन्होंने कहा कि जैसे कल का सूर्य पूर्व से उदय होगा। वैसे ही विद्युत वरण महतो की जमशेदपुर से जीत पक्की है। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने कहा कि पिछली बार जनता ने उनपर भरोसा करते हुए 3 लाख से ज्यादा मतों से उन्हें विजय दिलाई थी और बार जनता उन्हें पांच लाख से ज्यादा मतों से जीत दिलाएगी। जिससे जमशेदपुर लोकसभा सीट से तीसरी बात जीतकर वे रिकॉर्ड बनाएंगे।

## सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाने पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाईः एसडीएम

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में ऐसे मामलें संज्ञान में आ रहे हैं जिसमें प्रशासन का नाम लेकर सरारती तत्वों द्वारा सरकारी संपत्ति का विरुपण किया जा रहा है।

यह पूरी तरह से नियम विरुद्ध एवं गैरकानूनी है। अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह ने ऐसे मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के द्वारा इस तरह के मामलों की गहनता से जांच की जा रही है।

दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। विदित हो कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत दण्ड के स्पष्ट प्रावधान हैं। इसमें अर्थदंड के साथ-साथ सजा का भी प्रावधान है।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन का किया उद्घाटन



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने मंगलवार बिस्टुपुर में 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। वहीं कैप्टन धनंजय मिश्रा ने इस सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चाणक्य चौधरी, चेयरमैन, टाटा स्टील यूआईएसएल, एमडी रितु राज सिन्हा और प्रणय सिन्हा, चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज टाटा स्टील भी मौजूद थे। प्रतिदिन 5 लाख लीटर पानी रखने के लिए डिजाइन किए गए यह स्टेशन तकनीकी उत्कृष्टता और परिचालन विश्वसनीयता का प्रतीक हैं और जो अपशिष्ट जल प्रबंधन में इस अवसर पर कैप्टन धनंजय मिश्रा ने इस पहल को साकार करने में शामिल सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता पर ऐसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया। वहीं एमडी रितु राज सिन्हा ने समावेशी विकास को बढ़ावा देने और सामुदायिक लचीलापन बढ़ाने में टिकाऊ बुनियादी ढांचे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने में सभी हितधारकों के ठोस प्रयासों की सराहना भी की। 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशनों का उद्घाटन एक स्वच्छ, हरित भविष्य की साझा दृष्टि की दिशा में सक्रिय शासन, कॉर्पोरेट नागरिकता और तकनीकी नवाचार का एक प्रमाण प्रस्तुत करता है।

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ऑनलाइन योगा एवं मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन

# कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास के लिए सहायक होते हैं

संवाददाता




**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं श्री अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 9 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 तक 30 घंटों का वैल्यू एडेड ऑनलाइन योगा एंड मेडिटेशन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ । तत्पश्चात कार्यक्रम में अरबिंदो योगा एंड नॉलेज फाउंडेशन की संस्थापक डॉ इंद्राणी एवं निदेशक डॉ० किरण बाला पटेल ने कार्यक्रम में जुड़े सभी प्रतिभागियों सराहना की । उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास के लिए सहायक होते हैं । कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ० संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस योगा एवं मेडिटेशन कोर्स के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं ने योगा एवं मेडिटेशन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की है । इस कोर्स का सभी प्रशिक्षुओं को भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि योग एवं मेडिटेशन हम सभी के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके पश्चात बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु सोनाली कुमारी, सोनू पंडित एवं सुनील कुमार वर्मा के द्वारा रिपोर्ट प्रेजेंटेशन किया गया । इसी क्रम में प्रशिक्षु शिफा नूरी , रिंकी कुमारी एवं पूनम कुमारी ने अपने अनुभव साझा किया । मुख्य वक्ता डॉ. प्रेम लाल पटेल बैचलर ऑफ नैचुरोथेरेपी एंड योग विज्ञान, रायपुर , छत्तीसगढ़ ने कहा कि योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। कार्यक्रम में बी. एड. सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षु अंगुरी खातून, दिलीप साव, इफ्तेकार अंसारी, लक्ष्मण कुमार, महिमा बग्गा, मुकेश दास, राखी कुमारी, रिंकी कुमारी, जितिन कुमार, विनीता बरनवाल, कुमार आदि एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार पासवान, आदि एवं प्रोजेक्ट निदेशक भूमिका दांगे, बतौर तकनीकी सहायक मोनिका जैन उपस्थिति रही।

> योगा एवं मेडिटेशन कोर्स के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं ने योगा एवं मेडिटेशन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की है

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने देर रात्रि किया चेकनाका का निरीक्षण

संवाददाता



**जमशेदपुर ।** स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल द्वारा जमशेदपुर शहरी क्षेत्र अंतर्गत स्थाई चेकनाकों का देर रात्रि औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मानगो बस स्टैंड स्थित स्थाई चेकनाका, सोनारी दोमुहानी पुल, बिस्टुपुर - आदित्यपुर चेकनाका, बमामाईंस, गोविंदपुर अन्ना चौक, पारडीह आदि चेकनाकों का निरीक्षण कर कड़ाई से वाहन जांच किए जाने का प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को निर्देश भी दिया। मौके पर डीडीसी मनीष कुमार और एडीसी रोहित सिन्हा भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिला में चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही 29 अप्रैल से 21 स्थाई चेक नाका सक्रिय कर दिए गए हैं। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चेकनाका में पंजी संधारण की जांच की गई। साथ ही दो पहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहनों की सघनता से जांच करने का निर्देश भी दिया। विदित हो कि लोकसभा आम चुनाव घोषित होने के साथ ही जिले में अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला चेकनाका सक्रिय हैं। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार का अवैध परिवहन न होने पाए और जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके, इसके मद्देनजर चौबिसों घंटे सातों दिन छोटे-बड़े सभी वाहनों की गहन निगरानी की जा रही है।

## एक नजर

### ला लीगा : लेवांडोव्स्की के हैट्रिक की बदौलत एफसी बार्सिलोना ने वेलेंसिया को 4-2 से हराया

**मैड्रिड।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की की दूसरे हाफ में की गई हैट्रिक की मदद से एफसी बार्सिलोना ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मोंटजुइक के पूर्व ओलंपिक स्टेडियम में सोमवार देर रात वेलेंसिया को 4-2 से हरा दिया। इस परिणाम के साथ ही बार्सिलोना ला लीगा में गिरोना से आगे निकलते हुए अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है और इसका यह भी अर्थ है कि रियल मैड्रिड अगले सप्ताह कैडिज के खिलाफ घरेलू मैच में ला लीगा खिताब सुनिश्चित नहीं कर सकता है। इस मुकाबले का पहला गोल बार्सिलोना ने मैच के 22वें मिनट में किया, जब फर्मिन लोपेज ने पेनल्टी क्षेत्र में अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए दो डिफेंडरों के बीच से राफिन्हा के सटीक क्रॉस को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया।

### उबेर कप बैडमिंटन : भारतीय महिला टीम चीन से हारी, ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही



**चेंगदू।** बीडब्ल्यूएफ उबेर कप 2024 में अपना क्वार्टरफाइनल स्थान पहले ही सुनिश्चित कर चुकी युवा भारतीय महिला टीम ने ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में मजबूत और मेजबान चीन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हालांकि भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और नॉकआउट चरण के लिए तैयारी कर ली। 25 वर्ष से कम की औसत आयु वाली भारतीय टीम ने दुनिया के सभी शीर्ष-10 रैंक वाले खिलाड़ियों से सजी चीनी टीम को अच्छी टक्कर दी, हालांकि टीम 0-5 से हार गई और ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही, लेकिन क्वार्टर फाइनल से पहले इस मैच से युवा भारतीय टीम को बहुत सी सकारात्मक बातें सिखने को मिलीं। शुरूआती एकल मुकाबले में, इशारानी बरुआ ने ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई का सामना किया और पहले गेम में 6-4 की बढ़त भी बनाई, लेकिन फिर चीनी खिलाड़ी ने मैच पर कब्जा कर लिया और अंत में मैच 21-12, 21-10 से जीत लिया। मैच के बाद इशारानी ने कहा यह पहली बार था जब मैं इतने बेहतरीन खिलाड़ी के साथ खेल रही थी।

### आईपीएल 2024 : सुनील नरेन ने बनाया एक खास रिकॉर्ड, लसिथ मलिंगा को छोड़ा पीछे



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हरफनमौला खिलाड़ी सुनील नरेन ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में एक विशेष स्थान पर सर्वाधिक विकेट लेने के लसिथ मलिंगा के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। नरेन ने केकेआर की दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के दौरान गेंद से प्रभावित किया और अपने चार ओवर के स्पेल में 24 रन देकर 1 विकेट किया। उन्होंने पहली पारी में अक्षर पटेल का विकेट लिया, जो आईपीएल में प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स पर उनका 69वां विकेट था, जो कि लीग में किसी विशेष स्थान पर किसी गेंदबाज द्वारा लिया गया सबसे अधिक विकेट है। उनसे पहले पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हुए वानखेड़े में 68 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था।

### आईएसएल 2023-24: खिताबी जंग में मुंबई सिटी एफसी का सामना मोहन बागान से



**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका सामना 4 मई को मोहन बागान सुपर जायंट से होगा। मुंबई ने सोमवार रात मुंबई फुटबॉल एरेना में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे चरण में एफसी गोवा को 2-0 (कुल अंतर 5-2) से हरा दिया, क्योंकि बेहद रोमांचक रहे पहले चरण में मुंबई सिटी एफसी ने दो गोल पिछड़ने के बाद अंतिम समय में वापसी करते हुए एफसी गोवा को 3-2 से मात दी थी। अब मुंबई सिटी एफसी का सामना 4 मई को कोलकाता स्थित सॉल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले फाइनल में मोहन बागान सुपर जायंट से होगा। मुंबई सिटी की जीत में अर्जेंटीनाई स्ट्राइकर जॉर्ज परेरा डियाज ने 69वें और लालियानजुआला छांगटे ने 83वें मिनट में गोल किए।

# आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित पंत-सैमसन को मौका





**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। विश्व कप का आयोजन 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में किया जाएगा।

रोहित शर्मा इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे, जबकि हार्दिक पांड्या उनके डिप्टी होंगे। भारत ने ऋषभ पंत और संजू सैमसन सहित दो विकेटकीपरों को अपनी टीम में शामिल किया है।

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जो मौजूदा आईपीएल 2024 में रन बना रहे हैं, को भी टीम में शामिल किया गया है। पंत 2022 में उत्तराखंड में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कार दुर्घटना के लगभग 16 महीने बाद टीम इंडिया में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को चुना है। चहल को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए टीम में चुना गया है।

भारत इस टूर्नामेंट में जसप्रीत बुमराह की अगुआई में दमदार तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा, जिसमें अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज भी शामिल हैं। सैमसन को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है, जबकि चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को नजरअंदाज किया है। शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है।

भारत अपना विश्व कप अभियान 5 जून 2024 को आयरलैंड के खिलाफ नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में शुरू करेगा। इसके बाद 9 जून 2024 को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद भारत 12 और 15 जून को क्रमशः यूएसए और कनाडा से खेलेगा। भारत को टूर्नामेंट के ग्रुप ए में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान यूएसए के साथ रखा गया है।

**आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद. सिराज।
रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।

## आईपीएल : फिलिप साल्ट ने सौरव गांगुली का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**कोलकाता। एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सलामी बल्लेबाज फिलिप साल्ट ने पूर्व फ्रेंचाइजी कप्तान सौरव गांगुली के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। 27 वर्षीय इंग्लिश ओपनर साल्ट ने एक बार फिर विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियाँ उड़ाते हुए 33 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्के की बदौलत 68 रनों की तेज पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने मौजूदा सत्र में ईडन गार्डन्स स्टेडियम में छह पारियों में कुल 344 रन बना लिये हैं और आईपीएल के एक सत्र में ईडन गार्डन्स पर सबसे ज्यादा रन बनाने के गांगुली के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अब साल्ट के नाम ईडन गार्डन्स पर एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। उनसे पहले 2010 में, अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज गांगुली ने ईडन गार्डन्स पर सात पारियों में 331 रन बनाए थे और 14 साल तक यह रिकॉर्ड अपने नाम रखा था। 2019 में केकेआर के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल गांगुली के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे, जब उन्होंने 7 पारियों में 311 रन बनाए। कुल मिलाकर आईपीएल 2024 में साल्ट ने अब तक 9 मैचों की 9 पारियों में 89 के सर्वाधिक स्कोर के साथ 392 रन बनाए हैं।

उनका स्ट्राइक रेट 180.64 और औसत 49 का रहा है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि उनका यह फैसला गलत साबित हुआ और दिल्ली की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने सर्वाधिक नाबाद 35 रन बनाए। कुलदीप के अलावा पंत ने 27 रन बनाए।

### भारतीय क्रिकेट जगत ने रोहित शर्मा को उनके 37वें जन्मदिन की दी बधाई

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट जगत ने कप्तान रोहित शर्मा को मंगलवार को उनके 37वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'हिटमैन' को अपनी शुभकामनाएं देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 472 अंतरराष्ट्रीय मैच, 18,820 अंतरराष्ट्रीय रन, 48 अंतरराष्ट्रीय शतक, तीन वनडे दोहरे शतक बनाने वाले एकमात्र क्रिकेटर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट किया, भारतीय क्रिकेट की अजेय शक्ति, हमारे कप्तान, रोहित शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं! आपका नेतृत्व, कौशल और अडिग भावना हमारी टीम की धड़कन है। सीमाओं को तोड़ने और इतिहास रचने के एक और साल के लिए शुभकामनाएं, चमकते रहो, हिटमैन। रोहित की कप्तानी में पांच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने वाली फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस (एमआई) ने भी रोहित और उनके सभी प्रशंसकों को ₹हिटमैन डे की शुभकामनाएं दीं। एमआई ने ट्वीट किया आज हिटमैन डे है, 45 वर्षीय रोहित शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

## स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक नियुक्त हुए वी.के. महेंद्रू

**नई दिल्ली। एजेंसी**



स्पेशल ओलंपिक भारत ने मंगलवार को वी.के. महेंद्रू को संगठन का नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। अपनी नई भूमिका में महेंद्रू संगठन और प्रबंधन के सभी पहलुओं की देखरेख करेंगे। साथ ही वह एक संरक्षक के रूप में भी काम करेंगे। पीईसी चंडीगढ़ से सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक और बाद में प्रबंधन में डिप्लोमा प्राप्त करने के साथ, महेंद्रू ने ओएनजीसी में एक सिविल इंजीनियर के रूप में अपना करियर शुरू किया और कॉर्पोरेट खेल प्रमुख, सतर्कता विभाग के प्रमुख, कॉर्पोरेट और संसदीय मामलों के प्रमुख और अंत में कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रमुख पदों पर रहे। इस दौरान महेंद्रू ने मुंबई के क्षेत्रीय कार्यालय का नेतृत्व किया जो ओएनजीसी का सबसे प्रमुख और लाभदायक कार्य केंद्र है।

उनकी मजबूत प्रशासनिक क्षमताएं, संचार कौशल, टीम निर्माण और नैतिकता और ईमानदारी का सख्त पालन उन्हें स्पेशल ओलंपिक भारत को निरंतर गुणवत्तापूर्ण विकास के मार्ग पर ले जाने में काफी हद तक सक्षम बनाता है। अपनी हालिया नियुक्ति पर महेंद्रू ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा मुझे स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने पर खुशी है। यह एक ऐसा संगठन है जो मेरे दिल के बेहद करीब है। मैं खेलों और हमारे स्पेशल ओलंपिक एथलीटों से बहुत करीब से जुड़ा हुआ हूं। मैं अपने प्रयासों, काम और दक्षता को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं जो हमारे संगठन और हमारे कीमती एथलीटों की बेहतरी और विकास की ओर ले जाएगा। महेंद्रू कॉलेज शिक्षा के दौरान टेबल टेनिस और बैडमिंटन में काफी कौशल की पृष्ठभूमि से आते हैं, और खेलों के विकास के लिए उनमें गहरा जुनून है। 2009 से 2014 के बीच ओएनजीसी में कॉर्पोरेट स्पोर्ट्स डिवीजन के प्रमुख के रूप में उन्होंने 22 खेलों का प्रबंधन किया, खिलाड़ियों की भर्ती की और उन्हें विश्व स्तर पर प्रशंसा हासिल करने के लिए तैयार किया।

इस दौरान उन्होंने 400 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का प्रबंधन किया है, जिनमें वीरेंद्र सहवाग, विराट कोहली, ईशांत शर्मा, गौतम गंभीर, पंकज आडवाणी (बिलियर्ड्स और स्नूकर) और अश्विनी पोनप्पा (बैडमिंटन) जैसे कुछ प्रमुख नाम शामिल हैं। इनमें से 30 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं।

इस नियुक्ति पर स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा वी.के. महेंद्रू हमारी टीम में बहुत अधिक अनुभव और ज्ञान लेकर आए हैं। हमारे संगठन और हमारे एथलीटों की भलाई के लिए वह योग्य व्यक्तित्व हैं।

### पीजीडीएवी ए टीम ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को दस विकेट से हराया

नई दिल्ली। मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज (प्रातः) की ए टीम ने दूसरे स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट स्टीफंस कॉलेज को दस विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट स्टीफंस कॉलेज ने 20 ओवर में 95 रन का स्कोर बनाया। ध्रुव मल्होत्रा और पार्थ वढेरा ने क्रमशः 11 और 13 रन देकर 3-3 विकेट लिए। पीजीडीएवी (ए) ने बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर 10 विकेट से मैच जीत लिया।

### केकेआर के खिलाफ मिली हार पर डीसी बॉलिंग कोच होप्स ने कहा- हमने एक मौका गंवा दिया

कोलकाता। घरेलू मैदान पर लगातार दो जीत के बाद, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सोमवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने मैच में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कुलदीप यादव की 26 गेंदों पर नाबाद 35 रनों की पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 153 रन बनाए। हालांकि, घरेलू टीम ने फिल साल्ट के 33 गेंदों पर 68 रनों की बदौलत 16.3 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने के फैसले को लेकर, दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच जेम्स होप्स ने फ्रैंचाइजी द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान में कहा इसके पीछे सोच यह थी कि हम बोर्ड पर बड़ा स्कोर लगायें और फिर उसे बचाने की कोशिश करें, क्योंकि हमें पता था कि बहुत ज्यादा ओस नहीं पड़ने वाली है। उन्होंने आगे कहा जब हमने बल्लेबाजी शुरू की तो हमें पता था कि हमें शायद 200 का स्कोर बनाना होगा। हमने शायद थोड़ा ज्यादा लक्ष्य रखा और जल्दी से यह नहीं समझ पाए कि विकेट स्पिनरों के लिए अनुकूल था। हमारे पास खुद दो अच्छे स्पिनर थे, और शायद 180 से 210 के स्कोर का लक्ष्य रखना ज्यादा यथार्थवादी और बचाव करने योग्य था।

## वाणिज्य

## वैश्विक सपोर्ट से उछला शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



मजबूत ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में भी तेजी का माहौल बना हुआ है। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही शेयर बाजार में बिकवाली का हल्का दबाव भी बना। लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार ने रफ्तार पकड़ ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत और निफ्टी 0.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी लाइफ, हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो के शेयर 3.72 प्रतिशत से लेकर 1.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर भारती एयरटेल, अपोलो हॉस्पिटल, टाइटन कंपनी, टाटा स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर 0.65 प्रतिशत से लेकर 0.034 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,094 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,419 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 675 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## अब ऑस्ट्रेलिया भी एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की करेगा जांच

नई दिल्ली। दुनिया में स्वाद एवं सुगंध के लिए मशहूर भारतीय मसाले हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के बाद विवादों में हैं। सिंगापुर और हांगकांग के बाद अब एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की जांच की आंच अब ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड तक पहुंच चुकी है। हालांकि, एमडीएच ने पिछले हफ्ते जारी स्पष्टीकरण में अपने उत्पादों में किसी हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के आरोपों को नकारते हुए कहा कि इस तरह के आरोप लगाने का कोई ठोस आधार नहीं है। खाद्य मानक ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड (एफएसएएनजेड) ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह भारतीय कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से उत्पादित मसालों में गड़बड़ी के आरोपों की जांच कर रहा है। एक रिपोर्ट्स के अनुसार हांगकांग और सिंगापुर की तरह ही कार्रवाई के बाद ऑस्ट्रेलिया में इन उत्पादों को बाजार से वापस मंगाया जा सकता है। आस्ट्रेलिया में ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वो जांच के बाद होने वाले संभावित रिकॉल के बारे में सचेत रहें।

### भारत में सोने की मांग जनवरी-मार्च में आठ फीसदी बढ़कर 136.6 टन

नई दिल्ली। भारत में सोने की मांग कीमतों में भारी उछाल के बावजूद मजबूत बनी हुई है। सोने की मांग जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर आठ फीसदी बढ़कर 136.6 टन हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 126.3 टन थी। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार को अपनी वैश्विक रिपोर्ट गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1 2024 जारी की। एक्स पोस्ट पर जारी बयान में डब्ल्यूजीसी ने बताया कि भारत की कुल सोने की मांग इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 136.6 टन हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 126.3 टन थी। इसमें आभूषण तथा निवेश दोनों शामिल हैं। इस वर्ष जनवरी-मार्च में मूल्य के संदर्भ में भारत की सोने की डिमांड सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़कर 75,470 करोड़ रुपये हो गई।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की होने वाली बैठक के पहले अमेरिकी बाजार में जोश का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज बढ़त नजर आ रही है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक होने वाली है। बाजार को उम्मीद है कि इस बैठक में ब्याज दरों में कटौती के मुद्दे पर अहम फैसला लिया जा सकता है। इसी उम्मीद की वजह से पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों में तेजी का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स 147.40 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,387.06 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,116.17 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.35 प्रतिशत उछल कर 15,983.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,363.04 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार पिछले सत्र में दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,147.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.29 प्रतिशत टूट कर 8,065.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,118.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## एक नजर

### चार हजार करोड़ से होगा पशुधन का संरक्षण

**लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश में गौवंश समेत पशुओं के संरक्षण, चिकित्सा और सेवा पर करीब चार हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग द्वारा इसको लेकर पूरा वार्षिक प्लान बनाया गया है, जिसमें गौवंश संरक्षण, पशु चिकित्सा शिक्षा के साथ ही पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्र समेत अन्य क्षेत्रों में किए जाने वाले खर्च का पूरा ब्यौरा दिया गया है। एनुअल प्लान में इसके लिए 3907.1 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। एनुअल प्लान के अनुसार, गौवंश संरक्षण पर कुल 1,140 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च किए जाने की योजना है।

### गृहकलह में पत्नी की हत्या, पति हिरासत में

**फिरोजाबाद।** सिरसागंज थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात विवाद के बाद पति ने पत्नी के सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना सिरसागंज के गांव गढ़िया नायन निवासी सुरेश का सोमवार की देर रात्रि अपनी पत्नी रीमा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद ने तूल पकड़ लिया और दोनों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि दोनों के बीच मारपीट के दौरान पति सुरेश ने रीमा पर औजार से जानलेवा हमला कर दिया। सिर पर जमकर प्रहार किया, जिससे रीमा की मौत हो गई।

### छत पर मिला महिला का शव

**जालौन।** कस्बा के मुहल्ला बम्हौरी निवासी राजेश वर्मा की पत्नी 40 वर्षीय सुनीता का शव मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में छत पर पड़ा मिला। महिला के सिर पर चोट के निशान थे। घटना के संबंध में पड़ोसियों ने दिवंगत आठ माह की गर्भवती थी। पति-पत्नी दोनों शराब पीते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के चारों नाबालिग बच्चों में पांच वर्षीय सूर्यांश, आठ वर्षीय नैना, 11 वर्षीय सुनैना व 16 वर्षीय अभिषेक ने पुलिस को बताया कि पापा ने मम्मी को पीटा था। हम लोगों को भी चुप कराकर सुला दिया था। घटना के बाद से राजेश फरार है। पुलिस ने गहनता पूर्वक जांच पड़ताल की।

### नहर में नहाते समय किशोर की डूबकर मौत

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले रजवाहा (नहर) में मंगलवार को भाई-बहन के साथ नहाते समय किशोर की डूबकर मौत हो गई। घटना के दौरान उसके तीन भाई तैरकर बाहर आ गए और उनकी जान बच गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की। दिबियापुर क्षेत्र में आज भाई बहन के साथ किशोर शिवम ब्रह्मदेव मेला देखने की बात कहकर घर से निकला था। तीन भाई-बहन के साथ शिवम मेला देखने के बाद जमौली गांव से निकलने वाले मंगलपुर रजवाहा में भीषण गर्मी के चलते नहाने पहुंच गया। यहां दो भाईयों के साथ नहर में नहाते समय गहरे पानी में शिवम डूबने लगा। पानी में भाई को डूबता देख दोनों भाई ने उसे बचाने का प्रयास किया और वह भी डूबने लगे। इस दौरान बहन ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर ग्रामीण इकठ्ठा हो गए। इस बीच दोनों भाई तो तैरकर नहर से निकल आए लेकिन शिवम की डूब कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ नहर में डूबे किशोर की तलाश कर शव को बरामद कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में मातम पसर गया। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक किशोर शिवम अक्सर भीख मांग से अपना और परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक शिवम के पिता की पांच वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है।

### लाल सागर में कंटेनर पर मिसाइल से हमला

**यरुशलम।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक जहाज को निशाना बनाकर कथित रूप से मिसाइल से हमला किया। अधिकारियों ने यह सोमवार को जानकारी दी। ब्रिटेन की सेना की यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ) ने कहा कि यह हमला यमन में मोखा के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। उसने क्षेत्र से गुजरने के दौरान पोतों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया। यूकेएमटीओ ने बताया कि पोत के पास एक विस्फोट हुआ है और पोत तथा चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए जाते हैं। निजी सुरक्षा कंपनी 'अम्ब्रे' ने कहा कि माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत को तीन मिसाइल के जरिए निशाना बनाया गया है। यह कंटेनर ज़िबूती से सऊदी अरब के जेद्दा की ओर जा रहा था। 'अम्ब्रे' ने कहा कि पोत को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि इसके सूचीबद्ध संचालक का इजराइल के साथ व्यापारिक संबंध है। हालांकि पोत के संचालक ने कहा कि पोत जिबूती में ही है और घटना में इसे निशाना नहीं बनाया जा सकता है।

### राजभवन के पास पुलिस वाहन में लगी आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित राजभवन के पास मंगलवार दोपहर को एक पुलिस वैन में आग लग गई। आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग को बुझा लिया। पुलिस कर्मियों ने कुदकर अपनी और महिला कैदी की जान बचायी है। पुलिस वैन एक महिला कैदी को लेकर जा रही थी। वह राजभवन के पीछे माल एवेन्यू रोड पर पहुंची थी। एका-एक वाहन में आग लग गई। चलती पुलिस वैन में आग लगने से वीआईपी एरिया में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने फायर विग्रेड को सूचना दी। इधर, आग की चपेट में आये पुलिस वैन में सवार पुलिस कर्मियों ने अपनी और महिला कैदी की जान बचायी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने आग को बुझा लिया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है, लेकिन लोग शार्ट सर्किट के चलते आग लगने की बात कह रहे हैं।

## हम महिलाओं को बनाएंगे लखपति, महालक्ष्मी योजना में हर महीने मिलेंगे 8500 रुपये

# युवाओं को कराएंगे अप्रेंटिसशिप, नौकरी देंगे: राहुल

- अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं, उनको पैसा मिलता है



**भोपाल। एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने मनरेगा लागू की तो कहा गया कि गरीबों की आदत बिगाड़ रहे हैं। मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। हर परिवार से एक महिला का नाम चुना जाएगा। साल में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। हर महीने 8500 रुपये एक तारीख को सरकार आपके खाते में डालेगी।

राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के भिंड लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार फूल सिंह बरैया के समर्थन में एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आप बाहर जाते काम करते हो, हिंदुस्तान में महिलाएं भी मजदूरी करती हैं, जॉब करती हैं। महिलाएं आठ घंटे बाहर तो आठ घंटे घर में भी काम करती हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार घर में काम करने वाली इन महिलाओं को पैसा देने जा रही है।

उन्होंने कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। हम छह महीने में आपके हवाले कर देंगे। अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं, उनको पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो।

उन्होंने कहा कि सेना में सबसे ज्यादा भिंड से जाते हैं। मोदी जी ने दो तरह के जवान बना दिए। एक को कैंटीन और अच्छी सैलरी मिलेगी। दूसरे जवान को अग्निवीर कहते हैं। आप सोचिए दो लोगों को युद्ध में भेज रहे हो, एक से कह रहे हो कि आपको कुछ हुआ तो हम आपके परिवार की रक्षा करेंगे और दूसरे जवान से कह रहे हैं, आपको कुछ हुआ तो कोई पेंशन और मदद नहीं मिलेगी। शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। मोदी जी ने सेना का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 22 लोग मित्र हैं।

राम मंदिर के उद्घाटन में सारे वहां बैठे थे। आपने वहां किसी गरीब को देखा। वहां हजारों करोड़ वाले लोग थे। वहां, बॉलीवुड वाले थे, क्रिकेट टीम थी, मगर एक किसान नहीं दिखा। संसद का उद्घाटन हुआ। आदिवासी राष्ट्रपति को बुलाया ही नहीं जाता। उनसे कहा जाता है कि न तुम संसद के उद्घाटन में आओगे, न राम मंदिर के। उन्होंने हाथ में संविधान लेकर कहा कि यह मामूली किताब नहीं है। आजादी के पास किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है, इस किताब के कारण मिला है। अब प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि वो चुनाव जीतेंगे तो इस किताब को फाड़कर फेंक देंगे। कांग्रेस पार्टी, आईएनडीआईए गठबंधन संविधान को बचाने का काम कर रहा है। भिंड-दतिया लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार फूल सिंह बरैया का मुकाबला मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार संध्या राय से होगा।

### हिंदुस्तान में 45 साल से सबसे ज्यादा बेरोजगारी

राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया किसानों और महंगाई की बात क्यों नहीं करती। गरीबों की बात नहीं करती। कहीं नहीं है। मैंने इनको आपका मित्र कहा लेकिन ये आपके मित्र नहीं हैं। 24 घंटे मोदी जी का चेहरा दिखेगा। मैं आपसे बात करूंगा, मीडिया नहीं दिखाएगा। उन्होंने कहा कि दो-तीन अरबपतियों को सारा का सारा धन दिया जाता है। किसान जानता है, हमारे जेब से पैसा निकालने की कोशिश हो रही है। मोदी कहते हैं आतंकवादी है। ये हालत है देश की। नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की। आज हिंदुस्तान में 45 साल से सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। हर युवा ये बात जानता है। सबसे ज्यादा महंगाई आज है।

## धामी ने कड़े फैसलों से देश में बनाई अलग पहचान, विभिन्न राज्यों में कर रहे चुनाव प्रचार



- केंद्रीय नेतृत्व के पसंदीदा नेताओं में मुख्यमंत्री धामी
- उत्तराखंड में सवा माह में की 90 जनसभाएं, रोड शो

**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखंड में कम समय में बड़े और कड़े फैसलों से देशभर में खासी लोकप्रियता हासिल की है। खासकर देश में सबसे कठोर नकलरोधी कानून लागू करने, आजाद भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे कानून पर निर्णय लेना, लैंड जिहाद, दंगारोधी कानून आदि फैसलों से मुख्यमंत्री धामी देश में नजीर पेश कर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री की लोकप्रियता को इस लोकसभा चुनाव में उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक भुना रही है।

भाजपा ने मुख्यमंत्री धामी को देशभर के लिए स्टार प्रचारक बनाकर उनकी लोकप्रियता को भुनाने का निर्णय लिया है। राज्य में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां करने के बाद धामी अब देशभर में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों के प्रचार में जुट गए हैं। इसकी शुरूआत दक्षिण भारत के तेलांगना के निजामाबाद, वारंगल, हैदरबाद से कर चुके हैं। वहां मुख्यमंत्री धामी की रैलियों में उमड़ी भीड़ ने उनकी राष्ट्रीय लोकप्रियता पर मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री धामी राज्य में सवा माह में 90 जनसभाएं, रोड शो, नारी शक्ति वंदन, कार्यकर्ता मिलन और प्रबुद्धजन सम्मेलन के बाद अब देश के बड़े राज्यों में ताबड़तोड़ रैली में जुट गए हैं। उत्तरप्रदेश के लखनऊ में गृहमंत्री राजनाथ सिंह की नामांकन रैली और रोड शो के अलावा लखनऊ में पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने देश के बड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बरेली में पार्टी उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए सम्मेलन में प्रतिभाग कर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने देवभूमि से देश को जाने वाले संकल्प से सिद्धि तक के संदेश से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री धामी ने साफ कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प से ही भारत विश्वगुरु बनेगा।

इधर, मुख्यमंत्री धामीने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में पार्टी उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी के नामांकन रैली में प्रतिभाग किया। इसके अलावा बुधवार को दिल्ली में कई चुनावी रैलियों में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही उत्तराखंडी प्रवासियों के कार्यक्रम में शिरकत कर पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे। झारखंड के रांची में गुरुवार को पार्टी उम्मीदवारों संजय सेठ और समीर ओरेण के समर्थन में जनसभा व नामांकन में प्रचार करेंगे।

## सपा में अखिलेश के कदम शुभ नहीं : हरीश द्विवेदी

**बस्ती। एजेंसी**

जनपद में लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान होना है। भाजपा के टिकट पर तीसरी बार हरीश द्विवेदी एक बार फिर बस्ती से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उनके नामांकन की तैयारियों में भाजपा जुट गई है। नामांकन को लेकर पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद हरीश द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य बेधने के लिए देशभर में लगातार सभाएं और रोड शो हो रही हैं। अपना नामांकन ऐतिहासिक बनाने के लिए लगातार कार्यकर्ता और जनता जनार्दन के बीच बैठकें कर सभी का आवाह्न कर रहे हैं।

उन्होंने ने बताया हर बार के नामांकन से इस बार ऐतिहासिक पर्चा दाखिला होने जा रहा है। कई बड़े चेहरे भी इस नामांकन में शामिल हो रहे हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी



के लिए अशुभ हैं, जब से उनके नेतृत्व में समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है, कोई भी चुनाव जीत नहीं सके। वह सिर्फ भाषण दे सकते हैं, जिसका कोई परिणाम नहीं निकलता।

उन्होंने बताया कि नामांकन जुलूस में केन्द्रीय मन्त्री अनुराग ठाकुर, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सहित अन्य प्रदेशों से भाजपा के बड़े नेता सम्मिलित होंगे।

## अनुत्तीर्ण विद्यार्थी न हों निराश: धामी



**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपके कठिन परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। अभिभावकों से अपील, बच्चों पर दबाव न बनाएं बल्कि दें साथ, मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थी निराश न हों। धामी ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों पर दबाव न बनाएं, बल्कि उनका साथ दें। ये जीवन में सफलता का आखिरी मापदंड नहीं है। आप सभी पूर्ण मनोयोग और अधिक मेहनत के साथ प्रयास कर सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। हर कोई कभी-कभी विफल होता है और यह एक विफलता उन्हें परिभाषित नहीं करती है। सलाह है कि अगली परीक्षा के लिए अभी से परिश्रम में जुट जाएं।

### धामी ने 15 झोपड़ियों में आग लगने का लिया संज्ञान

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोविंदगढ़ स्थित बस्ती में 15 झोपड़ियों में आग लगने से नुकसान होने के मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी देहरादून को पीड़ितों की यथासंभव सहायता के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी ने मौके पर 40 राशन के बैग भेजे हैं। साथ ही जो भी अन्य सहायता अपेक्षित होगी जिला प्रशासन के स्तर से की जायेगी। उल्लेखनीय है कि देहरादून के गोविंदगढ़ में एक प्लाट में बनीं कई झोपड़ियों में सोमवार को आग लग गयी थी, जिससे पूरा सामान जलकर राख हो गया था। इनमें 15 झोपड़ियां पूरी तरह से जल गईं थीं। इस घटना का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि इस घटना के पीड़ितों की यथासंभव मदद की जाए।

## राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के खंडवा में कांग्रेस को बताया डूबता हुआ जहाज

- रक्षा मंत्री बड़वानी में लोकसभा उम्मीदवार गजेंद्र सिंह पटेल के समर्थन में भी सभा को संबोधित करेंगे



**भोपाल। एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान खंडवा जिले के मांधाता में भाजपा उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब देश में राम राज्य है। उन्होंने भाजपा की लोकप्रियता की बात करते हुए सूरत में निर्विरोध जीत के साथ इंदौर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के चुनाव मैदान से हटने का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा डूबता हुआ जहाज है, जिसकी तली में छेद है।

इस जहाज को डूबने से कोई रोक नहीं सकता। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जो काम किया है, देश की जनता को उसका अहसास है। आज जब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है।

आप सभी लोग जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि बहनों-भाइयों, मुझे लगता है कि कांग्रेस भी डायनासोर की तरह लुप्त हो जाएगी। रक्षा मंत्री सिंह ने एक बार फिर एक देश एक चुनाव कराने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के अलग-अलग चुनाव का सिलसिला अब बंद होना चाहिए। ये चुनाव पांच साल में एक बार में एक साथ होने चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगली बार लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे। इसके लिए जो भी संशोधन करने की आवश्यकता होगी, हम करेंगे। खंडवा के बाद रक्षा मंत्री बड़वानी में लोकसभा उम्मीदवार गजेंद्र सिंह पटेल के समर्थन में भी सभा को संबोधित करेंगे। खंडवा और खरगोन-बड़वानी लोकसभा सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को मतदान है।

**परेशानी** | **सड़क का नाम तो बदला, मगर नहीं बदली तस्वीर**

# श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर पहुंच रहे लाटूधाम

**गोपेश्वर। एजेंसी**

चमोली जिले के देवाल क्षेत्र का मुख्य मोटर मार्ग थराली-देवाल-वाण मोटर मार्ग का नाम तो बदल कर नंदा देवी राजजात मार्ग रख दिया लेकिन सड़क की हालत में सुधार नहीं हुआ। ब्रह्म ताल, भेकलताल, वेदनी, आली, रूपकुंड बगुवावासा की सैर करने पहुंच रहे पर्यटक और ग्रामीण हिचकोले खा कर लाटू धाम वाण पहुंच रहे हैं।

प्रदेश सरकार एक ओर जहां मोटर सड़क को गढ्ढा मुक्त बनाने का दम भर रही है, वहीं नंदा देवी राजजात मार्ग जिसकी लंबाई 52 किलोमीटर है, पूरी सड़क का डामर उखड़ चुका है, पूरे मार्ग पर गढ्ढे ही गढ्ढे हैं। मार्ग पर यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है। मार्ग के गमलीगाड, उलंगरा, पिलखाडा, ल्वाणी, बगडीगाड, मुन्दोली, लोहाजंग, कुलिंग, बुराकोट, वाण के विभिन्न स्थानों पर सड़क बहुत खराब स्थिति में है। थराली देवाल विकास खंड की 40 हजार की आबादी के लिए यह सड़क परेशानी का सबब बन गई है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हीरा पहाड़ी, सुरेन्द्र सिंह, हीरा गढ़वाली ने कहा कि वर्ष 2014 में हुई राजजात यात्रा के समय इस मोटर मार्ग का डामरीकरण हुआ था, जो अब पूरे मार्ग पर उखड़ता जा रहा है। विभाग पैच भरान के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च कर चुका है लेकिन सड़क की दशा में कोई सुधार नहीं हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्रियों की घोषणा के बाद भी सड़क का सुधारीकरण और डामरीकरण नहीं हुआ है। सड़क खस्ताहाल है। सड़क की हालत को देखते हुए पर्यटक यहां आने से मुंह मोड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और रोगियों को लाने ले जाने में हो रही है।

- थराली देवाल विकास खंड की 40 हजार की आबादी के लिए यह सड़क परेशानी का सबब बन गई है



लोक निर्माण विभाग, थराली के अधिशासी अभियन्ता दिनेश गुप्ता का कहना है कि थराली-देवाल-वाण मोटर मार्ग के नंदकेशरी से मुन्दोली के बीच 13 किलोमीटर सड़क नवीनीकरण के लिए 186 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। टेंडर किए जा रहे हैं लेकिन ठेकेदार टेंडर नहीं भर रहे हैं। इससे सड़क सुधारीकरण नहीं हो पा रहा है।

## असफल छात्र न हों निराश, डांटने फटकार ने से बचें अभिभावक: बिष्ट



**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं व12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में असफल छात्रों को निराश नहीं होना चाहिए। असफल छात्रों के अभिभावकों से उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर बोर्ड के सभापति महावीर सिंह बिष्ट ने आग्रह किया है कि कम नंबर से पास होने या फिर फेल होने वाले छात्रों को शर्मिंदा करने या उन्हें डांटने-फटकारने से बचे। अभिभावकों को ऐसे छात्रों का हौसला बढ़ाने की जरूरत है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर बोर्ड के सभापति महावीर सिंह बिष्ट ने असफल होने वाले या कम अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि बेशक असफलता निराश और दुखी करती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते या फिर आपके भीतर कोई प्रतिभा है ही नहीं। आपके भीतर भी प्रतिभा है। जरूर है। बस आपको उसे पहचानने की जरूरत है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने माता-पिता से झूठ बोलने, परीक्षा में नकल करके पास होने या अध्यापकों से बहाने बनाने की बजाय आप जैसे हैं, वैसे ही रहने की कोशिश करें।

## एक नजर

### स्वः लीला देवी का स्मृति दिवस मनाया गया



**रामगढ़ ।** माले नेता कामरेड लालकुमार बेदिया की पत्नी स्वः लीला देवी का 4था स्मृति दिवस के मौके पर ग्राम-हेसला आदिवासी क्लब में माले कार्यकताओं,सदस्यों, पार्टी समर्थकों ने एकत्रित होकर सर्व प्रथम स्वः लीला देवी के चित्र पर माल्यार्पण कामरेड लालकुमार बेदिया ने किया। इसके तत्पश्चात बड़े पुत्र प्रेमदीप बेदिया, पुत्रवधू रुपा देवी, फूलचंद करमाली, महादेव राम,अनवर अंसारी,विजय प्रजापति,सावन बेदिया,सूरज बेदिया,सनी बेदिया, संतोष बेदिया,रोहित बेदिया,टिपू कुमारी, सारो कुमारी,प्रतिज्ञा कुमारी अन्य दर्जनों लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित करने के बाद 1 मिनट का श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम में भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य सह रामगढ़ प्रखंड सचिव सरयू बेदिया उपस्थित थे।

### 70 हजार बच्चों एवं अभिभावकों ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में अब जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सोमवार को बड़े स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में एक ही दिन में लगभग 70291 बच्चों व अभिवावकों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली। इस दौरान शिक्षकों सहित अन्य के द्वारा अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर जागरूक किया गया वहीं सभी मतदाताओं से उनके मतदान के महत्व को समझने एवं आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

### बीडीओ ने जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ की बैठक

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशांत कुमार मुखर्जी के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी डीलर के साथ-साथ स्वीप कोषांग के सदस्य, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अजीत कुमार तिवारी, स्वीप कोषांग के नोडल देवेंद्र कुमार, बीपीएम, जेएसएलपीएस, सभी नवनियुक्त पंचायत सचिव एवं प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे। बैठक में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदाताओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से रखा गया था। जिसमें सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

### ईवीएम/ वीवीपैट का किया गया प्रदर्शन



**गिद्दी।** लोकसभा निर्वाचन 2024कों लेकर स्वीप कोषांग डाडी प्रखंड के द्वारा बूथ न० 64,66,71 सहित प्रखण्ड के अलग अलग मतदान केंद्रों के संबंधित क्षेत्रों में इवीएम/भीभीपैट का प्रदर्शन किया गया।साथ ही डोर टू डोर विजिट का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्वीप कोषांग डाड़ी प्रखण्ड के सदस्य, बीएलओ, एसएच ग्रुप की सदस्यों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर तैयारियों को लेकर हुई बैठक

# सीएपीएफ के ठहराव के लिए सुविधाओं को मुक्कमल करने के निर्देश : डीसी

### सभी सीओ, बीडीओ व पुलिस पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश

संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतदान की तिथि नजदीक आने लगी है तथा सुगम और शांतिपूर्ण मतदान में लिए जिला प्रशासन भी तैयारियों को मुक्कमल करने में युद्ध स्तर पर जुट गईं है। इसी क्रम में आज 30 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सभी सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारियों के साथ तैयारियों के बाबत समीक्षा बैठक की गईं। बैठक में उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के पूर्व चिन्हित किए गए जिन विद्यालयों में सीएपीएफ की टीम निर्वाचन कार्य को लेकर ठहराव करेगी उन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाना अतिमहत्वपूर्ण हैं, जिसके अंतर्गत उन्होंने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानो के लिए आवासन, स्नानागार,शौचालय, बिजली, पंखा, मोबाईल चार्जर शॉकेट, पानी का



टैंकर, जेनरेटर एवं भवन मरम्मती कार्य को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंडवार चिन्हित केंद्रों में किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बचे हुए कार्यों का आकलन कर तय समय से एजेंसियों से कार्य समाप्त करने को कहा। उन्होंने गर्मी के देखते हुए सभी केंद्रो में अतिरिक्त पानी का टैंकर लगाने को कहा। उपायुक्त बल देते हुए कहा कि सभी केंद्रो में आवश्यक सुविधाओ को लेकर विभिन्न एजेंसियों द्वारा कार्य कराए जा रहे है उन सभी कार्यों को 10 मई तक पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में भी एएमएफ सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारीयों को समन्वय बनाकर प्राथमिकता के साथ कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त के आलावा, पुलिस अधिक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, कमांडेंट सीआरपीएफ मोहित कपूर, एसडीपीओ शिवाशीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी,सदर एवं बरही एसडीओ,सभी सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### स्ट्रॉन्ग रूम का डीसी ने किया निरीक्षण



**हजारीबाग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय एवं संत कोलंबा महाविद्यालय, हजारीबाग में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर, पंजी व आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, बरही एसडीओ व अन्य मौजुद रहे।

## जय प्रकाश भाई पटेल भरेंगे नामांकन पर्चा

# हजारीबाग इस बार राजनीतिक उलगुलान के लिए तैयार : जय प्रकाश भाई पटेल

संवाददाता

**हजारीबाग ।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद समाहरणालय भवन से समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में जिला स्कूल मैदान पहुंचकर जनसभा करेंगे। जनसभा में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत कई विधायक एवं पूर्व विधायक शिरकत करेंगे।



इंडिया अलायन्स के हजारों कार्यकताओं की लगेगी भीड़ नामांकन रैली और जनसभा को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं में उत्साह चर्म पर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ता जोर शोर से लगे हुए हैं। कांग्रेस समेत इंडिया अलायन्स के सभी दलों से मिलाकर हजारों कार्यकताओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारी संख्या में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ेगा।

**राजनीतिक उलगुलान कर इतिहास लिखेगा हजारीबाग : जेपी भाई पटेल**

नामांकन रैली से पहले जेपी भाई पटेल ने कहा कि झारखंडवासियों के खून में उलगुलान है। यहां के लोगों ने ही सबसे पहले अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ टेकलाल बाबू ने लड़ाई लड़ी थी। झारखण्ड आंदोलन में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए राज्यसभा में अलग राज्य का बिल पास कराया था। आगे कहा, जिस मकसद के साथ झारखंड को हमने लड़कर अलग कराया था, आज केंद्र की भाजपा सरकार उसे पूरा नहीं होने दे रही। यहां के जल जंगलों को पूंजीपतियों को सौंपा जा रहा है। सरना धर्म कोड को मोदी सरकार मंजूरी नहीं दे रही। खातियानी नियोजन नीति को भाजपा के इशारे पर रोक दिया गया मगर अब वक्त आ गया है उलगुलान करने का। हजारीबाग के मतदाता इस बार कांग्रेस को वोट कर के राजनीतिक उलगुलान करेंगे।

## श्रमिक हाई स्कूल प्लस टू की परीक्षा में कॉमर्स का परिणाम शत प्रतिशत रहा

# कला व विज्ञान में लड़कों ने लहराया परचम

संवाददाता

**गिद्दी।** श्रमिक हाई स्कूल प्लस टू अरगड्डा (इंटरमिडियट) का मंगलवार को परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कला में कुल 198 छात्रों में 169 छात्र उत्तीर्ण हुए। इनमें प्रथम 16, द्वितीय 128, तृतीया 25 व 29 छात्र अनुत्तीर्ण हुए। वहीं वाणिज्य में छात्रों का प्रदर्शन शत प्रतिशत रहा, इसमें कुल 13 छात्रों में 11प्रथम, 2छात्र द्वितीय हुए। जबकि विज्ञान में कुल 16 छात्रों में प्रथम श्रेणी में आठ, द्वितीय श्रेणी में एक बाकि 7 छात्र असफल हुए। संकाय कला में प्रथम टॉपर छात्र शिवा नायक 364 अंक, द्वितीय टॉपर पायल कुमारी 347 अंक, तृतीय टॉपर रवि कुमार 333 अंक, वाणिज्य में प्रथम टॉपर चांदनी प्रवीण 421 अंक, द्वितीय टॉपर तौशीफ अंसारी 383 अंक, तृतीय टॉपर बेबी कुमारी 354 अंकों के साथ रही। जबकि विज्ञान में प्रथम टॉपर दिवाकर कुमार 341अंक, द्वितीय टॉपर आदित्य नाथ भारती 340 अंक, तृतीय टॉपर जय सिंह 329 अंकों के साथ लाकर श्रमिक विद्यालय का परचम पूरे क्षेत्र में



लहराया है। परीक्षा फल प्रकासन के साथ अव्वल छात्रों के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि अधिकांश छात्र गरीब और संघर्षशील परिवार से जुड़े हुए है। इनके परिश्रम का फल परीक्षा परिणाम से हीं मिला है। इस अवसर पर प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे व अन्य शिक्षकों, छात्रों ने कड़ी मेहनत और लगन के कारण ही सफलता अर्जित होना बताया है। साथ ही लगन के साथ पढ़ते हुए मुकाम तक पहुंचाने की बातें कही है। कहा कि छात्रों की सफलता से विद्यालय और परिवार का नाम गौरवान्वित होता है। सफल छात्रों को निरंतर मेहनत करने और असफल छात्रों को पुनः विश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। सफल छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडेय, सहायक शिक्षक विकास प्रजापति, पिन्टु कुमार दास, मोहम्मद कैसर, सत्य प्रकाश, आदित्य कुमार, मोहम्मद आबिद हुसैन,शशि सुमन,मनोज कुमार, प्रेमजीत कुमार, अरुण पांडेय , दीपक कुमार शिक्षिका पूनम कुमारी, हेमन्ती कुमारी, ब्यूटी कुमारी, मनीषा कुमारी, सूची रानी ,अनामिका कुमारी, फरिश्ता, शबाना आदि शिक्षक, शिक्षिकाओं व सहपाठियों ने उज्जवल भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# मनीष जायसवाल के आगमन को लेकर रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष ने किया बैठक

संवाददाता

**रामगढ़ ।** भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ कैंट मंडल में भाजपा प्रत्याशी श्री मनीष जायसवाल जी का दौरा किया जाएगा आगामी 2 मई बृहस्पति बार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, आजसू नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल,के नेतृत्व में भाजपा केंट मंडल के सभी आठ वार्ड पर हजारीबाग लोकसभा एनडीए प्रत्यासी श्री मनीष जयसवाल जी सभी सक्ति केंद्र पर जनसंवाद ,नुक्कड़ सभा विभिन्न स्थानों पर किया जाना है भाजपा, आजसू नगर अध्यक्ष ने जगह जगह जा कर अपने पदाधिकारी तथा जमीनी कार्यकर्ता को जनसभा में सामिल होने का आग्रह किया गया सभी 11 स्थानों पर भाजपा आजसू कार्यकर्ता की उपस्तिथि में एनडीए प्रत्यासी की जीत की सुनिश्चित करने के लिए मोदी जी के द्वारा



दिए विभिन्न योजनाओं के बारे में जनता को बतलाएंगे और भाजपा के कमल फूल छाप पर मतदान करने के लिए आग्रह करेंगे जनता का काफी समर्थन भाजपा को मिल रहा है और और जनता का रुझान हे अबकी बार फिर मोदी सरकार को लाना है इस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिला के महामंत्री रंजन फोजी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नमेंद्र चंचल,लाभार्थी संयोजक सह विधान सभा सहसंयोजक विजय जयसवाल निवर्तमान मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो सरदार अनमोल सिंह,कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह ,शीतल सिंह, सुशांत पांडे ,मंत्री अभिशेख चौधरी, अजीत गुप्ता, मिथलेश मंडल, ब्रजेश पाठक, रोबिन गुप्ता, दीपक सोनकर, बरुण सिंह, सैयद किरमानी ,बिनोद कुशवाहा ,सुनील पासवान,मोहन पांडे, जगदीश शर्मा ,शिव कुमार गुप्ता, बिजेंद्र मुंडा,कुलदीप वर्मा, लेखराज महतो,राजू राठौड़,संजय श्रीवास्तव, तथा भाजपा समर्थक मौजूद थे ।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से दमखम से चुनाव लड़ेगी

**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मंजूर भवन नवाबगंज हजारीबाग मे महत्वपूर्ण बैठक डॉक्टर मिथिलेश दागी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, अजय कुमार सिंह बतौर पर्यवेक्षक मौजूद थे। नेताओं ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा के चुनाव दमखम के साथ लड़ेगी। 1977 से हजारीबाग लोकसभा के चुनाव लड़ रही है। दो बार कद्दावर नेता भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त दिया,कांग्रेस हजारीबाग लोकसभा की सीट चालीस बरसों मे नहीं जीत पाई है। जनता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार और अधिक वोटो से जीताकर लोकसभा भेजेगी भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस दोनों को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी को हराने की मादा रखती है।

### जे ई ई मेन्स में 99.2 प्रेसेंटाइल प्राप्त करने वाली स्तुति को किया गया सम्मानित



संवाददाता

**पतरातू।** जे ई ई मेन्स में 99.2 प्रेसेंटाईल प्राप्त करने वाली डी ए वी पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा स्तुति रानी को एन टी पी सी पतरातू के सी ई ओ आर के सिंह ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इनके साथ एन टी पी सी के एच आर हेड नीरज राय ने भी स्तुति को मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने एन टी पी सी के सी ई ओ आर के सिंह और एचआर हेड नीरज राय को पुष्प गुच्छ दे कर स्कूल प्रांगण में स्वागत किया। स्कूल की छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र के साथ स्वागत गान प्रस्तुत किया गया । एन टी पी सी के पदाधिकारियों द्वारा स्कूल की सफल छात्रा स्तुति रानी को जे ई ई मेन्स में 99.2 प्रेसेंटाईल अंक प्राप्त करने पर उनकी सफलता पर उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी और उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि पतरातु जैसे छोटे से जगह से डी ए वी स्कूल की बच्चों की इतनी अच्छी रिजल्ट सराहनीय है। स्कूल के प्राचार्य सहित सभी शिक्षको की कड़ी मेहनत के लिए उन्हें बहुत बहुत बधाई।

# बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास और दायित्व बोध आवश्यक : प्राचार्य

संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को लोकतांत्रिक तरीके से नवीन सत्र 2024-25 के लिए शिशु-बाल, किशोर तरुण एवं कन्या भारती का गठन विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बताया कि विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु मंदिरों में शिशु-बाल, किशोर-तरुण एवं कन्या भारती का गठन किया जाता है। इससे विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती है। भैया-बहनों के नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। यहां अध्ययन करने वाले भैया-




बहन सर्वगुण संपन्न हो, इसी उद्देश्य को लेकर शिशु मंदिरों में शिशु, बाल, किशोर, तरुण एवं कन्या भारती का गठन किया जाता है। इस दौरान चयनित पदाधिकारियों के साथ विद्यालय की व्यवस्था में छात्र-छात्राओं की भागीदारी के लिए विभित्र विभाग जैसे-वंदना, सांस्कृतिक स्वच्छता, अनुशासन, चिकित्सा, शारीरिक, योग, खेलकूद, खोया-पाया, जल, बागवानी, पुस्तकालय आदि का दायित्व भैया-बहनों के बीच आवंटन किया गया तथा दायित्व बोध कराया गया। मौके पर शिशु-बाल, किशोर तरुण एवं कन्या

**विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु मंदिरों में शिशु-बाल, किशोर-तरुण एवं कन्या भारती का गठन किया जाता है**

भारती के संयोजक शुक्ला चौधरी,शिशु भारती प्रमुख पूनम सिंह,दुर्गा प्रसाद बाल भारती प्रमुख गौतम कुमार,किशोर/तरुण भारती प्रमुख अमरदीप नाथ शाहदेव,कन्या भारती में विभिन्न वर्गों के प्रमुख कुमारी सुमन,ललिता गिरी,आरती झा,डॉ गायत्री ,प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना मौजूद थे।इस कार्यक्रम का संचालन बचुलाल तिवारी के द्वारा किया गया।

**इनका हुआ चयन –**

शिशु भारती- अध्यक्ष-रौनक कुमार, उपाध्यक्ष-आयुष कुमार ,सचिव-जगत नारायण राज, सहसचिव-भैया विराट कुमार, सेनापति-अभिजीत कुमार, उपसेनापति-धैर्यश झा

बाल भारती- अध्यक्ष-हर्ष कुमार झा ,उपाध्यक्ष-जिया कुमारी , सचिव-वर्षा कुमारी, सहसचिव-शेखर कुमार , सेनापति-शिवम कुमार साहु, उपसेनापति-कुणाल कुमार ।

# आरइओ कनीय अभियंता पंचतत्व में विलीन

संवाददाता

**रजरप्पा ।** रामगढ़ जिला आरइओ विभाग में कार्यरत कनीय अभियंता अक्षय विक्रम 40 वर्षीय का रांची स्थित इरबा कैंसर अस्पताल में सोमवार सुबह 11:00 निधन हो गया, बताया गया कि पिछले 6 महीना से बीमार चल रहे थे तथा कैंसर बीमारी से पीड़ित थे, सर्वप्रथम अभियंता का इलाज मुंबई स्थित कैंसर अस्पताल से कराया गया, वे लंबी समय से बीमारी थे। पुनः बाद में स्थिति काफी नाजुक हो गया और पुनः रांची इरबा कैंसर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था इस दौरान अस्पताल में निधन हो गया।

उनके निधन से पूरा गांव में मातम



छा गया परिवार में पूरा सन्नाटा पसरा उधर विभागिय अधिकारी काफी सदमे में है, सरकारी नौकरी में रहते हुए एक अच्छे अभियंता के रूप में रामगढ़ जिला में जाने जाते थे, जिला में कार्यों के प्रति बेहतर छवि बना हुआ था अपने विभाग के कार्यों को इमानदारीक पूर्वक करने का काफी अनुभव था 2007 बैच के अभियंता थे, उनके निधन से पूरे गांव में मातम का माहौल है । अक्षय विक्रम रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड अंतर्गत दुलमी गांव के निवासी थे, वे अपने पीछे दो पुत्र अंश 7 वर्षीय अंश कुमार एवं 3 वर्षीय वंश कुमार नन्हे मुन्ने बच्चे एवं धर्मपत्नी राखी देवी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए पिता के एकलौता पुत्र थे, अंतिम दाह संस्कार पैतृक गांव दुलमी स्थित दमुहा नाला शमशान घाट पर सोमवार देर शाम पंचतत्व में विलीन हुए। स्वर्गीय अभियंता एकलौता पुत्र के पिता जुगल किशोर महतो द्वारा मुखाग्नि दी गई व फफक्क रो पड़े निधन के बाद पूरा घर परिवार सहित पूरे गांव के लोग पूरे शौक में डूबे हुए हैं ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999